हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 18.11.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 116 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## भाजपा ने एक भी काम आदिवासियों, किसानों गरीबों के लिए नहीं किया : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामताड़ा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इन लोगों ने एक भी काम आदिवासियों, किसानों, गरीबों के लिए नहीं किया है। राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए उन्होंने क्या किया, कुछ नहीं। ये लोग देने वाले लोग नहीं लेने वाले लोग हैं। इनका कार्य लोगों को एक दूसरे से लड़ाने का है। हमलोग जाति धर्म से ऊपर उठकर कार्य करते हैं। सभी वर्ग को महागठबंधन सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री रविवार को जामताड़ा में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूरा विपक्ष का लोग झारखंड में डेरा डाले हुए हैं। इनलोगों को हमलोगों ने पांच साल सत्ता से बाहर रखा है। ये लोग सत्ता में आने के लिए छटपटा रहे हैं। लेकिन हमें इन्हें सत्ता से दूर



रखना है। ये लोग हमारे खनिज, जल, जंगल और जमीन पर इनकी नजर है। इसलिए हमें इन्हें मिलकर झारखण्ड से खदेड़ना है। इन लोगों ने मुझे जेल भेज कर सरकार गिराने का प्रयास किया, लेकिन महागठबंधन सरकार इनके आगे पहाड़ बनकर खड़ा है, जिसे डिगा पाना इनके बूते की बात नहीं। देश के संविधान को बचाने के लिए हमारी एकजुटता जरूरी है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा आने वाले दिनों में आपके घर में जाकर पदाधिकारी आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे। हम ऐसी कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रहें हैं। राज्य अलग हुए 24 वर्ष हो गए, इस झारखंड को देश का सबसे अमीर राज्य होना चाहिए था,यहां से पलायन रुकना चाहिए था। लेकिन उनकी गलत नीतियों की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई। इसलिए इस चुनाव में आप महागठबंधन की सरकार को मजबूत करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा हम लोगों ने पांच वर्ष तक आपके बीच में सेवा की है जो चुनौती हमने देखी है, वह राज्य अलग होने के बाद किसी सरकार को ऐसी चुनौती नहीं मिली थी। कोरोना संक्रमण काल में केंद्र सरकार एकाएक लॉकडाउन लगा देता है और यही गिरिडीह, जमुआ, गांडेय सहित अन्य क्षेत्र के हजारों लोग देश के विभिन्न राज्यों में फंस जाते हैं। केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार सभी को सड़कों पर छोड़ देती है। लेकिन आपकी गठबंधन सरकार ने आप सभी को सुरक्षित लाने में सफल हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि जिस सरकार के ऊपर गरीब गुरबा का आशीर्वाद हो उसे कोई कुछ नहीं कर सकता। गठबंधन की सरकार राज्य के गरीबों के हाथों को मजबूत कर रही है। भाजपा नहीं चाहता कि गरीब-गुरबा मजबूत हो, इसलिए इन्होंने चुनाव को भी समय से पहले कराने का काम किया है। हेमन्त सोरेन ने कहा हम लोगों ने झारखंड के लोगों को मजबूत करने के लिए बकाया बिजली बिल माफ किया, किसानों का कृषि ऋण माफ किया गया है, माता एवं बहनों को सम्मान स्वरूप सम्मान राशि प्रदान की गई। अब माता बहनों की सम्मान राशि दिसंबर से 2500 रुपया होने जा रहा है। आने वाले पांच वर्ष में हर परिवार तक एक लाख पहुंचाने का हम वादा करते हैं।

### जल रहा है मणिपुर, पर नहीं गए पीएम और गृह मंत्री : सीएम

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया है. सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मणिपुर जल रहा है, मगर प्रधानमंत्री जी, गृह मंत्री जी आजतक वहां नहीं गए। भाजपा को सिर्फ समाज को तोड़ने की राजनीति करनी आती है, जोड़ने की नहीं। सीएम ने दूसरे पोस्ट में लिखा है कि एक तरफ गरीब, वंचित, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक हैं, दूसरी तरफ भाजपा के पूंजीपति लोग हैं। चुनाव के बाद भाजपा के यह बाहरी लोग आपको टॉर्च लगाकर भी ढूंढने से नहीं दिखेंगे, नौ दो ग्यारह हो जाएंगे। आपकी अबुआ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में कोई जाति का भेदभाव नहीं होता। यदि आप आयकर देने में सक्षम नहीं हैं और आप झारखंडी हैं, तो आपको अपनी अबुआ सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा। चाहे वह माईयां सम्मान योजना हो, 200 यूनिट बिजली मुफ्त हो, अबुआ आवास हो या फिर 15 लाख का नि:शुल्क इलाज हो। इन सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सिर्फ दो ही मुख्य शर्तें हैं, जो आयकर देने में सक्षम नहीं हैं और जो झारखंडी हैं। इन्हें इन योजनाओं का लाभ जरूर मिलेगा। वहीं केंद्र की मोदी सरकार की कोई भी योजना उठाकर देख लीजिए, वह समाज को जाति-धर्म के आधार पर विभाजित करती है। हम जोड़ते हैं और जोड़ते रहेंगे।

## झारखंड में मंडराने वाले भाजपा नेता नहीं गए मणिपुर : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** कल्पना सोरेन ने रविवार को पाकुड़ और डुमरी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा- डबल इंजन की सरकार ने दोगुनी ताकत से झारखंड को पीछे लाने का कार्य किया। प्रदेश में भाजपा के बड़े-बड़े नेता मंडरा रहे हैं और ये उनकी सत्ता से दूर रहने की बेचैनी का प्रतीक है। शायद ही कोई बड़ा नेता बचा हो, जो झारखंड नहीं आए हैं। कुछ तो यहीं कैंप कर रहें हैं। भाजपा के लोग झारखंड में मंडरा रहें हैं, लेकिन मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को देखने नहीं गए।



कल्पना ने कहा भाजपा जब सत्ता में रही, तो हजारों स्कूल बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया। इन्होंने करीब 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर लोगों को अन्न के अधिकार से वंचित कर दिया। यहां के विकास का पैसा केंद्र सरकार द्वारा भाजपा शासित राज्यों को भेजकर झारखंड के लोगों के साथ अन्याय किया। लेकिन महागठबंधन की सरकार ने लोगों को उनका अधिकार दिया, उत्कृष्ट विद्यालय शुरू कर बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। हम आधी आबादी को मजबूत करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहें हैं। यह राशि अब एक हजार से 2500 होने वाली है। कल्पना सोरेन ने कहा पहले चरण के मतदान में महिलाओं ने खुलकर भागीदारी निभाई है। इससे यह साफ साबित होता है कि महागठबंधन सरकार की मंईयां सम्मान योजना और महिलाओं के लिए शुरू की गई योजनाओं के प्रति उनका विश्वास गहराया है।

## मणिपुर में मुख्यमंत्री आवास पर हमले का प्रयास, सात जिलों में इंटरनेट सेवा प्रतिबंधित



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में स्थिति लगातार जटिल होती जा रही है। जिरीबाम में अपहरण एवं हत्या तथा इसके बाद राज्य के छह जिलों में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) लगाने के बाद लोग उत्तेजित हो गए। इन बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने इम्फाल ईस्ट जिले के हीनगांग स्थित मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के निजी आवास पर शनिवार को हमले का प्रयास किया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों की भारी तैनाती के कारण भीड़ को मुख्यमंत्री आवास के आसपास 500 मीटर के दायरे में घुसने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य भर में कई मंत्रियों और विधायकों के आवासों को भी निशाना बनाया। घरों और वाहनों सहित संपत्तियों की तोड़फोड़ की। 14 नवंबर को इंफाल पश्चिम के सेकमाई और लामसांग, इंफाल पूर्व के लामलाई, बिष्णुपुर के मोइरांग, कांगपोकपी के लेइमाखोंग और जिरीबाम जिले के इलाके में आफ्सपा लागू कर दिया गया था। जिसके बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। इसे लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री आवास पर हमले का प्रयास किया गया और मंत्री व विधायक आवासों को निशाना बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार मणिपुर सरकार ने केंद्र से प्रभावित क्षेत्रों में आफ्सपा को लेकर पुनर्विचार करने और उसे वापस लेने का आग्रह किया है। इसी बीच मणिपुर सरकार ने भड़काऊ सामग्री के प्रसार को रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य के सात जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर शामिल हैं। गृह विभाग द्वारा आदेश जारी कर 16 नवंबर को शाम 5:15 बजे से दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इम्फाल में भाजपा विधायक लीशांगथेम सुसिंड्रो मीतेई के आवास को नुकसान पहुंचाने के लिए पहुंची भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को हवाई फायरिंग और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। कुल मिलाकर मणिपुर की स्थिति लगातार जटिल होती जा रही है।

## आज खत्म होगा दूसरे चरण का चुनाव प्रचार : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर 20 नवंबर को होगा मतदान
- निजी वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर होगी कार्रवाई

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि सोमवार 18 नवंबर की शाम को दूसरे चरण का प्रचार अभियान थम जाएगा। 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। उन्होंने कहा कि साइलेंस पीरियड शुरू होते ही जो लोग चुनाव प्रचार आदि कार्य से मतदान वाले क्षेत्र में गये हैं, उन्हें वहां से तत्काल निकलना होगा। ऐसा नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी। इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निजी





वाहन पर किसी तरह का बोर्ड, बैनर आदि लगा कर चलने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे चेकिंग करें और किसी भी वाहन पर बोर्ड, बैनर आदि मिलने पर मोटर व्हैकिल नियमों के तहत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। वहीं महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है। 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। जबकि, युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 196 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक 85 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया गया है।

## मंत्री कैलाश गहलोत ने दिया आम आदमी पार्टी और सरकार से इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने राजधानी में चुनाव से 3 महीने पहले पार्टी और सरकार दोनों से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि पार्टी और सरकार अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है और दिल्ली की जनता के बजाय राजनीतिक एजेंडा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को



केवल दो लाइनों में उन्होंने इस्तीफा लिखा है, लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे इस्तीफे में उन्होंने विस्तार से इसके पीछे के कारणों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लोगों के प्रति प्रतिबद्धता का स्थान ले लिया है। इसी के चलते जनता को किए गए कई वादे अधूरे हैं। इस संदर्भ में उन्होंने दिल्ली में यमुना की सफाई के वादे का उल्लेख किया। अपने पत्र में गहलोत ने मुख्यमंत्री आवास पर करोड़ों का खर्च कर हुए निर्माण कार्य से जुड़े विवाद 'शीश महल' का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे बहुत से लोगों के मन में संदेह पैदा हुआ है कि क्या हम अब भी आम आदमी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के बजाय हम राजनीतिक एजेंडा के लिए ज्यादा लड़ाई लड़ रहे हैं।

## खूंटी में एटीएम काटकर बदमाशों ने उड़ाये 12.21 लाख रुपये

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर चोरों ने 12 लाख 21 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिये। घटना शनिवार की रात दो से ढाई बजे की है। मामले की जानकारी मिलने पर रविवार की सुबह एसपी अमन कुमार, डीएसपी, मुरहू थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा सहित कई पुलिस पदाधिकारी और बैंक के शाख प्रबंधक बिचना पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुरहू पुलिस ने रविवार की सुबह एटीएम के बाहर टूटे हुए ताले, दो पेचकस और एक लोहे की रॉड भी बरामद किया है। घटना की जानकारी के बाद एफएसएल, डॉग स्क्वायड की टीम भी एसबीआई





बिचना पहुंची एवं घटना की गहन जांच में जुट गई। एटीएम मैनेज करने वाली एजेंसी सीएमएस द्वारा रविवार को मुरहू थाने में एटीएम में चोरी को लेकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एसबीआई बिचना के ब्रांच मैनेजर संदीप कुमार ने बताया कि बीती रात लगभग दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात लोगों द्वारा गैस कटर से एटीएम काटकर 12 लाख 21 हजार रुपये की चोरी की ली। उन्होंने बताया कि सीएमएस एजेंसी द्वारा शनिवार शाम को ही एटीएम में पैसे डाले गए थे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी में दिख रहा है कि दो लोग गैस सिलिंडर लेकर चहारदीवारी फांदकर शनिवार रात को बैंक परिसर में घुसे और एटीएम के शटर में लगे। ताले को काटकर एटीएम का शटर उठाया एवं गैस कटर के मदद से एटीएम को काटकर उसमें रखे सभी पैसे चुरा लिए। बैंक मैनेजर ने बताया कि रविवार को रिकॉर्ड के मिलान के बाद पता चला कि एटीएम में 12 लाख 21 हजार रुपये थे। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना के बाद एटीएम में आग भी लग गयी। यह आग चोरों द्वारा जानबूझ कर लगाई गई या शार्ट सर्किट के कारण लगी, इसकी जांच की जा रही है। एटीएम में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम भी एसबीआई बिचना पहुंची और आग पर काबू पाया। बैंक मैनेजर ने बताया कि सुनसान इलाका होने की वजह से रात में गार्ड नही रहते हैं, लेकिन बैंक का सर्विलांस सिस्टम को काफी मजबूत किया गया है। चोरी के दौरान अलार्म भी बजा लेकिन सुनसान स्थान होने के कारण आवाज को कोई सुन नहीं सका और चोर अपने मंसूबे में सफल रहे। उन्होंने बताया कि लगातार पुलिस टीम द्वारा गश्ती भी की जाती है। इसके बावजूद चोरों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। एसबीआई बिचना में चोरी मामले में एसपी अमन कुमार ने बताया कि गैस कटर से एटीएम काटकर चोरी की घटना के बाद खूंटी पुलिस मामले को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा बताया गया कि 12 लाख 21 हजार रुपये की चोरी हुई है। एसपी ने बताया कि चोरी की घटना के बाद रविवार की सुबह एफएसएल के एक्सपर्ट को बुलाया गया और बैंक परिसर स्थित एटीएम के आसपास से फिंगर प्रिंट लिया गया। साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम भी बुलाई गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। एसपी ने बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए खूंटी, मुरहू एवं सोयको थाना के पुलिस पदाधिकारियों की एक विशेष एसआइटी का गठन किया गया है, जो जल्द ही मामले का उद्भेदन करेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बिचना स्थित एसबीआई की एटीएम में 21 फरवरीए 2022 को चोरों ने आग लगा दी थी। चोरी की नीयत से चोरो ने एटीएम को तोड़ा था, लेकिन एटीएम खाली थी। नयी एटीएम लगाने के लिए पुरानी एटीएम को खाली कर दिया गया था। वहां रकम नहीं मिलने पर चोरो ने एटीएम में आग लगा दी थी।

## एक नजर

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर मिली धमकी, मामला दर्ज

**मुंबई :** मुंबई स्थित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर शनिवार को धमकी भरा फोन मिलने के बाद पुलिस एलर्ट हो गई है। रिजर्व ऑफ इंडिया की सुरक्षा रक्षक की तरफ से इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एमआरए पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार शनिवार को अज्ञात व्यक्ति ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर केयर नंबर पर फोन कर कहा कि वह लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है, पीछे का रास्ता बंद कर दीजिए, इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है। इसके बाद फोन करने वाले ने फोन डिसकनेक्ट कर दिया। फोन कॉल के बाद बैंक के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

### पंजाब सीमा से बीएसएफ ने तीन ड्रोन व हेरोइन की खेप पकड़ी

**चंडीगढ़ :** सीमा पार से होने वाली ड्रोन घुसपैठ को असफल बनाते हुए बीएसएफ ने तीन पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने रविवार सुबह बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस की सूचना पर अमृतसर बॉर्डर एरिया में सर्च करते हुए दो डीजेआई मविक 3 क्लासिक ड्रोन तथा एक चीन में निर्मित डीजेआई एयर 3एस ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ ने एक ड्रोन के साथ बंधे पीले रंग के पैकेट की तलाशी ली तो उसमें 540 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए सभी ड्रोन का इस्तेमाल सीमा पार नशे व हथियार तस्करी के लिए किया जाता है। आश्चर्यजनक बात ये है कि सीमावर्ती क्षेत्र से बीएसएफ द्वारा अक्सर पाक निर्मित ड्रोन पकड़े जाते हैं, लेकिन इस बार एक चीन निर्मित ड्रोन मिलने से जांच का एंगल अलग हो गया है। इससे पहले चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश व अन्य क्षेत्रों से घुसपैठ की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है लेकिन पंजाब से चीन निर्मित ड्रोन मिलने से कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो रही हैं। इस मामले में बीएसएफ अधिकारी आधिकारिक स्तर पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

### कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्व नहीं दिया : योगी

**मुंबई :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने रविवार को कोल्हापुर की चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को महत्वपूर्ण नहीं समझा। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की विभाजन नीति का ही परिणाम है कि देश का विभाजन हो गया। कांग्रेस के कालखंड में आतंकवाद बढ़ा, लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी ने भी देश की ओर टेढ़ी नजर से नहीं देखा। ये नया भारत है, कोई छेड़ेगा तो उसे छोडेंगे नहीं। योगी आदित्यनाथ आज कोल्हापुर जिले में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्य नाथ ने कहा कि ये चुनाव न सिर्फ सत्ता के लिए, बल्कि महाराष्ट्र और देश के लिए भी अहम है। एक तरफ एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ नैतिकता से रहित गठबंधन है। महाविकास अघाड़ी में नूरा कुश्ती चल रही है। पवार और ठाकरे के बीच लड़ाई चल रही है और वे खुद को और देश को खतरे में डाल देंगे।

### यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच का है : तेजस्वी यादव

**दुमका :** झामुमो के जामा विधानसभा प्रत्याशी डॉ लुईस मराण्डी के समर्थन में चुनावी सभा में बिहार के पूर्व मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड चुनाव का नतीजा पूरे मुल्क को प्रभावित करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओ के बीच का है। एक तरफ तलवार बांटने वाले, नफरत फैलाने वाले, संविधान को नहीं मानने वाले है, तो दूसरी तरफ प्यार की बात करने वाले, भाईचारे रखने वाले, कलम बांटने वाले, संविधान व लोकतंत्र को बचाने की बात करने वाले, जमुरियत की बात करने वाले लोग है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी का मतलब बड़का झूठा पार्टी है।

# जेएमएम-कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य को विकास के मानकों पर पिछड़ा बना दिया : नेहा महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गिरिडीह :** जेएमएम-कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य को विकास के मानकों पर पिछड़ा बना दिया है। इन्हें सत्ता से हटाने की तैयारी राज्य की जनता ने कर ली है। डुमरी विधानसभा की जनता की हर समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। डुमरी के विकास के लिए जनता यशोदा देवी और उनके परिवार के 20 वर्षों की सेवा और संघर्ष को इसबार मौका देगी। यह चुनाव झारखंड आंदोलनकारी दिवंगत दामोदर महतो के सपनों का सुखी, संपन्न और समृद्ध डुमरी बनाने का है।
ये बातें रविवार को नेहा महतो ने डुमरी विधानसभा की एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में नावाडीह प्रखंड अंतर्गत देवी महतो इंटर कॉलेज से नावाडीह ब्लॉक मोड़ तक आयोजित जनसंपर्क पदयात्रा के कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने जनता से राज्य में



एनडीए सरकार बनाने के लिए यशोदा देवी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पदयात्रा में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खाली पड़े पदों को भरने में विफल और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने में विफल रही सरकार ने युवाओं के सपनों को तोड़ा है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार जाने वाली है और एनडीए की सरकार आने वाली है। एनडीए सरकार आते ही हम एक साल के अंदर रिक्त पड़े सभी सरकारी पदों को भरेंगे। युवाओं के लिए राज्यभर में व्यापक इंटर्नशिप योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत युवाओं को 6 से 25 हजार प्रति माह तक इंटर्नशिप राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान एनडीए सरकार में हुआ है और आगे भी होगा। एनडीए सरकार में शिक्षक, सिपाही एवं पंचायत सेवकों के 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित और अन्य सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। महिलाओं के नाम एक रुपए में जमीन रजिस्ट्री का नियम, जिसे इस सरकार ने हटा दिया है, उसे पुनः लागू किया जाएगा। इस मौके पर यशोदा देवी ने कहा कि डुमरी की जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है। यहां एक पार्टी को मौका तो जनता ने दिया लेकिन उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। यह समय बदलाव का है। डुमरी के भविष्य के लिए यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डुमरी के आदिवासी छात्रों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए हम संकल्पित हैं। इसके लिए एकलव्य विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोनार नहर योजना को लागू किया जाएगा। इससे सिंचाई के लिए सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और फसलों का उत्पादन बढ़ेगा।

## एक नजर

### ठंड बढी, न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। तापमान में भी काफी गिरावट देखी जा रही है, रविवार अहले सुबह 14 डिग्री सेल्सियस तापमान देखा गया। ठंड से बचने के लिए लोग घर में रखे गर्म कपड़ों को निकाल रहे हैं ताकि ठंड से बचा जा सके। ठंड को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बताया कि सबसे ज्यादा सावधानी उन लोगों के लिए है जो निरंतर ब्लड प्रेशर की दवा खाते हैं ,उन्हें रोजाना दवा खाते रहना है। बुजुर्गों को ठंड से बचने के लिए घर पर रहने की जरूरत है क्योंकि बुजुर्गों में चर्बी कम हो जाने के कारण बुजुर्गों को ज्यादा ठंड लगती है। वैसे सभी लोगों के लिए ठंड में पीने या नहाने के लिए निरंतर हल्का गर्म पानी का सेवन करना चाहिए। अगर आप घर से बाहर निकलते हैं तो गर्म कपड़ा पहन कर कान को टोपी मफलर से अच्छी तरह से ढक कर निकले । बड़कागांव तमाम स्वास्थ्य केंद्र में बीडीओ, सीओ साहब से अलाव व्यवस्था के लिए जलावन उपलब्ध कराने की मांग करेंगे ताकि रात में डिलीवरी पेशेंट या अन्य कोई पेशेंट आते हैं तो उन्हें ठंड से बचाया जा सके।

### उप विकास आयुक्त ने सामग्री वितरण एवं ईवीएम वितरण स्थल का किया निरीक्षण

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत द्वितीय चरण के मतदान को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के द्वारा संत कोलंबस कॉलेज में सामग्री ,एशट, नियुक्ति पत्र वितरण स्थल का निरीक्षण किया। विधानसभा चुनाव के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने सामग्रियों की उपलब्धता के अलावा विधानसभा के निर्धारित मतदान दलों को सामग्री की आपूर्ति को लेकर कोषांग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सामग्री कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की सामग्री का चुनाव के दौरान अभाव नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए प्रर्याप्त साइन साइनेज लगाने का निर्देश दिए ताकि सामग्री व ईवीएम के लिए सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने ईवीएम वितरण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके सामग्री कोषांग के नोडल श पंकज तिवारी मौजूद थे। गौरतलब है कि 20 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान होने है।

### जहरीली शराब से मौत मामले में आबकारी विभाग ने की जांच

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मझिआंव थानांतर्गत नगर पंचायत के लोहरपुरवा गांव में जहरीली शराब से मौत का मामला प्रकाश में आने के बाद आबकारी विभाग भी रेस हो गया है। शनिवार को विभाग के सब इंस्पेक्टर निर्मल मरांडी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। लोहरपूरवा मोड़ के समीप पिछले दिनों नयन तारा कुंवर के यहां शराब पीने से दिहाड़ी मजदूर 40 वर्षीय शशि बैठा की मौत हो गई थी। विभाग की टीम ने अवैध शराब बेचने वाली महिला नयनतारा कुंवर से घटना के बारे में पूछताछ की गई। साथ ही अवैध महुआ देसी शराब की भी जांच की गई। शुक्रवार को थाना प्रभारी आकाश कुमार की ओर से जांच के क्रम में शराब रखने का डब्बा, डिस्पोजेबल ब्लास सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया था। मालूम हो कि अवैध शराब विक्रेताओं के पास शराब पीने से एक पखवाड़े के अंदर दो लोगों की मौत हो चुकी है।

## खाना से जहर को दूर करने के साथ पैसे कमाने की मुहिम में जुड़ रहे लोग : डॉ कैलाश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के पैराडाइज बैंक्वेट हॉल में रविवार को स्पीड कॉन्टेक्ट फार्मिंग कंपनी के द्वारा सेमिनार का आयोजन शिवशंकर पंडित के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर डॉ कैलाश दिवान और स्पीड कॉन्टेक्ट फार्मिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय साव को बुके व पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कैलाश दिवान ने स्पीड कॉन्टैक्ट फार्मिंग कम्पनी के विशेषताओं को बारीकी से बताया। उन्होंने सेमिनार में आये चौपारण सहित हजारीबाग के किसान व गणमान्य को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर आदमी के थाली में जहर जैसी भोजन परोसा जा रहा है। जिसका नतीजा है कि आज से चार-पांच दशक पूर्व के लोगो की आयु 100 से 120 वर्ष की हुआ करती थी। पर अब अधिक उपज के लालच में जहरीली खाद का उपयोग वाला अनाज खाने से लोगो की उम्र आधी के लगभग हो गई है। इस जहर को हम सभी ऑर्गेनिक खाद से अमृत में बदल सकते हैं। कहा जा रहा है कि पूरे देश को 2036 तक ऑर्गेनिक मय बनाया जाएगा। जिसकी शुरूवात देश के कई शहरों के साथ विदेशों में भी हो चुकी है। साथ ही झारखंड के हजारीबाग में भी शिवशंकर पंडित के नेतृत्व में शुरू कर दिया गया है। एमडी साव ने कहा कि जैविक खाद सह केंचुवा खाद से उपजा खाद्य पदार्थ खाने से आज के दिन में जितने बीमारी से लोग जूझ रहे हैं, वह कम हो जाएगा। साथ ही कहा कि केंचुवा खाद बेरोजगारों को रोजगार और बहुत ही कम समय मे पूंजीपति भी बना देगा।

## अटल विचार मंच प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अटल विचार मंच के मांडू विधानसभा के प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा ने मांडू विधानसभा अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों में धुवांधार जनसंपर्क अभियान चलाकर अटल विचार मंच को समर्थन देने हेतु डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला कर समर्थन देने की अपील आम नागरिकों से किया। इस कार्यक्रम में जनता का अभूतपूर्व समर्थन देखने को मिल रहा है। प्रखंड के ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक स्वागत किया। ग्रामीण मतदाताओं ने ठान लिया है कि इस बार हजारीबाग के लोकप्रिय पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा जी के द्वारा नवगठित अटल विचार मंच के प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा को ही विधायक के रूप में मौका दिया



जाएगा। इस बार मांडू विधानसभा में बदलाव होकर रहेगा। यह पहला मौका है जब हमारे बीच का कोई उम्मीदवार विधान सभा चुनाव में आगे आया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर कोई मांडू विधानसभा में विकास कर सकता है तो वह हमारा लोक प्रिय प्रत्याशी बिपिन जी ही हैं और कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इनके पास धन बल नहीं है ये आम जनता के भरोसे ही चुनाव में उतरे हैं। हम सबों का परम कर्तव्य बनता है कि बल्लेबाज छाप पर बटन दबा कर प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा के हाथों में इस बार मांडू विधानसभा के विकास करने के लिए और क्षेत्र का भविष्य संवारने के लिए इसकी कमान सौंपने का प्रण जनता ने किया है। ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक अटल विचार मंच के प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा का स्वागत फूल माला एवं ढोल नगाड़ों के साथ उत्साह पूर्वक किया।

### राधास्वामी संगठन ने किया नियुक्ति पत्र वितरित

## जन-जन तक संस्था की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य : शिवशंकर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू) :** रविवार को स्थानीय पुलिस लाईन स्थित जिला कार्यालय में स्वयंसेवी संस्था राधास्वामी संगठन के द्वारा मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं विभिन्न पंचायतों के कार्डिनेटर का नियुक्ति पत्र का वितरण जिला संयोजक शिवशंकर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर प्रखंड समन्वयक रंजय कुमार,वार्ड कार्डिनेटर चन्दन कुमार, आदित्य ठाकुर,रेखा द्विवेदी,सुशील कुमार चंद्रवंशी, खुशबू गुप्ता,नीतू देवी, भरत द्विवेदी, राजेश कुमार पासवान, असदुल्ला अंसारी, कांति देवी, रामावती देवी, सुधा देवी, पूनम पाल, ज्योति कुमारी, रंजू देवी,माया देवी,ममता उरांव, पार्वती देवी,सबाना प्रवीण समेत कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला संयोजक शिवशंकर प्रसाद ने कहा कि राधास्वामी संगठन जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध संस्था है जो कन्या के विवाह हेतु 51 हजार रुपए का सहयोग करती है। इसके अलावा 40% सब्सिडी पर दोपहिया वाहन और चारपहिया वाहन प्रदान करती है। साथ ही शिक्षा योजना और आवास योजना भी संस्था द्वारा संचालित की जाती है। इसके अलावा ऋद्धउऋ योजना भी संचालित की जाती है।

## बरही में कांग्रेस की विधानसभा बूथ स्तरीय कमेटी की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही हाउस में कांग्रेस पार्टी की बरही विधानसभा स्तरीय बूथ कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू की मां साबी देवी, भाई मेघनाथ साहू भी उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकताओं ने कांग्रेस के प्रति हुए मतदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और समीक्षा की। पूरे समीक्षा के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा गया। वहीं उन्होंने कहा कि हमारी जीत सुनिश्चित है। वही कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि आप लोगों का मेहनत जरूर रंग लाएगा। कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता बूथ स्तर तक लड़े और काफी मेहनत किया। जिसका परिणाम 23 को देखने को जरूर मिलेगा। मौके पर ओबीसी कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, चौपारण कांग्रेस प्रखंड प्रभारी बैजू गहलोत, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बर्नवाल, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, बीरबल साहू, लालेश साहू, छोटन ठाकुर, बिश्नुधारी महतो, संतोष रजवार, भोली पासवान, छोटी राम, टिंकू साहू, राजेश गुप्ता, विकाश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हत्या के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** शहर थाना की पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी बिहारी भुइया और अनीश भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया कि 14 जुलाई 2024 को शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा दो नंबर टाउन कुम्हार टोला निवासी विकाश भुइयां को आपसी विवाद में उसी मोहल्ला के बिहारी भुइया,मनीष भुइयां और अनीश भुइयां उर्फ बौना ने तलवार,भुजाली तथा चाकू से मारकर घायल कर दिया था इसके



बाद परिजनों द्वारा विकाश भुइयां को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने विकाश भुइयां को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था इलाज के लिए रांची रिम्स जाने के क्रम में लातेहार में विकास की मौत हो गई थी। उसके मौत के बाद से तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। फरार आरोपियों को शहर थाना की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी इसी बीच टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह,मुकेश सिंह,राजेश चंद्रवंशी और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की दोनो आरोपी बिहारी भुइयां और अनीश भुइयां अपने घर पर हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपी बिहारी भुइया और अनीश भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी मनीष भुइयां अभी भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी गई है।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद के देवरी रोड में छोटी कुमारी (19 वर्षीय) अपने कमरे में मृत पाई गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि, छोटी कुमारी का पति सुभाष शर्मा हुसैनाबाद की एक दुकान में काम कर रहा था। इसी बीच सुभाष की मां ने उसे फोन कर बताया कि उसकी पत्नी छोटी कुछ बोल नहीं रही है। जिसके बाद घर पर एंबुलेंस भी मंगाया गया, लेकिन एंबुलेंस आने पर घर के लोगों ने कहा कि मरीज ठीक है अस्पताल नहीं जाना है। वहीं, जब सुभाष अपने घर पहुंचा तो पाया कि उसकी पत्नी जो सात माह की गर्भवती है मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़ी है। इसके बाद सुभाष ने इस घटना कि सूचना अपने ससुर और हुसैनाबाद थाने में दी। वहीं, हुसैनाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के समर्थन में जुटे मनोज यादव




**बरही :** झरिया विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। इसी क्रम में यादव महासभा द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के समर्थन में जोरदार अपील की गई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने झरिया क्षेत्र के विकास और भाजपा के संकल्पों पर प्रकाश डाला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यादव महासभा के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे इस बार झरिया विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट हैं। महासभा के सदस्यों ने कहा कि झरिया क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और समग्र विकास केवल भाजपा के नेतृत्व में संभव है। भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र ने लंबे समय से विकास की राह देखी है। भाजपा ने हमेशा से जनता के हितों को प्राथमिकता दी है, और रागिनी सिंह के नेतृत्व में झरिया का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने केंद्र और राज्य में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनका लाभ झरिया की जनता को भी मिलेगा। उन्होंने यादव समाज से अपील की कि वे एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएं।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बिरसा मुंडा जयंती सह विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में भगवान बिरसा मुंडा जंयती सह विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के गणमान्य व्यक्ति त्रिवेणी साव, रोहित जी, सुरेश जी, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, दयानन्द चौरसिया कोडरमा जिला सह संचालक, पंकज त्यागी पीजीटी, रसायन विज्ञान गौरियाकर्मा, प्लस टू विद्यालय, ईरशाद आलम मलेरिया सुपरवाइजर अनुमंडलीय अस्पताल बरही के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। भगवान बिरसा मुंडा का जीवनी परिचय आचार्य अनमोल शिवम एवं जूली कुमारी ने करवाया। परिचय के क्रम में उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। आगंतुक अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने करवाया। धन्यवाद ज्ञापन साहू समाज मुखिया सुरेश साहू ने करवाया। उपरोक्त कार्यक्रम में कुल 82 मॉडल का प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिशु वर्ग से 12 मॉडल, बाल वर्ग से 39 मॉडल और किशोर वर्ग 31 मॉडल भैया बहनों ने बनाकर भाग लिया। प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने कहा कि विद्या भारती योजना के तहत ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जो कि भैया बहनों को अपने मानस पटल पर उभरते भावों को धरातल पर उतारने का अवसर प्रदान करती है। उपरोक्त कार्यक्रम मनीष कुमार सिन्हा के उचित मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। मॉडल का अवलोकन दयानन्द चौरसिया, पंकज त्यागी, ईरशाद आलम ने किया। जिसमें शिशु वर्ग से प्रथम नीरज पंडित, द्वितीय आराध्या कुमारी और तृतीय आरोही जायसवाल। बाल वर्ग से प्रथम आद्या प्रियदर्शी, द्वितीय प्रिंस राज, तृतीय सौरभ निषाद और किशोर वर्ग से प्रथम शिवम केशरी, द्वितीय कृष पंडित, तृतीय वर्षा राज ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

### जेएलकेएम के कृष्णा यादव ने अपने समर्थकों सहित सभी मतदाताओं का जताया आभार



**बरही :** बरही विधानसभा जेएलकेएम प्रत्याशी कृष्णा यादव ने विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन समेत अपने समर्थकों एवं बरही विधानसभा के सभी सम्मानित मतदाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान प्रशासन और जनता के सहयोग से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ, जिसके लिए वह सभी संबंधित पक्षों का धन्यवाद करते हैं। कृष्णा यादव ने बरही की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि परिणाम चाहे जो भी होगा लेकिन वह सदा जनता के बीच रहेंगे, उनके सुख दु:ख का हिस्सा बनेंगे, आम आवाम के समस्याओं का निदान करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

### खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की हुई बैठक



**बड़कागांव :** खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की विशेष बैठक लंगातु कार्यालय में की गई । जिसकी अध्यक्षता खनन स्थापित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद महतो एवं संचालन कृष्ण राम पंसस ने किया । बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति को मजबूत करना और अपना हक अधिकार को नियमावली के तहत मांग रखना । अध्यक्ष गोविंद महतो ने कहा कि अगला बैठक 30 तारीख को 10 बजे दिन 14 माईल , बिजली सब स्टेशन के पास पंकरी बरवाडीह में रखा गया है । जिसमे समिति के सदस्य अपना विचार रखेंगे साथ ही आगे की रणनीति को बढ़ाया जायेगा । रामचंद साव ने कहा की अब हमलोगो को चुप नहीं रहना है प्रभावित, विस्थापितों की की समस्या एवं रोजगार के लिए संगठित होना होगा । बैठक में मुख्यरूप से गोविंद महतो,कृष्ण राम, रामचंद्र साव,मो बरकत अली,मो कलाम,बिरेंद्र ओझा,कामेश्वर महतो,प्रदीप राम, अमरजीत रविदास,मनोज साव, सोनू साव,भुनेश्वर साव,पवन महतो,खेमलाल महतो,मुकेश भुईया, रामशरण महतो,अर्जुन तिवारी, समिति के सदस्य गण उपस्थित थे ।

## एक नजर

### अजहर पर किया गया बम से हमला हार की हताशा का परिणाम : बाबूलाल

रांची : पाकुड़ विधानसभा से आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम ने दावा किया है कि उनके काफिले पर बम से हमला हुआ है। अजहर के इस दावे के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से झामुमो और कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। बाबूलाल ने अपने पोस्ट में लिखा है कि हार की हताशा में झामुमो-कांग्रेस एनडीए प्रत्याशियों पर जानलेवा हमले करा रही है। पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर बम से किया गया जानलेवा हमला इसी बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ लोकतंत्र में ऐसे हमलों की कोई जगह नहीं है। धनबल के सहारे चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करने वाले झामुमो-कांग्रेस को जनता करारा जवाब देगी। साथ ही बाबूलाल ने ईसीआई से मामले पर संज्ञान लेने को कहा है। बाबूलाल ने लिखा है कि ईसीआई इस मामले का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करे।


### रांची के हरमू बाजार परिसर से हटाया अतिक्रमण

रांची : राजधानी रांची के हरमू रोड के आसपास से आज अतिक्रमण हटाया गया। रांची के प्रसिद्ध बाजारों में से एक हरमू बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। हरमू में रोड के किनारे जितनी भी दुकानें थी, सभी को हटाया गया है। सड़क के किनारे दशकों से ये बाजार चल रहा था लेकिन आज यहां सन्नाटा पसर है। निगम का कहना है कि पिछले 16 तारीख को ही आदेश आ गया था और हमने लोगों को अल्टीमेटम का समय भी दिया था। निगम कर्मियों का कहना कि हम भी मजबूर हैं। हम भी ड्यूटी कर रहे। हम कुछ नहीं कर सकते हैं। इन दुकानदारों को दुकान आवंटित किया गया है लेकिन ये वहां जाना ही नहीं चाहते हैं।

### लापता युवक का शव मिला

रांची : पिठौरिया पुलिस ने लापता युवक शाहबाज कुरैशी का शव सुतियाम्बे मुड़हर पहाड़ से रविवार को बरामद किया है। मृतक के पिता जुबैर कुरैशी ने ने 15 नवंबर को शाहबाज कुरैशी के लापता होने को थाने में मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया कि युवक का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

### जेल अदालत से दो बंदी रिहा



रांची : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार( झालसा) के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के जरिये रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत - सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा के सचिव कमलेश बेहरा की अध्यक्षता में जेल अदालत लगाया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में संसीमित 04 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। इसमें दो बंदी आकाश मुंडा और पतरस मुंडा को जेल अदालत के जरिये हाजत अवधि का लाभ देते हुए रिहा किया गया। इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, प्रशांत वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# हेमन्त सोरेन बताएं झारखंड में कम क्यों हो रही है आदिवासियों की आबादी : संजय सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत टाटी टाटीसिल्वे, आदर्श नगर, नामकुम खटाल ,यदुवंशी नगर, जोरार अखाड़ा, हाई टेंशन कॉलोनी और अमेठिया नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। सेठ ने कहा कि झारखंड की सरकार में आज भ्रष्टाचार व्याप्त है। झारखंड के डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। जहां पहले आदिवासी की जनसंख्या थी वहां तेजी से मुस्लिम आबादी बढी है। इसका जिम्मेदार कौन हेमंत सरकार को बताना चाहिए। हेमंत सोरेन यदि आदिवासियों की हितेषी है तो बताएं आदिवासी 44 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत क्यों बचा। हेमंत सोरेन ने यहां के संसाधनों को लूटा और मुंबई वाले के हाथों में बेच दिया। आज स्थिति यह है कि यहां के लोग बालू नहीं मिलने के कारण अपना घर भी नहीं बन पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने का वादा कर यहां के युवाओं पर लाठी बरसाने का काम यह हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार ने किया है। यहां कांग्रेस के संसद के घर से 300 करोड रुपये नकदी बरामद होते हैं। यहां के वर्तमान विधायक के पास से रुपये बरामद होते हैं। क्या ऐसे भ्रष्टाचार वाले विधायक को आप दोबारा जितना चाहेंगे। खिजरी के भविष्य के लिए और खिजरी के विकास के लिए रामकुमार पाहन को अपना मत देकर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि यहां के लोगों को रोजगार, यहां का विकास ,किसानों का विकास हो सके। सेठ ने कहा कि भाजपा के सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 11 तारीख को 2100 दीदी के खाते में आएगी ताकि वह अपना घर चला सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों को जिनके कच्चे मकान है उन्हें पक्का मकान दिया जाएगा। रोस्टर बनाकर झारखंड में जितने भी रिक्त पड़े पद हैं उन्हें भरा जाएगा। रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह तभी संभव है जब भाजपा की सरकार झारखंड में भी बनेगी। इस अवसर पर राजेंद्र महतो मंडल के अध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड की जनता हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड की जनता हिमंता बिस्वा सरमा को राजनीतिक मोक्ष दिलाएगी। हिमंता अपने बोल वचन से झारखंड में भाजपा का राजनीतिक अंतिम संस्कार कराकर वापस लौट जाएंगे। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने रविवार को कही। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के संबंध में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए सोनाल ने कहा चार महीनो से पूरे झारखंड में घूमकर झारखंडियों को लड़ाने की कोशिश करने वाले हिमंता ने भाजपा को रसातल में मिला दिया है और अपने उलूल जुलुल बयानों से उन्होंने झारखंडियों की आंखें खोल दी है। झारखंड के लोगों ने चुनाव के दौरान यह देख लिया है कि महागठबंधन सरकार विकास की सोच के साथ चुनावी मैदान में है और भाजपा धार्मिक चश्मे से जनता को पूरा झारखंड दिखा रही है। धर्म आधारित सारे एजेंडो के समाप्त होने के बाद अब व्यक्तिगत बदजुबानी पर हिमंता बिस्वा सरमा उतर आए हैं। सोनाल ने कहा कि राजनीतिक आतंकवाद के एजेंडे के तहत भाजपा समुदायों को आपस में लड़ाकर झारखंड की सत्ता चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में चार पूर्व मुख्यमंत्री हैं लेकिन डर के वजह से अभी तक किसी को भी भावी मुख्यमंत्री के रूप में पेश कर भाजपा ने चुनाव नहीं लड़ा। महागठबंधन हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में आगे कर चुनाव लड़ रहा है। यदि भाजपा में हिम्मत है तो अपने मुख्यमंत्री के चेहरे को जनता के सामने पेश करे। हकीकत यह है कि भाजपा का झारखंड में राजनीतिक वजूद समाप्त हो चुका है। अपने नेताओं की हार को बचाने की कोशिश में ही भाजपा नेताओं का समय खर्च हो रहा है लेकिन पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी भाजपा झारखंड की जमीन से उखड़ जाएगी।

## खलारी डीएसपी के नेतृत्व में नक्सलियों के गढ़ नकटा पहाड़ पर छापेमारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड में विधानसभा के पहले चरण का चुनाव समाप्त हो चुका है। अब दूसरे और अंतिम चरण का चुनाव 20 नवंबर को होना है। इसके लिए रांची पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश के बाद खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने थाना प्रभारी चान्हो और मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी के साथ नक्सलियों और पीएलएफआई के सदस्यों के संभावित ठिकाने नकटा पहाड़ इलाके में चंदवा थाना की सीमा तक छापेमारी की। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने रविवार को बताया कि एसएसपी के आदेश के बाद नक्सलियों के कमर को तोड़ने और लाल सलाम के आतंक को खत्म करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है कि गांव में रहने वाले ग्रामीणों के दिल से नक्सलियों के आतंक को खत्म करना और इसमें हमने सफलता भी हासिल की है। यही कारण है कि नक्सली अब ग्रामीण इलाकों में भी घुसने से डर रहे हैं कि कहीं पुलिस की गोलियों का निशाना ना बन जाए। डीएसपी ने बताया कि सरकार के कई योजनाएं ऐसी हैए जिससे नक्सली मुख्य धारा में भी जुड़ रहे हैं और हम नक्सलियों से यह कहना भी चाहते हैं कि गोलियां और बंदूक में कुछ नहीं रखा है आप मुख्य धारा से जोड़कर आम लोगों की तरह जिंदगी जी सकते हैं।

## वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा की तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने हमारे वृहद झारखंड के अधिकारों को रौंदा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को पोस्ट पर लिखा है कि वृहद झारखंड को अलग-अलग टुकड़ों में अन्य राज्य में रहने दिया। अब भाजपा झारखंड को टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है। भाजपा सासंद संसद में बयान देते हैं कि संथाल को अलग कर देंगे। सोरेन ने लिखा कि झामुमो और मेरे खून का एक-एक कतरा तब तक इनसे लड़ेगा, जब तक ये हार नहीं जाते। झारखंड एक था, एक है और एक रहेगा। राज्य की मंईयां ने तानाशाहों के खिलाफ उलगुलान का आह्वान कर दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सर्वोच्च पुरस्कार का नाम भगवान बिरसा मुंडा, भगवान सिदो-कान्हू के नाम पर होगा। अबुआ सरकार की पहली कैबिनेट का यह पहला फैसला होगा।

## धनंजय सोरेन का नामांकन रद हो : भाजपा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : बोरियों के झामुमो प्रत्याशी के खिलाफ भाजपा पहुंच चुकी है चुनाव आयोग। बीजेपी का आरोप है कि बोरियों में जेएमएम के द्वारा उनके प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम के चित्र एवं नाम का प्रयोग हो रहा है। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव का नेतृत्व में चुनाव पहुंचा और मांग किया की बोरियों विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी धनंजय सोरेन के खिलाफ कार्रवाई हो और उनका नामांकन रद्द हो। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की बोरियों विधानसभा में 20 नवंबर 2024 को मतदान होना है और पूरे बोरियों विधानसभा क्षेत्र में एक पोस्टर और पंपलेट बांटा जा रहा है और दिवाल में साटा जा रहा है, जिसमें लोबिन हेंब्रम जी का चित्र लगा हुआ है और नाम लिखा हुआ है धनंजय सोरेनजी का और चुनाव चिन्ह है तीर धनुष। इसका अर्थ यह हुआ कि लोबिन हेंब्रम जी चित्र में हाथ जोड़कर जनता से मांग कर रहे हैं की धनंजय सोरेन जी को वोट दें। इस प्रकार का कार्य किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। यह बहुत गंभीर विषय है। दूसरे का चित्र लगाकर वोट मांगना गंभीर अपराध है। इसमें भारतीय न्याय संहिता के तहत भी अपराध है और आर पी एक्ट में प्रतिबंधित है। प्रतिनिधिमंडल ने साक्ष्य के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन दिया है। भाजपा के प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने बोरियों में भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है। मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कड़े आदेश जारी कर दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव के साथ पुष्कर तिवारी शामिल थे।

## झारखंड की दशा को हिमाचल जैसा नहीं होने देना है : जयराम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में कहा कि कांग्रेस ने अपनी झूठी गारंटी देकर हिमाचल में सत्ता हासिल की। अब अपने किए गए वादों और गारंटी के विपरीत काम करना शुरू कर दिया है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने 10 गांरटी दी थी लेकिन दो साल हो गए हैं, अभी तक कंग्रेस ने अपनी एक भी गांरटी पूरी नहीं की है। उनकी सारी गारंटी धरी की धरी रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में जो वादे किए थे, अब वैसे ही वादों को झारखंड में दोहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देने का वादा किया था लेकिन हिमाचल प्रदेश में 2 साल बीत गए महिलाओं-बहनों से जो वादा किया था उनको 1500 सौ रुपये हर महीने नहीं मिले। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने वादा किया था कि 5 साल में 5 लाख युवाओं को नौकरियां देंगे। हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएगी लेकिन सत्ता में आते ही नौकरी देने की बजाय पद ही खत्म कर दिए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था लेकिन भाजपा की सरकार जो 125 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही थी उसको भी बंद कर दिया है। कांग्रेस ने वादा किया था कि गाय का दूध 80 रुपये और भैंस का दूध 100 रुपये प्रति लीटर खरीदेंगे लेकिन सरकार बनने के बाद मुकर गए। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के हिमाचल में 2 साल पूरे होने वाले है। लोन पर लोन लिए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को सैलरी तक नहीं मिल पा रही है। ऐसा हिमाचल प्रदेश में पहली बार हुआ है। कांग्रेस की झूठी गारंटी अब पूरे देश में उजागर हो चुकी है। ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र जाकर कह रहे हैं कि हिमाचल में हमने सारी गारंटी पूरी की है लेकिन वहां कोई बदलाव नही हुआ। झारखंड में भी कांग्रेस के नेता प्रचार के दौरान बोल रहे है कि हमने हिमाचल प्रदेश में अपनी सभी गारंटी पूरी की है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में भी झूठे वादे करके सत्ता में आने की कोशिश की लेकिन हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। जो हालात हिमाचल के कांग्रेस सरकार ने किए वो कम से कम झारखंड में न हो यह हम जनता से निवेदन है। झारखंड में जो गठबंधन की सरकार चल रही है, उसके भ्रष्टाचार के उदाहरण पूरे देश में दिए जा रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि 350 करोड़ रुपये एक सांसद के घर से और अन्य अधिकारियों के घर से पैसे बरामद होना, सत्ता में रहते एक मुख्यमंत्री का जेल चले जाना और फिर बाहर आकर जनता से सरकार बनाने की अपील करता है लेकिन झारखंड की जनता ने तय कर लिया है। प्रदेश में एनडीए-भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो घुसपैठियों का मुद्दा उठाया है, उसको लेकर सरकार बनते ही उचित फैसले लिए जाएंगे लेकिन इंडी गठबंधन घुसपैठियों को लेकर सारी सुविधांए देने की बात कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा-एनडीए सरकार बनने जा रही है। संबोधन के पूर्व ठाकुर ने मीडियाकर्मियों के समक्ष प्रोजेक्टर के जरिए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार की नाकामियों को दिखाया।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत आरपीएफ मुरी ने महिला का प्रसव कराया



रांची : ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) मुरी ने महिला का प्रसव कराया। आरपीएफ मुरी के एएसआई एस बैठा ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 08195 (टाटा-हटिया मेमो पैसेंजर) प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा में देखा। इसकी सूचना तत्काल सहायक चिकित्सा पदाधिकारी मुरी को दी। इसके बाद एसीएमएस मुरी और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को चिकित्सकीय सहायता दी। महिला की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों और स्टाफ ने उसे स्ट्रेचर की मदद से स्टेशन से बाहर पहुंचाया और एंबुलेंस की व्यवस्था की। इसके बाद महिला को आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली ले जाया गया, जहां उसने एक सुरक्षित और स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। महिला आरती कुमारी ट्रेन संख्या 08195 (टाटा-हटिया मेमो पैसेंजर) से टाटानगर से चांडिल के लिए यात्रा कर रही थीं। प्रसव पीड़ा के कारण वह चांडिल स्टेशन पर नहीं उतर पाईं और मुरी पहुंच गईं। उन्होंने आरपीएफ मुरी के एएसआई एस.बैठा, स्टाफ वी.के. रजक और महिला स्टाफ सिमरन कुमारी और स्वास्थ्य इकाई, मुरी का त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति अभियान के तहत आरपीएफ मुरी की यह त्वरित और मानवीय पहल महिला यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### साइबरपीस कैफे करेगा झारखंड ई-स्पोर्ट्स लीग 2.0 की मेजबानी



रांची : झारखंड की राजधानी रांची ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन गेमिंग लीग का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा इसलिए क्योंकि, रांची रिलायंस ट्रेंड्स, नॉर्थ ऑफिस पारा के पास लेवल 7-साइबरपीस कैफे में 17 नवंबर रविवार को झारखंड ई-स्पोर्ट्स लीग 2.0 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसमें क्या होगा खास -फीफा में अपने कौशल दिखाएं और अंतिम फुटबॉल संघर्ष में प्रतिद्वंद्वियों को मात दें। -फ्री फायर एरिना-युद्ध में कूदो, लूटो, और जीवित बचे रहने वाले अंतिम व्यक्ति बनो। -वीआर एक्सपीरियंस जोन हमारे विशेष वी.आर सेटअप के साथ गेमिंग के अगले स्तर में खुद को डुबोएं। साथ ही पाएं रोमांचक पुरस्कार और उपहार शीर्ष गेमर्स -के पास अद्भुत पुरस्कार जीतने का मौका। -साथी गेमर्स के साथ नेटवर्क बनाएं समान विचारधारा वाले उत्साही लोगों और भविष्य के सितारों से जुड़ें। उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स को विश्वव्यापी मान्यता मिल रही है। यही कारण है ऐसे खेलों का आयोजन खिलाड़ियों को इस बढ़ते क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करने और नौकरी के विकल्प तलाशने का अवसर देता है। ईस्पोर्ट्स अब एक वास्तविक खेल के रूप में गिना जाता है और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का ध्यान आकर्षित करते हुए एशियाई खेलों में भी प्रवेश कर चुका है। यह इवेंट युवा गेमर्स के लिए खुद का नाम बनाने और राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक शानदार शुरूआत के रूप में कार्य करता है, जिससे दुनिया भर में प्रसिद्धि मिलती है।

### चार दिवसीय साधना संगम का योगदा सत्संग आश्रम में हुआ समापन

रांची : रांची के योगदा सत्संग आश्रम में पिछले चार दिनों से चल रहा साधना संगम का आज समापन हो गया। देश के विभिन्न कोनों से आये योगदा भक्तों ने इस साधना संगम में भाग लेकर अपनी क्रियायोग साधना को और उच्चतम स्थिति में ले जाने के लिए विशेष साधनाएं की। जिसमें योगदा सत्संग से जुड़े अनेक संन्यासियों ने उनकी इस साधना को और उच्चावस्था में ले जाने में विशेष मदद की। साधना संगम के इस समापन अवसर को योगदा सत्संग आश्रम से जुड़े स्वामी स्मरणानन्द गिरि ने संबोधित किया। स्वामी स्मरणानन्द ने आत्मा की प्रकृति, उसके स्वभाव और उसके स्वरूप की विशेष चर्चा की। इस चर्चा के दौरान उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के सांख्य योग में वर्णित श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद को विशेष रूप से रखा। उन्होंने आत्मा की प्रकृति को समझाने के लिए कई दृष्टांत योगदा भक्तों के बीच रखें। जो अविस्मरणीय थे। स्वामी स्मरणानन्द गिरि ने श्रीमद्भगवद्गीता के कई श्लोकों को योगदा भक्तों के बीच रखने के क्रम में आत्मा को केन्द्र में रखकर एक बहुत ही सुंदर भजन योगदा भक्तों के बीच रखा, जिसके बोल थे झ्र न जन्म, न मृत्यु, न जाति कोई मेरी, पिता, न कोई माता मेरी। शिवो शिवो शिवो केवल आत्मा, शिवो... प्रस्तुत किये, जिसे योगदा भक्तों ने भी स्वर देकर पूरे ध्यान केन्द्र को आनन्दमय बना दिया। इस सुन्दर भजन का आशय ही था कि कि आत्मा का न तो जन्म होता है और न ही उसकी मृत्यु होती है। न तो उसका कोई पिता है और न ही उसकी कोई माता। हम शरीर नहीं, बल्कि अपने आप में एक ऐसी आत्मा है, जिसका जुड़ाव सीधे ईश्वर से हैं। उन्होंने कहा कि अर्जुन से जो कृष्ण ने कहा वो हमेशा याद रखें कि न तो कभी ऐसा हुआ है कि किसी काल में हमलोग नहीं थे या ऐसा भी नहीं कि आगे नहीं रहेंगे। जैसे इस शरीर में बचपन, युवावस्था और वृद्धावस्था होती है, ठीक उसी प्रकार अन्य शरीर की प्राप्ति होती रहती है। इसको लेकर जो साधक होता हैं, वो न तो शरीर पर मोहित होता है और न ही उसके लिए कभी कोई चिन्ता करता है।

### बीजेपी के ट्विटर हैंडल के खिलाफ जेएमएम पहुंचा चुनाव आयोग

रांची : बीजेपी के ट्विटर हैंडल के खिलाफ जेएमएम ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। कहा है कि इससे हेमंत सोरेन की छवि को धूमिल किया जा रहा है और सामाजिक सौहार्द को तोड़ा जा रहा है। इस बाबत जेएमएम की ओर से एक पत्र आयोग को लिखा गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल (सोशल मीडिया हैंडल) अर्थात भाजपा झारखंड (BJP4JHARKHAND) के खिलाफ आदर्श आचार संहिता और चुनाव से संबंधित मौजूदा कानूनों के उल्लंघन की शिकायत की गयी है। कहा है कि इसकी जांच की जानी चाहिए। आयोग के लिखे पत्र में जेएमएम के विनोद पांडेय ने हस्ताक्षर किया है। पांडेय ने इसमें कहा है, मैं भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक हैंडल "BJP JHARKHAND (BJP4JHARKHAND)" द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर झूठे और फर्जी अभियानों के खतरनाक प्रसार के बारे में आपका तत्काल ध्यान आकर्षित करने के लिए लिख रहा हूं, जो विशेष रूप से सामाजिक ताने-बाने और विशेष रूप से हेमंत सोरेन और उनके उम्मीदवारों के खिलाफ अभियान चला रहा है। पांडेय ने कहा है, भाजपा झारखंड (BJP4JHARKHAND) "X" हैंडल द्वारा प्रकाशित विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और अन्य चुनावी कानूनों का स्पष्ट उल्लंघन है। पत्र में 16.11.2024 को पोस्ट की गयी एक विज्ञापन का खास तौर पर जिक्र किया गया है। कहा है कि इसमें झूठे आरोप और बयान दिए जा रहे हैं। एक पोस्टर का उपयोग किया जा रहा है जिसमें खटट पार्टी का निशान है और हेमंत सोरेन की छवि प्रदर्शित की गई है। इसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि श्पूरे झारखंड का काया पलट कर देंगेश् और आगे एक विशेष समुदाय से संबंधित लोगों की तस्वीरें दिखाई गई हैं।

# भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी : जेपी नड्डा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने घुसपैठ के मामले पर कहा कि भाजपा झारखंड से बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने का काम करेगी। कोई भी बांग्लादेशी आदिवासियों की जमीन नहीं ले पाएगा। नड्डा रविवार को बोकरो के गोमिया में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोशिश कर रही है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के जरिए लैंड जिहाद कर सके। इसमें हेमंत सरकार भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए मदरसों में ठहरते हैं। इनका आधार कार्ड भी बनता है। इसके बाद हेमंत सरकार इन्हें जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। इसमें सिर्फ हेमंत सोरेन ही नहीं कांग्रेस और राजद भी भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। नड्डा ने कहा कि झारखंड में छह लेन का ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण होगाए जो बनारस से कोलकाता वाया रांची तक जाएगा। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना के तहत हर बहन को प्रति माह 2100 रुपये दिया जाएगा और लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार आने पर दो लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। साथ ही सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने आप लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। झामुमो ने पांच साल में झारखंड के आदिवासी राज्य को केवल लूटा है। उन्होंने 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल ओबीसी की बात कर रहे हैं। संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें ओबीसी की बहुत चिंता है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब मंडल आयोग की रिपोर्ट आई तो उनकी दिवंगत दादी उस पर क्यों बैठी रहीं और उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी को मुझे बताना चाहिए कि उन्होंने केंद्र में वीपी सिंह की सरकार बनने और भाजपा का समर्थन मिलने का इंतजार क्यों किया। भाजपा के समर्थन के बाद ही मंडल आयोग लागू किया गया और ओबीसी को आरक्षण का दर्जा दिया गया। आज यहां आप ओबीसी के चैंपियन और पिछड़े वर्ग के चैंपियन होने का दिखावा कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी मुझे बताएं कि राजीव गांधी फाउंडेशन में कितने ओबीसी सदस्य हैं। सोनिया गांधी के यूपीए सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी थे और कांग्रेस कार्य समिति में कितने ओबीसी हैं।



## एक नजर

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी यशवीर सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में किया दौरा



**बोकारो :** झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव को लेकर सरगरिया तेज हो गई है। राजनीतिक दलों का पर सर चढ़कर बोलने लगा है। चुनाव से जुड़े प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत झोंकने में लग गए हैं। 36 बोकारो विधानसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशवीर सिंह ने पिण्डाजोड़ा थाना अंतर्गत चुनावी रणनीति के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के साथ रैली निकाली तथा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम मे चुनाव कार्यालय काशी झरिया से, चोवाटांड़ ओबरा बस्ती, केसोरीडीह सहित दर्जनों गांव का दौरा किया। जहां पार्टी के समर्थकों ने ढोल बाजे के साथ पार्टी प्रत्याशी यशवीर सिंह का स्वागत किया। चुनावी समर में अपनी एनसीपी पार्टी का झंडा फहराते हुए अंतिम पड़ाव झूंगी झोपड़ी में निवास करने वाले लोगों से मिलने कार्यक्रम के दौरान शिवाजी कॉलोनी में लिट्टी चोखा का स्वाद लेते हुए एवं मीडिया से बात करते हुए प्रत्याशी यशवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विधायक विरींची नारायण के10 साल के कार्यकाल में बोकारो मे विकास नहीं हुआ है ग्रामीण क्षेत्र उलगड्डा विजली नही है। आज भी अंधेरे हैं ग्रामीणों किसान सरकारी सुविधाओं से वंचित है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों चोर सिपाही के खेल खेल रहे हैं अगर हम जीतते हैं तो पहले हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी की झूंगी झोपड़ी में रहने वाले सभी लोग अस्थाई करना। विधायक के करने का दंश झेल रहे उत्तरी क्षेत्र के नंन पंचायत 19 गांव को पंचायत का दर्जा मिले। उच्च शिक्षा की व्यवस्था हो।बोकारो के बेरोजगार युवकों को रोजगार और स्वरोजगार की व्यवस्था देंगे। उनके साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी तथा परदेस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक के अध्यक्षआरिफ खान, चुनाव संचालक अनिल सिंह, कार्यालय प्रभारी संजीव कुमार,रंजन यादव, चंदन, अमन अंसारी, रवि कुमार दुबे,अख्तर अंसारी, अन्य सैकड़ो की संख्या में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के युवा ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने इस रैली और जनसंपर्क अभियान दौर में शामिल हुए।

### डीसी ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा, मतगणना कक्ष की देखी व्यवस्था

**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। इससे पूर्व 18 नवंबर की शाम 5:00 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा और 19 नवंबर को ईवीएम के साथ पोलिंग पार्टियों को बूथ के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इन सभी कार्यों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसके मद्देनजर डीसी चंदन कुमार ने रविवार को रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचे और वहां तैयारियों का जायजा लिया। 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए कक्ष भी अभी से ही बनाकर तैयार कर दिए गए हैं। इसका भी निरीक्षण डीसी ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केंद्र तथा बज्रगृह लेकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र दीप्ति प्रियंका कुजूर, निवार्ची पदाधिकारी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अनुराग कुमार तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने महाविद्यालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लिया।

## थाना प्रभारी के संरक्षण में राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के हरला पुलिस के संरक्षण में स्क्रैप चोरी का काम धड़ल्ले से चल रहा है। रविवार सुबह पचौरा में ग्रामीणों के जरिए स्क्रैप लदे तीन वाहनों को रोके जाने पर इस गंभीर मामले का खुलासा हुआ है। स्क्रैप लदा दो वाहन तो तस्कर लेकर भाग निकले,परंतु स्क्रैप लदे एक वाहन संख्या डब्लूबी 37 डी 2868 को ग्रामीणों ने रोक रखा है। और इस गाड़ी के चारों चक्का का हवा निकाल दिया ताकि स्क्रैप चोर गाड़ी ले भाग न सके । मौके पर मौजूद जोहर पार्टी से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी मनोज महली ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान यह गंभीर मामला है। तस्कर आलम अंसारी से उनकी नोक झोंक हुई। जिसमें तस्कर में बताया कि स्क्रैप चोरी का काम बंद नहीं करवा सकते। क्योंकि यह सारा काम हरला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल कश्यप व एसपी के संरक्षण में होता है। थाना प्रभारी को स्क्रैप चोरी के एवज में रुपए दिए जाते हैं। थाना प्रभारी ही एसपी का भी रुपया कलेक्ट करते हैं। मनोज महली ने बताया कि हरला थाना क्षेत्र आर्थिक अपराध का अड्डा बन चुका है। थाना प्रभारी के संरक्षण में अवैध शराब, बालू उठाव, कोयला तस्करी, जुआ अड्डा व स्क्रैप तस्करी का काम रात के अंधेरे में धड़ल्ले से चल रहा है। जिस पर बोकारो पुलिस के आलाधिकारियों का कोई अंकुश नहीं है। बोकारो पुलिस के इन अधिकारियों व थाना प्रभारी को आदर्श आचार संहिता का भी कोई परवाह नहीं है।



## जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर मंडल कारा धनबाद में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया।इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि आज जेल अदालत में अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे एक्ट के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार,न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के उपस्थिति में मंडल कारा पाल के द्वारा जेल अदालत के लिए चिन्हित कुल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें चार बंदी मो ईस्लाम,बडका महतो, रंजीत मांझी, सागर चौहान को जेल अदालत से रिहा किया गया । इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी ने बंदीयों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी। बंदियों ने न्यायाधीश से कहा दूसर गलती नई होतै साहब डालसा से हमनी के नतून जिंदगी मिललई।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ कुमार विमलेंदु,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल,जेल डॉक्टर राजीव कुमार, जेल सहायक एम के गुप्ता,डालसा सहायक, अरूण कुमार,राजेश सिंह, चंदन कुमार, पीएलवी उज्जवल कुमार,शिबू समेत अन्य उपस्थित थे। जेल से निकलने पर बंदियो ने कहा कि डालसा ने उन्हें काफी मदद की जिस कारण वह लोग आज जेल से बाहर निकल पाए हैं ।



## कृतिका ने बोकारो को गौरवान्वित किया राष्ट्रीय स्कूल खेलों में रजत पदक जीता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की 13 वर्षीय तीरंदाज सुश्री कृतिका कुमारी ने गुजरात के नाडियाड में चल रहे 68वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में अंडर-14 वर्ग में रजत पदक जीता है। सियालजोरी निवासी और कक्षा 9 की छात्रा कृतिका, कोच भूडेश्वर मुर्मू के मार्गदर्शन में वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी में दो साल से प्रशिक्षण ले रही है।

**बोकारो के लिए गौरव का क्षण**

कृतिका ने अखिल भारतीय स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि से बोकारो को गौरवान्वित किया है, जहां देश भर के स्कूलों के 60 से अधिक होनहार तीरंदाजों ने अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कृतिका के दृढ़ संकल्प, अकादमी के विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, उनकी छिपी प्रतिभा और समर्पण ने जिले को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है।



**वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी**

ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपने आस-पास के समुदाय के सर्वांगिकीय विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन को जारी रखते हुए और समुदाय में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में 2020 में प्रतिष्ठित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है। सियालजोरी में वेदांता ई एस एल प्लांट परिसर के अंदर स्थित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी एक अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान है, जो बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल 185 पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अकादमी ने दो प्रमुख खेल प्रतियोगिता की मेजबानी की है, जिससे छात्रों को हर साल पदकों की संख्या में लगातार वृद्धि के अलावा अति आवश्यक भाग लेकर अपने जौहर का प्रदर्शन करने का मौका मिला ।

## मतदाता जागरण कार्य को लेकर सहकार भारती ने की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** लोकतंत्र के महापर्व चुनाव के अवसर पर मतदाता जागरण कार्य में लगे सहकार भारती बोकारो के कार्यकताओं की एक समीक्षात्मक बैठक आज जीई,4 सिटी सेंटर सेक्टर 4 में हुई जिसकी अध्यक्षता विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के निवर्तमान हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ भगवान पाठक ने की क इस अवसर पर राष्ट्रवादी शक्तियों के हाथों को सशक्त करने के लिए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति आस्थावान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिरंची नारायण को विजयी बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बूथ पर पहुंचाने का निर्णय लिया गया इस निमित्त महानगर के विभिन्न जोन में कार्य हेतु अलग-अलग पांच संयोजक बनाए गए और प्रत्येक संयोजक के साथ कुशल संपादन के लिए पांच -पांच लोगों की समितियां गठित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर सत्यदेव तिवारी, देवनारायण सुधांशु, डॉ राज कुमार सिंह, डॉक्टर परमेश्वर लाल वर्णवाल, जवाहर प्रसाद , भगवान पाठक हरिश्चंद्र प्रसाद बरनवाल सहदेव मेहता,परिनव कुमार, राम लखन मिस्त्री, सरोज पांडे ,संतोष कुमार चौधरी ,नीरज पांडे ,शशि कांत सिंह, राजू मिश्रा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे क समस्त कार्यक्रम का संचालन सहकार भारती के वरीय सदस्य देव नारायण सुधांशु ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहदेव चंद्र मेहता ने किया कार्यक्रम की शुरूआत सहकार गीत एवं समापन शांति मंत्र से हुआ।



## डिस्पैच सेंटर से ईवीएम जमा होने तक पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे सेक्टर पदाधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए रविवार को न्यू टाउन हॉल में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर से लेकर, मतदान संपन्न होने के बाद, काउंटिंग सेंटर में ईवीएम जमा होने तक, पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे। किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पार्टी बिना संरक्षण की नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी 19 नवंबर को सुबह 5:00 बजे अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में रिपोर्टिंग करेंगे। वहां से ईवीएम तथा अन्य सामग्री लेकर पोलिंग पार्टी को बूथों तक पहुंचाएंगे। जबकि रिजर्व ईवीएम इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में रखेंगे। सेक्टर पदाधिकारी अपने पास कंट्रोल रूम, निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, संबंधित थाना के फोन नंबर भी रखेंगे। मतदान के दिन लगातार अपने-अपने बूथों का भ्रमण करते रहेंगे। बूथ में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि मतदान को शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न करना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसलिए सभी पदाधिकारी तत्परता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 5:30 बजे मॉक पोल कराना तथा सुबह 7:00 बजे से वोटिंग शुरू कराना सुनिश्चित करें। कसी मतदान केंद्र में ईवीएम में तकनिकी गड़बड़ी उत्पन्न होने पर तुरंत उसे रिप्लेस करें। रिप्लेसमेंट की रिपोर्ट निवार्ची पदाधिकारी को दें। साथ ही ईवीएम का नंबर कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने, कतार मैनेजमेंट, मतदान केंद्रों में मतदान की गोपनीय बरतने, हर दो घंटे के अंतराल में मतदान प्रतिशत की सूचना देने, मोबाइल फोन लेकर किसी को बूथ में प्रवेश नहीं करने देने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सभी को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, वर्दी पहनकर मतदान केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ मतदान केंद्र से ईवीएम लेकर, निर्धारित वाहन से, बिना बीच में रुके, निर्धारित रूट से, सीधे कृषि बाजार पहुंचेंगे।




## संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**धनबाद :** अनुवा अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स में रविवार को विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। अकादमी के निर्देशक डॉ. विक्टर घोष ने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। प्रखंड क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए अनुवा अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स,बैंक मोड़ के बच्चों के बीच पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस पेंटिंग- पोस्टर प्रतियोगिता में काफी बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग-पोस्टर के जरिये मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने पेंटिंग-पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया कि लोकतंत्र में मतदान मतदाता का सबसे बड़ा अधिकार है। मतदाता को इस अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं। अकादमी के अध्यक्ष अनुवा घोष ने कहा कि पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को प्रेरित करना है।पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता में कौशल कुमार को प्रथम, कंचन कुमारी सिंह को द्वितीय तथा मुस्कान कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में शील्ड एवं प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक ललित कला अकादमी के शंकर उपाध्याय, मारिया लिप्टक एवं अभिषेक घोष रहे।

### टुंडी विधायक प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो उपेन्द्र प्रजापति के आवास पर पहुंचे



**धनबाद :** टुंडी विधान सभा विधायक पद के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो रविवार को भूली रोड तेतुलमारी में डॉ उपेन्द्र प्रजापति के आवास पर पहुंचे।ग्रामीणों ने श्री महतो को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।श्री महतो ने ग्रामीणों को अपने पक्ष में वोट देने की अपील की व लोगो को भी प्रेरित करे। मौके पर उपेन्द्र प्रजापति, पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी,मनोज महतो, बीके मिश्रा, अनिल पंडित,अवधेश झा, लालू मंडल, छोटू प्रधान, राजू मल्लाह, मनोज मल्लाह, कन्हैया निषाद, अमित सागर उर्फ रवि, धीरेंद्र सिंह भोला शर्मा ,मनोज प्रजापति उर्फ ढीकदार, संजय बाउरी, उत्तम महतो, राकेश सिंह,रंजित प्रजापति, उत्तम कुमार, संतोष प्रजापति, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### इंदु देवी व आशनी सिंह ने नीरज पूर्णिमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की



**झरिया :** रविवार को झरिया विधानसभा के अंतर्गत जामाडोबा 2 नंबर भाग स्टेशन जियलगोड़ा स्टेशन,वाटर बोर्ड डिगवाडीह समेत विभिन्न क्षेत्रों का डोर टू डोर दौरा पूर्व महापौर धनबाद सह राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की अध्यक्ष इंदु देवी एवं संघ की महामंत्री आशनी सिंह ने किया और सभी से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील कर सभी से आशीर्वाद मांगा। इंदू सिंह एवं आशनी सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि झरिया का विगत पांच वर्षो में बहुत सारी समस्याओं का निराकरण व विकास हुआ है और जो बाकि विकास कार्य जो बचे हुए हैं वह अगले 5 वर्षो में नीरज पूर्णिमा सिंह के द्वारा पूर्ण किया जाएगा।

### बिरंची नारायण ने डोर टू डोर किया जनसंपर्क



**बोकारो :** जनसंपर्क अभियान के तहत आज बोकारो विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं ने चास प्रखंड चोरा, भंगाबाजार, मधु टांड़, बगदेगा, चाकुलिया, मूर्ति टांड़,रामडीह, बाकोदुआगोरा, चिंतामी, भेद्राडीह, जाला, आमतंड़, काशीटांड, सुनता, घटियाली, सोनाबाद, बंधुडीह,आमदिहा, हरीडीह, बंधगोरा आदि में एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवम्बर को मतदान करने का आग्रह किया। एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम की जानकारी दी। बोकारो विधायक सह प्रत्याशी बिरंची नारायण ने कहा कि 18 नवम्बर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोकारो आ रहे जहां वे चास बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली जा रही रोड शो में भूतनाथ मन्दिर मे शामिल होंगे। आप सभी इस रोड शो में पहुँच कर सफल बनायें उन्होंने ने कहा कि हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में। झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुके है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके। बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा।

# दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत, चार घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** मेराल थाना श्रीबंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर दहेड़िया गांव में दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। वहीं घटना में चार अन्य युवक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार देर रात की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतकों में थानांतर्गत कुशदंड गांव निवासी घुटन चंद्रवंशी के (34 वर्षीय) पुत्र सुनील चंद्रवंशी और अलकर गांव निवासी दामोदर सिंह के (22 वर्षीय) पुत्र प्रदीप सिंह शामिल हैं। वहीं दुर्घटना में घायल होने वाले युवकों में भवनाथपुर थानांतर्गत कोनमंडरा निवासी लालमुनि सिंह के 20 वर्षीय पुत्र रविरंजन सिंह, बिजेंद्र सिंह के पुत्र छोटू सिंह, नगर ऊंटारी थानांतर्गत अलकर गांव निवासी बलवंत सिंह व कुशदंड गांव निवासी राजेश चंद्रवंशी शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कुशदंड गांव से मृतक और उसके भाई भवनाथपुर किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान विपरीत दिशा से भवनाथपुर की ओर से एक बाइक पर सवार प्रदीप सिंह चार अन्य लोगों को रेलवे स्टेशन छोड़ने आ रहा था। थाना क्षेत्र के दहेड़िया गांव के समीप दोनों बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई। घटना में कुशदंड गांव निवासी सुनील चंद्रवंशी की मौत घटना स्थल पर हो गई। अस्पताल लाए जाने पर सुनील को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अलकर गांव निवासी घायल प्रदीप सिंह की मौत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मतकों के शतों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।



## एक नजर

### रामपुर गांव में आदिवासी संस्कृति का जलवा बिखेरा



**चैनपुर:** क्षेत्र के रामपुर गांव में रविवार को सामुदायिक भवन के पास आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण को लेकर पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रामपुर गांव के 7 टोला के नित्य मंडलियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और आदिवासी समाज को अपनी विरासत बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आदिवासी कला और संस्कृति को बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुमन खलखो, रूबेन खलखो, सुलेमान एक्का, रुडोल्फ खलखो सहित कई लोगों ने संबोधित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नित्य मंडलियों को प्रमुख ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन इरिनीयुस तीर्की ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विंसेंट मिंज ने दिया।

### स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से फिसले युवक के दोनों हाथ कटे

**मेदिनीनगर (पलामू):** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-दो पर शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के पायदान से गिरकर यात्री का रिश्तेदार बुरी तरह घायल हो गया है। उसके दोनों हाथ कट गए हैं। पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के हिसरा-बरवाडीह गांव निवासी 34 वर्षीय अभिषेक कुमार पासवान अपनी बहन को ट्रेन में बैठाकर खुद उतरने के क्रम में गिर गया। आरपीएफ ने घायल युवक को मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है। युवक का दोनों हाथ कट गया है। अभिषेक के दोस्त कुंदन ने बताया कि उसकी बहन वीणा देवी रांची जा रही थी। उसी को गाड़ी पर बैठाने के लिए वह डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आया था। स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में बैठाने के बाद ट्रेन से उतरने के क्रम में फिसलकर पटरी पर गिर गया। तबतक ट्रेन प्लेटफार्म से आगे बढ़ने लगी थी। अभिषेक के दोनों हाथ कट गए हैं।

### मोबाइल दुकान में चोरी का उद्भेदन नहीं

**मेदिनीनगर (पलामू):** पिछले दो दिन पहले वैष्णवी मोबाइल शॉप में हुई 100 से अधिक मोबाइल की चोरी के मामले का उद्भेदन अबतक नहीं हो सका है। भुक्तभोगी दुकानदार के आवेदन के आलोक में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मोबाइल दुकानदार के द्वारा थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसके बाद संदेह के आधार में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया पर कुछ सुराग नहीं मिला।

## रविंद्र कुमार राय के आवास पर कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय के सरिया स्थित आवास पर पार्टी कार्यकताओं का मिलन समारोह शनिवार की देर शाम किया गया। इस अवसर पर बगोदर विधानसभा क्षेत्र के बगोदर सरिया तथा बिरनी प्रखंड के सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। जहां लोगों ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय को पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाइयां दी। एक दूसरे से मिलकर हाल-चाल जाना। इस संबंध में पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी द्वारा जिम्मेदारी मिलने के बाद विधानसभा के कार्यकताओं से रूबरू नहीं हो पाया था। कार्यकताओं के बीच उन्हें घंटे बिताने की आदत थी। इसे लेकर कार्यकताओं को अपने परिवार की तरह घर में बुलाया उनका हाल-चाल जाना। कहा कि कार्यकर्ता हमारे घरेलू सदस्य की तरह है यह पारिवारिक मिलना जुलना था। वहीं बताया कि वर्तमान में झारखंड प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी ली। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि चुनावी घोषणा के पूर्व भय पैदा किया गया था कि इस बार जनता भाजपा को जानकारी देगी परंतु प्रथम चरण के मतदान में चारों ओर से सूचना मिल रही है कि इंडी बंधन की हवा निकल चुकी है वे चुनाव मैदान से बाहर हो चुके हैं 43 में से दो तिहाई सीटों पर भाजपा स्पष्ट रूप से जीतने जा रही है 67 सीटों में पार्टी का संघर्ष है क्योंकि जहां मोम कांग्रेस आरजेडी तथा लाल झंडा आपस में बिखर चुकी है जहां तक बगोदर की बात है 2014 की तरह इस बार भी यहां भाजपा प्रचंड मतों से जीत हासिल करेगी। राज धनवार से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय के बारे में उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार भारतीय जनता पार्टी का अंग है। राजनीतिक षड्यंत्र के कारण हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे परंतु पार्टी के शीर्ष नेताओं के कहने पर वे भाजपा में वापस आ गए हैं।

## टाटा में सिमडेगा की युवतियों ने मांदर, नागाड़ा बजाकर मचाया धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** टाटा के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में संवाद ए ट्राइबल कॉनक्लेव के 11वें संस्करण के विधिवत उदघाटन समारोह में 451 नागाड़ा, मांदर, भेईर, नरसिंघा बजाकर किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्र, टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, धाड़ दिशोम के परगना बैजू मुर्मू, हो समाज के पीढ़ मानकी गणेश पिंगुवा, जुगसलाई तोरोफ परगना दशमत हांसदा, भूमिज समाज के प्रधान उत्तम सिंह सरदार, सोमरा खड़िया, टाटा स्टील फाउंडेशन के शिव शंकर कांडयाँग सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं सिमडेगा की 30 युवतियाँ जो मांदर नागाड़ा बजाकर पुरे सिमडेगा जिले का नाम टाटा सहित झारखण्ड में ऊँचा किया कार्यक्रम के दौरान इनके नगाड़ा मांदर बजाने को देख कर टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्र अपने को रोक नहीं पाए और उपस्थित सभी अतिथियों ने सामूहिक नृत्य कर माहौल को रंगीन बना दिया. कार्यक्रम में सिमडेगा के चक्रीय विकास संस्थान द्वारा संचालित छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र और पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज की छात्राओं सहित खड़िया समाज, चीक बड़ाईक जनजाति, कवर जनजाति, बैगा जनजाति, लोहरा जनजाति, गोंड जनजाति के कलाकारों ने कलर्स ऑफ झारखण्ड कार्यक्रम में अपने अपने नृत्य का प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रीय विकास संस्थान के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर, जयपाल दास,रुत जड़िया, अनिमा कुमारी, सलमा कुमारी, असमा डूंगडूंग, बूटी रोस केरकेट्टा, संजीता बा, सुमन केरकेट्टा, सनिला एक्का, सुप्रिया केरकेट्टा, सुलोचनी कुमारी, अनुपा सोरेंग, खुशी कुमारी, बबली एक्का, रोबीना कुमारी, प्रिया हरि, संजय ठाकुर, देवपाल दास, बजरंग दास, सोमरा भुइंहर, कृष्णा कुमार, मौसमी सोरेंग सहित अन्य कलाकार शामिल थे।



## यशस्वनी सहाय ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन प्रत्याशी पूर्व विधायक अमित कुमार महतो के समर्थन में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी यशस्वनी सहाय ने जनसंपर्क अभियान सोनाहातु राहें। सिल्ली मुरी मैं चलाया अपने संबोधन में कहा हेमंत सोरेन ने मैय्या सम्मान योजना लाकर हर गांव की बेटी और महिलाओं को सम्मान दिया है अबुवा आवास देने का काम किया बिजली बिल माफ किया 200 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा पूरा किया हेमंत सोरेन को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का जनता के हित और अधूरे योजना को पूरा करने के लिए दोबारा हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की जनता से अपील की सिल्ली से अमित महतो के प्रति लोगों में उत्साह है अमित महतो को भारी से भारी मतों से विजय बनाने का आहवान किया जनसंपर्क अभियान में सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो अखिल महतो अशरफ अली श्रीकांत महतो मणिराम दास और भी बहुत सारे सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फुट ओवर ब्रिज का घोर अभाव रेलयात्रियों को होती है परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** बेतला क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन केचकी में फुट ओवर ब्रिज का घोर अभाव है। बिना ओवर ब्रिज के सफर करने वाले रेलयात्रियों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर की ओर जानेवाली पैसेंजर ट्रेनों पर सवार होने प्लेटफार्म नंबर एक से दो पर जाने के लिए पैदल ही रेल लाईन पार करना पड़ता है। ऐसे में कभी भी व्यापक हादसा होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इससे खासकर तब, जब स्टेशन के पास लाईन पर कोई ट्रेन खड़ी रहती है और यात्रियों को सफर के लिए एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ता है। कभी-कभी तो ऐसी स्थिति में यात्रियों रेल लाईन नहीं पार करने के कारण बिना यात्रा किए ही बैरंग लौट जाना पड़ता है। वहीं इससे महिला रेल यात्री खासे प्रभावित होते हैं। इसबारे में केचकी स्टेशन रेलयात्री संघर्ष समिति के अध्यक्ष फौजदार सिंह ने कहा कि केचकी में फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए रेल प्रबंधन के संबंधित अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कई बार आवेदन दिया गया है। पर अबतक किसी इसपर सार्थक पहल करना मुनासिब नहीं समझा है। वहीं अध्यक्ष फौजदार ने ओवर ब्रिज नहीं कराए जाने की दशा में समिति के बैनर तले रेल प्रबंधन के खिलाफ बहुत जल्द चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की बात बताई।

### कुएं से मिला बच्चे का शव

**मेदिनीनगर (पलामू):** मेराल थाना के पुरवारा टोला निवासी सुरेंद्र साह के छह वर्षीय पुत्र शिवपूजन कुमार का शव शनिवार को घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं से बरामद किया गया। वह घर से दो दिनों से लापता था। कुआं में शव होने की जानकारी होने के बाद उसके परिजन और गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंच उन्होंने शव की शिनाख्त की। सूचना पर मुखिया रामसागर महतो, विजय प्रसाद, डॉ. लाल मोहन, संजय भगत, मनोज जायसवाल सहित अन्य भी पहुंचकर पीड़ित परिवार का ढांढ़स बंधाया। परिजनों ने बताया कि शिवपूजन घर से गुरुवार शाम चार बजे खेलने के लिए निकला था। देर रात तक उसके नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की पर कहीं पता नहीं चला। उसके बाद थाना में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पीडीएस दुकानदार ने अंगूठा लगवा लोगों को नहीं दिया राशन

**पाटन (पलामू):** पाटन प्रखंड के खरोंधा गांव के पीडीएस दुकानदार (डीलर) की मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीडीएस दुकानदार हरदेव मांझी कार्डधारियों का मशीन में अंगूठा लगवाकर दो महीने का राशन नहीं दिया। लोगों ने इसकी शिकायत पंचायत की मुखिया मंजू सिंह से की। मुखिया ने इस संबंध में बीडीओ व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से दुकानदार की लिखित शिकायत की है। इसमें उन्होंने कहा है कि 50 कार्डधारियों का कहना है कि दुकानदार उन्हें राशन ठीक से नहीं देता है। मौके पर राजेश्वर मांझी, मनीता देवी, जस्मिता देवी, राजू पासवान, चानो कुंवर, देव मुनिया देवी समेत कई पीड़ित कार्डधारी मौजूद थे।

## रक्त देना सबसे बड़ा दान : महेंद्र यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छतरपुर (पलामू):** छतरपुर विहंगम योग संस्थान द्वारा सद्गुरु पद उत्तराधिकारी सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 नवम्बर दिन शनिवार को विश्वव्यापी रक्तदान की कड़ी में विहंगम योग संतसमाज ने छतरपुर के जपला रोड स्थित वीणा लॉज में डॉक्टर सत्यनारायण प्रसाद के सत्यम क्लिनिक संस्थान में 20 यूनिट रक्तदान कर मानवता के प्रति उत्कृष्ट कार्य किया गया।विहंगम योग संतसमाज की ओर से दी गयी जानकारी में कहा गया है कि यह पवित्र और उत्कृष्ट कार्य है। विहंगम उत्तराधिकारी सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर यह कार्य आयोजित हुआ। इस अवसर पर संत समाज संस्थान के पलामू जिला के सह-संयोजक महेंद्र यादव, झा०प्रदेश के युवा प्रभारी अजय कुमार यादव, मनोहर यादव, पवन कुमार गुप्ता, श्यामलाल कुमार,अरुण कुमार यादव रमेश सिंह, मुन्ना यादव, राजेश सिंह,हरि ओम प्रकाश गुप्ता, सुजीत कुमार, प्रभु प्रसाद, सुधीर प्रजापति, सुधीर कुमार यादव, शिवनारायण जायसवाल, अमरेंद्र कुमार, मंटू राज, उपेंद्र राम, मीना देवी , रिंकू देवी, सहित संस्थान के अन्य गुरु भाई बहनों ने रक्तदान कर अहम योगदान दिया। मौके पर जिला परामर्शक डॉ रामरेश यादव, प्रखंड प्रभारी सत्यनारायण प्रसाद, विनोद प्रसाद, काशी प्रसाद गुप्ता,राजु कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, राम केवल यादव सहित कई गुरु भाई बहन मौजूद रहे ।



## संक्षिप्त खबरें

### बगोदर में चारों ओर भय और भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त : अन्नपूर्णा देवी



**सरिया (गिरिडीह):** सरिया प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह, सबलपुर सहित कई गांव में केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय जनता से मिली। कहा कि राष्ट्वाद और विकास के लिए एक ही पार्टी भाजपा काम कर रही है। झारखंड की मजबूती तथा यहां से भय भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आगामी 20 नवंबर को मतदान करने की अपील की। कहा कि बगोदर विधानसभा क्षेत्र में भाई और भ्रष्टाचार व्याप्त है जिससे यहां की जनता काफी परेशान हैं। इसी दौरान गरीब -गुरबों, दलित पिछड़ों,शोषितों और न्याय के लिए 40 वर्षो से सरिया पूर्वी क्षेत्र की आवाज बने जगदीश महतो ने माले छोड़ भाजपा का दामन थामा। उन्होंने केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की उपस्थिति में भाजपा में सदस्यता ग्रहण किया। कहा कि माले अपनी विचार धारा और अपनी उद्देश्य से भटक चुकी है। गरीबों के लिए संघर्ष करने वाली पार्टी वर्तमान समय में गरीबों का शोषक बन गई है। चारो ओर भय और भ्रष्टाचार फैली हुई है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री से प्रभावित होकर भाजपा में वे शामिल हुए हैं। अब भाजपा में ऊर्जा लगाकर झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाएंगे। भाजपा की लहर चारों और फैली हुई है। झारखंड में भाजपा की सरकार निश्चित बनेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष पवन पाण्डेय, महामंत्री रामदेव ठाकुर,उमेश वर्मा, टिंकू साव, सोमर घटवार, सरयू विश्वकर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर में गाय की मौत, पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही पर उठा सवाल



**चैनपुर:** चैनपुर में रविवार की सुबह एक दुखद घटना घटी, जहां एक गाय की तबीयत खराब होने पर बजरंग दल के युवकों ने उसे बचाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के कारण गाय की मौत हो गई। गाय की तबीयत खराब होने पर बजरंग दल के युवकों ने पशु चिकित्सा विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल किया, लेकिन उन्हें बताया गया कि विभाग की सेवाएं सिर्फ 9 बजे से 5 बजे तक उपलब्ध हैं। इसके बाद भी युवकों ने विभाग से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। बजरंग दल के सौरभ कुमार गणेश सिंह सूरज कुमार भरत कुमार सुंदरम केसरी अतुल कुमार निखिल सिंह सहित कई लोगो ने आरोप लगाया है कि पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही के कारण गाय की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर विभाग समय पर मदद करता तो गाय की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना के बाद सनातनी युवाओं में आक्रोश फैल गया और उन्होंने गाय के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। युवाओं ने पशु चिकित्सा विभाग की सेवाओं की आलोचना की और कहा कि ऐसी सेवाएं हमें नहीं चाहिए। इस घटना के बाद बजरंग दल के नेताओं ने पशु चिकित्सा विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और विभाग की लापरवाही के लिए माफी मांगने की मांग की। इस घटना ने पशु चिकित्सा विभाग की दक्षता और जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। यह आवश्यक है कि विभाग अपनी सेवाओं में सुधार करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल में शिक्षक मूल्यांकन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली:** सिल्ली बुद्धा पब्लिक स्कूल टुटकी सिल्ली में शनिवार के दिन शिक्षक मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में रांची से आये मुख्य मेंटर और प्रशिक्षक रूपा टेटे एवं एस चांद प्रकाशन के सहायक प्रादेशिक प्रबंधक अभय कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को नए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण कौशल विकसित करने का तरीका बताया और उन्होंने आधुनिक शिक्षण पद्धति एवं शिक्षण कौशल विकसित करने का तरीका को बारीकी से समझाया ताकि विद्यार्थी जल्द से जल्द अधिक सीख पाए। इस अवसर पर आसपास के कई विद्यालय के शिक्षक एवं प्राचार्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी आए हुए गणमान्य लोगों को दोपहर का भोजन भी उपलब्ध कराया गया जिसका आनंद सभी ने उठाया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव,राहुल भद्रा,नकुल बड़ाईक, गोविंदर सिंह, लंकेश्वर, हर्ष कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, सुजाता, शालिनी, जितेंद्र महतो, राकेश समेत और भी कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विभिन्न मंदिरों में विकलांग व्यक्तियों को मिडटाउन रोटरी क्लब ने बांटी व्हील चेयर



**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन ने शहर के विभिन्न मंदिरों में विकलांग व्यक्तियों के लिए व्हील चेयर डोनेट करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत, क्लब ने जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4, अयप्पा मंदिर सेक्टर 5, और राम मंदिर सेक्टर 1 में व्हील चेयर दान की हैं। इसके अलावा, एल एच कॉलोनी में रहने वाले विकलांग गुलशन कुमार को नौकरी पर जाने के लिए साइकिल रिक्शा भी प्रदान की गई है। क्लब के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने कहा, ऱ्हमारा उद्देश्य समाज में विकलांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करना है और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करने में मदद करना है। यह पहल हमारे इसी उद्देश्य की दिशा में एक कदम है। सेक्रेटरी पुनीत जोहर ने कहा, ऱ्हमें यह देखकर खुशी हुई कि हमारी पहल से विकलांग व्यक्तियों को लाभ होगा और वे अपने जीवन को बेहतर बना पाएंगे। असिस्टेंट गवर्नर साजन कपूर ने कहा, रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन हमेशा से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करता आया है और यह पहल हमारे इसी उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर, मंदिरों की व्यवस्था समिति, पुजारियों और स्थानीय लोगों ने रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन को उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है जो विकलांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

# उत्तर प्रदेश के उपचुनाव : योगी सरकार की प्रतिष्ठा दांव पर

मनोज कुमार अग्रवाल

**वैसे उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के नतीजों से बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है। 403 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के पास 283 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत है। एसपी और उसके सहयोगियों के पास सिर्फ 107 सीटें हैं। जानकारों के मुताबिक, अगर इस चुनाव में एसपी अपनी सीटें बरकरार रखने में सफल होती है, तो यह बीजेपी के लिए टेंशन बढ़ाने वाला संकेत होगा।**

देश में जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव के लिए वोटिंग होगी, 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में झटका लगा और समाजवादी पार्टी उभरी, सभी की नजरें अब चुनाव पर टिकी हैं। राजनीतिक पंडित इस चुनाव को योगी आदित्यनाथ सरकार के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बता रहे हैं, तो दूसरी तरफ अखिलेश यादव पर लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती है। मायावती की बहुजन समाज पार्टी के चुनावी मैदान में आने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। प्रदेश की जिन 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें सीसामऊ (कानपुर), कटेहरी (अंबेडकर नगर), कुंदरकी (मुरादाबाद) और करहल (मैनपुरी) इन चार सीटों पर 2022 के विधानसभा चुनावों में एसपी ने जीत दर्ज की थी तो खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और गाजियाबाद सीटें बीजेपी के पास थीं। मंझवा (मिजार्पुर) में निषाद पार्टी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर आरएलडी ने जीत दर्ज की थी। सीसामऊ को छोड़कर बाकी सभी सीटें विधायकों के सांसद बनने के बाद खाली हुई हैं। सीसामऊ सीट विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद खाली हुई है।



वैसे उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के नतीजों से बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है। 403 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के पास 283 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत है। एसपी और उसके सहयोगियों के पास सिर्फ 107 सीटें सीटें हैं। जानकारों के मुताबिक, अगर इस चुनाव में एसपी अपनी सीटें बरकरार रखने में सफल होती है, तो यह बीजेपी के लिए टेंशन बढ़ाने वाला संकेत होगा।

समाजवादी पार्टी अपने पीडीए फॉमूर्ले यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के दम पर उपचुनाव में उतर रही है। लोकसभा चुनाव में एसपी ने इसी फॉमूर्ले की बदौलत बीजेपी को पछाड़ा था, पार्टी ने प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 37 पर जीत दर्ज की थी। एसपी के जीते हुए उम्मीदवारों में 25 पिछड़ी जातियों से थे। उपचुनाव में एसपी ने चार सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें दो महिलाएं हैं, तीन सीटों पर ओबीसी और दो पर दलित समुदाय से आने वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है, जिनमें गाजियाबाद सीट भी शामिल हैं। एसपी ने कुल पांच महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पीडीए फॉमूर्ले की कामयाबी को देखते हुए बीजेपी ने भी इस बार ओबीसी उम्मीदवारों पर दांव लगाया है। पार्टी ने चार ओबीसी, दो ब्राह्मण, एक राजपूत और एक दलित उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने भी मीरापुर से ओबीसी प्रत्याशी को टिकट दिया है। मीरापुर से दबंग पत्रकार अरशद राणा के चुनावी मैदान में उतरने से यहां मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर राणा ने आननफानन में असदुद्दीन औवेसी की पार्टी से टिकट लिया और अब वे पतंग चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में हैं। सीसामऊ विधानसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। इस सीट पर मुकाबला समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार नसीम सोलंकी और बीजेपी के सुरेश अवस्थी के बीच है। सोलंकी मुस्लिम समुदाय से आती हैं, जबकि अवस्थी ब्राह्मण हैं। बीएसपी ने भी ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए वीरेंद्र शुक्ला को उम्मीदवार बनाया है, जिसके बाद कहा जा रहा है कि बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस सीट पर मुस्लिम, ब्राह्मण और दलित वोटर्स मुख्य भूमिका निभाते हैं। इतिहास भी बीजेपी के साथ नहीं है। 28 सालों से इस सीट पर कमल नहीं खिला है। बीजेपी ने 1991 में इस सीट पर पहली बार जीत दर्ज की थी, लेकिन 2012 से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। योगी के नारे बटेंगे तो कटेंगे के जवाब में अखिलेश यादव ने नारा दिया जुड़ेंगे तो जीतेंगे। उन्होंने कहा पीडीए की ताकत से घबराकर बीजेपी ने बटेंगे तो कटेंगे नारा दिया है। इसके लिए सबसे उपयुक्त कौन हो सकता था। इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री जी को आगे लाया गया है। इस बार पीडीए लोगों को जोड़ेगा। इन सब के बीच बीएसपी ने नारा दिया बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे, सुरक्षित रहेंगे। पार्टी की ओर से कहा गया है, उपचुनाव में बीएसपी के दमदारी से मैदान में उतरने से बीजेपी और एसपी की नींद उड़ी हुई है और अपनी कमियों पर से जनता का ध्यान बांटने के लिए बीजेपी द्वारा बटेंगे तो कटेंगे और एसपी एंड कंपनी के लोगों द्वारा जुड़ेंगे तो जीतेंगे आदि नारों को प्रचारित किया जा रहा है। बीएसपी पहली बार उपचुनाव में ताल ठोक रही है। पार्टी ने सभी 9 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। पिछले कुछ चुनावों में पार्टी का ग्राफ गिरा है। ऐसे में बीएसपी के लिए उपचुनाव अहम माना जा रहा है। मायावती पिछले 20 सालों में चुनाव लड़ने और जीतने के सभी फॉमूर्ले को आजमा चुकी हैं। अब नए प्रयोग के तौर पर उन्होंने उपचुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनके लिए ये करो या मरो वाली स्थिति है। इस बार वो ये नहीं देखेंगी कि एसपी का नुकसान हो रहा या फिर बीजेपी का, वो चाहेंगी कि उनका वोट प्रतिशत एक निश्चित लेवल तक बना रहे, जिससे पार्टी की साख बनी रहे। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने 43 सीटों पर जीत हासिल की है। समाजवादी पार्टी ने 37 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती हैं। वहीं बीजेपी ने 33, आरएलडी ने दो और अपना दल (एस) को एक सीट मिली है। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के नतीजों पर नजर डालें तो बीएसपी सिर्फ एक सीट जीतने में कामयाब रही थी, जबकि 2017 में पार्टी को 19 सीटें मिली थी। 2017 के मुकाबले वोट शेयर में 9 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि उपचुनाव में बीएसपी के सीट जीतने की उम्मीद तो नहीं है, लेकिन देखना होगा कि पार्टी का वोट शेयर कितना रहता है। अगर कुछ सीटों पर बीएसपी अच्छा प्रदर्शन करती है तो यह पार्टी के मुकाबले में बने रहने का संकेत होगा। 2027 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। उपचुनाव में बीएसपी ने दो मुस्लिम, दो ब्राह्मण, एक दलित और चार ओबीसी उम्मीदवार उतारे हैं। पार्टी सोशल इंजीनियरिंग के दम पर वोटर्स को साधने की कोशिश में है। अब देखना होगा कि बीएसपी इसमें कितना सफल रहती है। योगी ने पूरे चुनाव अभियान की कमान अपने कंधे पर संभाली है और इस उपचुनाव में हर कीमत पर जीत हासिल करने की तैयारी की है। विपक्ष अभी से हार के डर से प्रदेश सरकार और मशीनरी पर गंभीर आरोप लगा रहा है हालांकि चुनाव आयोग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सभी पार्टियां पूरे दमखम से चुनावी मैदान में हैं अब देखना यही है कि कौन बाजी मारने में कामयाब रहता है।

## संपादकीय

### शिक्षा में अड़ंगे

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एमफिल या पीएचड़ी ड़िग्री कोर्सेज को ओपन या ड़िस्टेंस या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मेड़िकल, इंजीनियरिंग समेत 18 कोर्सेज को भी ओपन ड़िस्टेंस मोड़ या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर रोक लगा दी है। फीजियोथेरेपी, फार्मेसी, नर्सिंग, डेंटल, आर्किटेक्चर, कानून, कृषि, हॉर्टिकल्चर, होटल प्रबंधन, कैटरिंग, पाक विज्ञान, दृश्य कला, योगा जैसे कोर्स अब ऑनलाइन या ड़िस्टेंस से नहीं चलाए जा सकेंगे। ड़ॉक्टर ऑफ फिलॉसफी या मास्टर ऑफ फिलॉसफी उन्नत शोध ड़िग्री योग्यता हैं। उच्चतम शिक्षा पाने वाले चुनिंदा छात्र ही इन अति विशिष्ट कोर्स तक पहुंचते हैं। सरकार ने दूरदराज या अन्य क्षेत्रों में व्यस्त छात्रों के लिए घर से बैठ कर ये शिक्षा लेने की व्यवस्था की थी। मगर विश्वविद्यालयों की धांधली या निरंतर मिलने वाली शिकायतों के चलते यूजीसी को सख्त निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रति वर्ष तमाम विश्वविद्यालयों को प्रतिबंधित करने या पाबंदियां लगाने संबंधी नोटिस जारी करता रहता है। कहना गलत नहीं है कि कुछ जरूरतमंद और उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक छात्रों को इससे असुविधा भी हो सकती है। आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के ढ़ेरों विद्यार्थी हैं, जो कोई रोजगार या नौकरी करते हुए अतिरिक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिहाज से ओपन या ऑनलाइन कोर्स में दाखिला लेने को मजबूर होते हैं। ऐसे जरूरतमंदों के लिए भी आयोग को रास्ता सुझाना चाहिए। आयोग का काम मान्यता की जांच करने की सलाह पर ही खत्म नहीं हो जाता। उसे सख्तीपूर्वक ऐसे किसी भी विश्वविद्याल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए क्योंकि इससे न केवल छात्रों का भविष्य चौपट होता है। बल्कि उनका बहुत सारा पैसा भी बर्बाद हो जाता है। विज्ञापनों द्वारा ऐसे संस्थान जब प्रचार कर रहे होते हैं, उसी वक्त इन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। दूसरे, दुनिया जब तकनीक और संचार व्यवस्था द्वारा शिक्षा को सुविधाजनक बना रही हैं, ऐसे में विवि की लापरवाही का खमियाजा छात्रों को भुगतने से बचाना भी आयोग का ही जिम्मा है।




## चिंतन-मनन

### आहार का असर

आदमी बीमार हो गया। रक्त चढ़ाने की जरूरत हुई। डॉक्टर रक्त चढ़ाता है, तो पहले वह ग्रुप मिलाता है। किस ग्रुप का रक्त है? ठीक मिलेगा या नहीं? सेठ को रक्त चढ़ाना था- एक कंजूस आदमी का रक्त ठीक मिला, चढ़ाया गया। सेठ को पता चला कि उसको कंजूस का रक्त चढ़ाया जा रहा है। सेठ बड़ा उदार था। अपने मुनीम को कहा, उसको तीन हजार रूपए दे दो। भाग्य की बात, दूसरी बार फिर खून चढ़ाने की जरूरत हुई। उसी कंजूस का रक्त। सेठ ने कहा, उसे सौ रूपए दे दो। तीसरी बार जरूरत हुई तो सेठ ने एक कागज लिया और उस पर लिखा साधुवाद, धन्यवाद!

ऐसा क्यों हुआ? सेठ तो उदार था, किन्तु जिसका रक्त चढ़ाया जा रहा था, वह कंजूस था। उसका इतना प्रभाव हुआ कि जब तक रक्त का पूरा प्रभाव नहीं हुआ तो तीन हजार रूपए दिए, थोड़ा प्रभाव हुआ तो सौ रूपए और पूरा प्रभाव हुआ तो धन्यवाद दिया।

कहने का अर्थ यह कि चाहे रक्त हो, चाहे कोई दूसरी वस्तु हो, हमारे शरीर में बाहर के जो परमाणु प्रवेश पाते हैं, वे परमाणु जिस प्रकार के होते हैं, अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रहते। इसलिए यह विषय हमारे लिए इतना महत्व का है कि बाहर से क्या आ रहा है, हम पूरा विवेक करें, पूरी छानबीन करें, तब ही किसी बात को स्वीकार करें। हम इस बात को अस्वीकार नहीं करेंगे कि भोजन के परमाणुओं में अनेक तत्व विद्यमान होते हैं, अनेक संस्कार मिले होते हैं। उन संस्कारों का असर हमारे जीवन के दैनिक क्रियाकलापों पर पड़ता है। इससे हम अछूते नहीं रह सकते।

# मणिपुर की नफरती हिंसा से सबक लेने की आवश्यकता



डॉ हिदायत अहमद खान

कभी भी, कहीं भी कोई हिंसा रुपी आग अचानक ही नहीं भडक जाती है, बल्कि इसे सुलगाने के लिए कुच्छ लोगों के मुंह की धोंकनी का इस्तेमाल लगातार किया जाता है। ठीक वैसे ही जैसे कि किसी राख में दबे अंतिम सांस ले रहे अंगारे को सूखी घांस-पूस या पत्तों में रखकर बराबर जलाने का प्रयास किया जाता है और फिर आग के वृहत रुप में वो हमारे सामने होती है। ठीक वैसे ही लोगों के दिलों में एक-दूसरे के प्रति नफरत के बीज बोने का काम कुछ लोग अपने इसी मुंह से करते रहते हैं। जब नफरत की आग धधक जाती है और उसकी चपेट में निर्दोष मासूम लोग आने लग जाते हैं तब बताया जाता है कि अमूमन इन कारणों से अचानक हिंसा भड़क गई होगी, जिसे समय पर काबू तो पाया जा सकता था, लेकिन मौजूदा शासन-प्रशासन इससे बेखबर कुंभकरणी नींद में सोया रहा और शहर के शहर जलते चले गए। यदि शासन की बागडोर किसी और के हाथ में होती तो ऐसा नहीं होता। इसे ही राजनीति में कुर्सी का कुत्सित खेल कहा गया है। यहां, यह सब कहने और सुनने की आवश्यकता इसलिए पड़ गई, क्योंकि मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। हालात फिर से बिगड़ते चले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बढ़ती हिंसा मणिपुर राज्य के लिए एक गंभीर चेतावनी है। राज्य के हालात तेजी से बेकाबू हो रहे हैं, और इसकी गहरी जड़ें राजनीतिक असहमति, जातीय संघर्ष और प्रशासनिक विफलता में छिपी हुई हैं। यहां बताते चलें कि हाल ही में जिरीबाम जिले में छह लापता व्यक्तियों के शव मिलने के बाद राज्य में एक बार फिर से हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ है। इसे लेकर अब राजनीतिक गलियारे में चिंता की लकीरें साफ देखने को मिल रही हैं। वैसे भी मणिपुर हिंसा समग्र सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य के लिए चिंता का विषय तो है ही। दरअसल इस बार प्रदर्शनकारियों ने राज्य के मंत्रियों और विधायकों के घरों पर हमले किए हैं। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के आवास को भीड़ ने घेरा और अंदर जाने की कोशिश की, वहीं हिंसक भीड़ ने उनके दामाद के घर को भी निशाना बनाया। इस बार हमलावरों ने विधायकों के घरों में आग लगा दी, और उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। ये हमले उस समय हुए जब मणिपुर में बढ़ती हिंसा के कारण राज्य सरकार ने पांच जिलों में कर्फ्यू लगा दिया था और इंटरनेट सेवाएं भी निर्लंबित कर दीं थीं।



मणिपुर हिंसा की वजह लाशों की बरामदगी को बताया जा रहा है। जिरीबाम के बारक नदी से लापता दो महिलाओं और एक बच्चे के शव मिले, जबकि तीन अन्य शव पहले ही बरामद किए जा चुके थे। इन शवों की बरामदगी ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया और उन्होंने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया। वैसे देखा जाए तो मणिपुर हिंसा का मूल कारण महज शवों की बरामदगी या इन ताजा घटनाओं के प्रत्यक्ष परिणाम तो कतई नहीं हो सकते हैं, बल्कि इसके पीछे लंबे समय से चला आ रहा असंतोष और समुदायों को आपस में विभाजन करने की कूटनीति ही जिम्मेदार है। विभिन्न समुदायों के बीच गहरे विभाजन की रेखा को इस हिंसा ने पूरी तरह से उजागर कर दिया है। यही नहीं जातीय संघर्ष का हल निकालने की बजाय राजनीतिक असहमति का जो खेल जमीनी स्तर पर खेला गया उसने समस्या को एक जटिलता प्रदान कर दी है। इसलिए हिंसा की चपेट में अब सीधे सरकार के मंत्री और विधायकों के घर भी आ रहे हैं। यहां कहना गलत न होगा कि महज वोट पाने और कुर्सी पर काबिज होने की सोच रखने वाले नेताओं के किरादार को सभ्य समाज बनाने वाला तो कतई नहीं रहने दिया है। ऐसे अधिकांश नेताओं द्वारा राजनीतिक मंचों से जो सार्वजनिक बयान दिए जाते हैं, वो काफी हद तक लोगों के दिलों में एक-दूसरे के प्रति नफरत पैदा करने वाले होते हैं। समाज को अलग-अलग खानों में बांटने और फिर अपना वोट बैंक पुख्ता करने का जो गंदा खेल-खेला जाता है, वह सरकार बनने के बाद तक जारी रहता है। इसका खामियाजा मौजूदा समय में मणिपुर समेत देश के अनेक इलाकों को भुगतना पड़ रहा है। चुनाव के समय गलत बयानी करना मानों इन नेताओं का जन्मसिद्ध अधिकार हो गया है। ऐसे विवादित भाषणों और बयानों पर अनेक दफा चुनाव आयोग और अदालतें संज्ञान भी लेती हैं और ऐसा नहीं करने का कड़ा संदेश भी दिया जाता है, लेकिन सभी कोशिशें ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित होती हैं। ऐसे नेताओं के लिए बतौर सबक तुलसीदास जी का यह दोहा बहुत कारगर हो सकता है, जिसमें वो कहते हैं- मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक। पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥ अर्थात एक उत्तम कोटि के मुखिया को उस मुख या मुंह के समान होना चाहिए, जो कि भोजन आदि खाने-पीने का काम तो स्वंय अकेला ही करता है, लेकिन वह जो भी ग्रहण करता है, उससे शरीर के सारे अंगों का पालन पोषण समान रुप से करता है। यदि मुखिया ऐसा विवेकवान होगा तो समाज में सभी का विकास और उन्नति होगी और कहीं किसी के प्रति कोई असंतोष भी नहीं होगा। इस समय मणिपुर हिंसा बड़ी जरुर नजर आ रही है, लेकिन ऐसा नहीं है कि उसका कोई हल ही नहीं है। सिर्फ मणिपुर में ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश में नफरती माहौल को प्यार और मोहब्बत में बदलने की आवश्यकता है। बिना भेद-भाव के सभी हाथों को काम मिलना चाहिए और समाज को बांटने वाली वोटबैंक वाली राजनीति पूरी तरह से बंद होनी चाहिए, यही हिंसा का सही समाधान है। वैसे भी मणिपुर में हिंसा फैलाने वालों को खुद भी सोचना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। समस्या के समाधान के लिए शांति और सौहार्द वाला वातावरण जरुरी है, जिसमें साथ मिल-बैठ कर एक उत्तम रास्ता निकाला जा सके।

# वैश्विकी : ट्रंप मंत्रिमंडल का डर



डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप के मंत्रिमंड़ल ने लगभग आकार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने ऐसे लोगों का चयन किया है, जो उनके प्रति निष्ठावान हैं तथा घरेलू एवं विदेश मोर्चे पर उनके एजेंडे. से सहमत हैं। नये मंत्रिमंड़ल को लेकर अमेरिका ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगी देशों में भी आशंका और बेचैनी का माहौल है। स्पष्ट है कि चुनाव में भारी जीत के बावजूद ट्रंप को अमेरिका के अदृश्य सत्ता-प्रतिष्ठान और मुख्य धारा की मीड़िया का समर्थन नहीं मिल रहा है। इन तबकों ने ट्रंप के खिलाफ अभी से मोर्चेबंदी शुरू कर दी है।



शुरूआती तौर पर ट्रंप की ओर से चुने गए कुछ मंत्रियों को निशाना बनाया जा रहा है। सबसे अधिक आलोचना नव-नियुक्त राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड. और अटॉर्नी जनरल मैट गेट्ज की हो रही है। अभी से यह कवायद शुरू हो गई है कि सीनेट द्वारा इनकी नियुक्ति को नामंजूर कर दिया जाए। तुलसी कई वर्ष पूर्व ड़ेमोक्रेटिक पार्टी में एक उभरता हुआ सितारा मानी जाती थीं। अमेरिकी रिजर्व सेना में ले. कर्नल के रूप में कार्यरत तुलसी स्वयं युद्धछिड़. जाने की विरोधी हैं। वह अन्य देशों में हस्तक्षेप करने वाली विदेश नीति की भी आलोचक हैं। एक ओर वह इस्लामी आतंकवाद की विरोधी हैं तो वहीं उनका मानना है कि पश्चिमी एशिया के देशों में अमेरिका ने मनमाने तौर पर हस्तक्षेप किया जिससे वहां हालात पहले से भी खराब हो गए।

राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में तुलसी अमेरिका की सबसे शक्तिशाली महिला के रूप में उभरेंगी। वह देश की सीआईए और एफबीआई सहित सत्रह खुफिया एजेंसियों की मुखिया के रूप में काम करेंगी। उनकी जिम्मेदारी होगी कि प्रति दिन राष्ट्रपति ट्रंप को देश-दुनिया के हालात के बारे में खुफिया जानकारियों का सारांश पेश करें। इस तरह वह राष्ट्रपति के लिए आंख-कान का काम करेंगी। यह विशेषाधिकार अमेरिका के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री को भी हासिल नहीं है। इसीलिए तुलसी की युद्ध विरोधी नीतियों का असर यूरोपीय देशों पर दिखाई देने लगा है। इसी नये माहौल में जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोलज ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन से यूक्रेन मसले पर दो साल के अंतराल के बाद बातचीत की। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के लिए यह खतरे की घंटी थी। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अब पुतिन से बातचीत करने के लिए पश्चिमी नेताओं में होड़. लग जाएगी। उल्लेखनीय है कि जो पश्चिमी देश रूस को युद्ध के मोर्चे पर पराजित करने की मुहिम चला रहे थे, वे अमेरिकी चुनाव के बाद शांति की बात करने लगे। यूरोपीय देशों के लिए एक नई समस्या सैन्य संगठन नाटो के भविष्य को लेकर भी है। ट्रंप नाटो में अमेरिकी भूमिका को सीमित करना चाहते हैं। इन हालात में यूरोपीय देशों को नाटो के लिए अपनी ओर से अधिक संसाधन मुहैया कराने होंगे। पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे इन देशों के लिए यह चुनौती होगी।

तुलसी गबार्ड. की युद्ध विरोधी नीतियों का असर चीन और पश्चिम एशिया के मामलों पर भी पड़ेगा। यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप पश्चिम एशिया में इस्राइलू को अधिक समर्थन देने तथा चीन के खिलाफ सख्त आर्थिक और सैनिक रवैया अपनाने के समर्थक हैं, लेकिन उनका प्रशासन युद्ध या संघर्ष का विस्तार न होने देने की नीति अपनाएगा। जहां तक भारत का संबंध है तो अमेरिका में खालिस्तान समर्थक तत्वों पर धीरे-धीरे लगाम लगेगी। हो सकता है कि गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे खालिस्तानी नेता अमेरिका छोड़क र कनाड़ा में शरण लें। अमेरिका में भारतीय खुफिया एजेंसी के खिलाफ चल रहे मुकदमे के भी आने वाले दिनों में सुलझने की संभावना है। कुल मिलाकर बाइड़न प्रशासन के कार्यकाल में शुरू हुए यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संकट का विस्तार रुक गया है। साथ ही, कूटनीति और वार्ता के विकल्प को बल मिला है। देखना है कि यह आशाजनक शुरूआत पूरी तरह शांति में बदलती है, या नहीं।

# कल्पना सोरेन ने निशात आलम के पक्ष में जनसभा को किया संबोधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बारहरवा :** रविवार को हाई स्कूल मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने महागठबंधन के प्रत्याशी निशात आलम के पक्ष में चुनाव प्रचार कर उन्हें भारी से भारी मतों से विजय बनाने के लिए लोगों से आह्वान किया। कल्पना सोरेन को सुनने के लिए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष की भीड़ एकत्रित हुई थी। दिन के लगभग 12:00 बजे जब कल्पना सोरेन हाई स्कूल मैदान पहुंची तो वहां पर पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी निशात आलम, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकत खान, झामुमो के बरहरवा के सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष अशोक दास, अब्दुल गफूर आदि ने उनका



जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद कल्पना सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए बताया कि हेमंत सरकार को मजबूती प्रदान करने के लिए आप लोग 20 नवंबर को महागठबंधन के प्रत्याशी निशात आलम को भारी से भरी मतों से विजय बनाएं। इसके अलावा उन्होंने बिजली बिल की माफी, मईया सम्मान योजना, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, से लेकर महागठबंधन सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनता को बताया। विरोधियों को लाल करते हुए उन्होंने आगे बताया कि इस बार निश्चित रूप से महागठबंधन की सरकार बनेगी उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या आपका बिजली बिल माफ हुआ, कृषि ऋण माफ हुआ, क्या आपको 200 यूनिट बिजली फ्री मिल रही है। इन्हीं सब बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान हाई स्कूल मैदान में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। बरहरवा थाना पुलिस के तरफ से भी इस सभा को लेकर व्यापक सुरक्षा के इंतजाम किया गया था।

## भ्रष्टाचार के बादल जरमुंडी से हटने वाले हैं : गौरव वल्लभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी के जरमुंडी विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र कुँवर के पक्ष में वोट का अपील करने पहुंचे प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि भ्रष्टाचार के बादल जरमुंडी से हटने वाले हैं। वह बासुकीनाथ में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री बादल पत्रलेख पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बादल पत्रलेख महागठबंधन इंडी की हेमंत सरकार ने भी भ्रष्टाचारी करार देते हुए महज 4 माह पूर्व मंत्री पद से हटा दिया। एक-एक सबूत लाया हूँ। उन्होंने कहा कि खाद्य-बीज विक्रेता, पौधे विक्रेता जो पैसे की थैली लेकर घूम रहे हैं, उस पर नजर है। लूट के पैसे रखने वाले भ्रष्टाचारी को घुसपैठिया की तरह बाहर निकाला जायेगा। भ्रष्टाचार के बादल अब हट चुके हैं,लोग आपको बाय-बाय कह चुकी है। प्रवक्ता बल्लभ ने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा कि जेएमएम का मतलब जमीन जिहाद, महिला जिहाद और मजदूर जिहाद है। महागठबंधन के लोगों का 23 नवंबर को अंत हो जायेगा। बांग्लादेशी घुसपैठियों और भ्रष्टाचारियों को एक-एक पाई चुकता करना होगा। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन के मईया सम्मान योजना को लेकर पीआईएल पर कहा कि वर्ष 2019 के चुनावी घोषणा पत्र में 2 हजार प्रति माह देने का वादा किया था। दो माह का पैसा तो दिए, बाकी के पैसे 1.18 लाख कहां गए।

## झामुमो-कांग्रेस को आदिवासियों की घटती जनसंख्या की चिंता नहीं : चम्पाई सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार को बरहेट विधानसभा अंतर्गत प्रखंड के जिमोली मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इसके पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को आदिवासी रीति रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता सह वंशज मंडल मुर्मू, कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भीड़ को देखकर लोगों को जौहर से संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने झामुमो कांग्रेस पर हमलावर रहा। अपने संबोधन के द्वारा उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस झारखंड मे आदिवासियों की घटती जनसंख्या का जिम्मेदार है।वर्तमान समय में आदिवासियों पर कई घटनाएं हो रहे हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। झारखंड राज्य सहित संथाल परगना पर आदिवासियों की जनसंख्या



दिन प्रतिदिन घटती जा रही है, अगर समय रहते हम आदिवासी सचेत होने की जरूरी है। संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को झामुमो कांग्रेस संरक्षण प्राप्त है, सिद्धू कानू चांद भैरव, फूलों जानू की धरती को बचाना है आदिवासियों की घटती जनसंख्या को बचाना है आदिवासियों की जल जंगल जमीन को बचाना है, साथ ही साथ आदिवासी मूलवासी कोई गलत नजर उठा कर देखें तो उन्हें झारखंड राज्य से बाहर करने का काम भाजपा सरकार करेगी। लेकिन मैं झामुमो का सच्चा सिपाही था, मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को खून से खींचा हूं लेकिन मुझे बेज्जती कर मुख्यमंत्री का पद से इस्तीफा दिलाया,झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस ने बेज्जती कर पार्टी से निकाल दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस आदिवासियों का आवाज उठाना शुरू किया तो मुझे पार्टी से निकाल दिया। मैं आंदोलनकारी रहा हूं लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा का विचारधारा बदल गया। इसीलिए 20 नवंबर को बरहेट विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी ग्मालियल हेंब्रम को एक नंबर बटन में दबाकर विजय बनाना है, आपके नेतृत्व में विधानसभा के प्रत्याशी ग्मालियल को जीतने का काम करें।

## पोड़लौंग में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** शनिवार एवं रविवार को कुकडू प्रखंड क्षेत्र के पोइलौंग फुटबॉल मैदान में एनएससी सापारूम-पोइलौंग के तत्वाधान में दो दिवसीय 16 दलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव उर्फ मांझी साव, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील कुमार महतो मौजूद रहे। इस दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच मानभूम एफसी बनाम एचएसबी स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। जिसमें मानभूम एफसी एक गोल से विजय हुई। प्रतियोगिता में विजेता मानभूम एफसी को नगद 30 हजार रुपये, उपविजेता एचएसबी स्पोर्टिंग को नगद 24 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार सुंदर नगर को 12 हजार रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार गंधुडीह फुटबॉल टीम को 12 हजार रुपये नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल खेल से पहले अतिथियों ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि तपन सिंह मुंडा, सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, चौड़ा पंचायत के मुखिया रामलाल सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य जितेंद्रनाथ महतो, राजकुमार महतो, सुनील कुमार महतो, खेल का संचालन नरोत्तम गोप एवं राजू गोप ने किया। इस दौरान काफी संख्या दर्शक मौजूद थे।

## चुनाव में चंद्र प्रकाश चौधरी और ममता की प्रतिष्ठा दांव पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधानसभा सीट का चुनाव इस बार कई मायनों में काफी दिलचस्प हो गया है। इस चुनाव में एक तरफ जहां सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। वहीं दूसरी तरफ ममता देवी भी अपनी खोई हुई जमीन को वापस पाने के लिए सारे दांव खेल रही है। कोई भी प्रत्याशी अपनी तरफ से ऐसी कोई चूक नहीं करना चाह रहा है, जिससे जनता को उसे नकारने का मौका मिल जाए। जबरदस्त राजनीतिक रस्साकसी के साथ ही बेहतर बूथ मैनेजमेंट भी इस चुनाव में कारगर साबित होगा। वर्ष 2019 में जहां रामगढ़ विधानसभा में चंद्र प्रकाश हराओ का नारा गूंज रहा था, वहीं 2024 के चुनाव में उनके खिलाफ जनता में कोई नाराजगी नहीं दिख रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि उपचुनाव में अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को जिताने के बाद भी ऐसा कोई कदम चंद्र प्रकाश चौधरी ने नहीं उठाया, जिससे शहर से लेकर गांव तक की जनता को कोई दिक्कत हो। यहां तक कि पति और पत्नी दोनों ने मिलकर पूरे डेढ़ वर्षो में लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया और जनता में अपनी खोई हुई साख को वापस पाने में कामयाब रहे। संघर्ष की जमीन से उभरी ममता देवी को रामगढ़ की जनता ने आंचल में विधायक की सीट दी। जिस समय ममता देवी विधायक बनीं, उसी समय उनके गठबंधन की सरकार भी राज्य में बनी। लेकिन ममता देवी राज्य सरकार की योजनाओं और उनके संसाधनों का सही उपयोग नहीं कर पाईं। नतीजा यह हुआ कि उपचुनाव में उनके पति बजरंग महतो को करारी हार का सामना करना पड़ा। सजा पर रोक लगने के बाद चुनावी मैदान में उतरी ममता ने इस चुनाव को काफी दिलचस्प बनाया। अब वह अपनी खोई हुई जमीन को वापस पाने में जुट गई हैं ।

## हमारी सरकार बनी तो एक-एक घुसपैठिये को यहां से बांग्लादेश भगाया जाएगा : अनन्त ओझा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा आम चुनाव 2024 से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने गर्ल हाई स्कूल के समीप अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस मीडिया को किया संबोधित। अनंत ओझा ने अपने दस वर्षों में क्षेत्र में किये गए विकास योजनाओं को बताया और भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली हेमन्त सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए राजमहल विधानसभा क्षेत्र में फिर एक बार कमल खिलाना है और राजमहल विधानसभा चुनाव में आम जनता उनके साथ है। कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही हैं जिस से यहाँ की डेमोग्राफिक में तेजी से बदलाव आया हैं,भाजपा



ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा किया हैं कि एक एक घुसपैठियों को यहाँ बंगलादेश भगाया जाएगा। कहा कि विपक्षी लोग हिंदुओ को जाती में बांटकर अपना तुष्टिकरण की राजनीति को कायम रखना चाहते है जबकि यही लोग मुस्लिमों का जाती का बात नहीं करते हैं जनता इन्हें करार जवाब देगी। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि राजमहल में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं था मेरे द्वारा राजमहल में मॉडल डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया गया। कॉलेज के बगल में परीक्षा भवन का निर्माण चल रहा हैं, राजमहल में आजादी के बाद पहली बार स्टेडियम का निर्माण हुआ। बस स्टैंड का निर्माण हुआ। शहरी पेयजलापूर्ति योजना और ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना जो मैं पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में लाया था उसको हेमन्त सोरेन सरकार पांच वर्षों तक लटकाने और भटकाने का काम किया। नया बाजार से साहिबगंज की जर्जर सड़क बनाने में लगातार आवाज उठाने के बाद यह सरकार पांच वर्ष लगा दी। कहा कि केलाबाड़ी से सकरी तक फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं कहा कि जनता का आशीर्वाद मुझे फिर मिला तो 2029 से पहले राजमहल से मानिकचक गंगा पुल निर्माण काम शुरू हो जाएगा। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी इसको समाहित करने का काम किया हैं। राजमहल की ग्रामीण सड़क का निर्माण तेजी से हुआ। शमार्पुर से महराजपुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया। राजमहल में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत हैं,यह सरकार नहीं बनने दे रही हैं, राजमहल में कृषि विज्ञान स्वीकृत हैं ये भी नहीं बनने दिया हेमन्त सोरेन सरकार। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया।कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनी तो संताल परगना से घुसपैठियों को भगाया जाएगा। दो लाख 87 हजार को सरकारी नौकरी दी जाएगी।ग्रेजुएट युवकों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए हर महीने दो हजार रुपए दो साल तक दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख पीएम आवास दिए जाएंगे। लोगों को बालू फ्री में दी जाएगी। 50 लाख बेरोजगारों का रोजगार दिया जाएगा।

## एक नजर

### झारखंड एकता मंच ने एनडीए को समर्थन देने का किया एलान

**रामगढ़ :** झारखंड एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजन सिंह ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चंद्रप्रकाश चौधरी ने जिस प्रकार से विकास की लंबी लकीर खिंची है, उसी प्रकार कम समय के अंतराल विधायक सुनीता चौधरी ने विकास की है। इसे देखते हुए झारखंड एकता मंच एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को अपना समर्थन करती है। यह बातें झारखंड एकता मंच ने रविवार को एक होटल के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि झारखंड एकता मंच हमेशा से गरीबों और बेसहारा लोगों को मदद करते आ रही है। इसी के तर्ज पर विधायक सुनीता चौधरी भी लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उनका निदान करती है। इनके कार्यकाल में रामगढ़ विधानसभा में अनगिनत विकास की लकीरें खींची गई है। उन्होंने कहा कि एकता मंच रामगढ़ विधानसभा के विकास को देखते हुए एनडीए प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है और मंच के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उन्हें जीता कर विधानसभा भेजने का काम करेगी।

### चतरा में डैम में डूबने से किशोर की मौत

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बलुरी गांव निवासी संतोष चंद्रवंशी के 12 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार की मौत रविवार को बागदुलवा डैम में डूबने से हो गई। परिजनों ने बताया कि वह अपने फुफेरा भाई के साथ डैम के पास खेल रहा था। खेलने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। फूफेरा भाई ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। जब तक उसे निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो गई। डैम से निकालकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य के लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने घर का एकलौता पुत्र था।

### आग से झुलसी महिला की मौत

**पलामू :** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही गांव में गोविंद पासवान की पत्नी रीमा देवी (30) आग से झुलसने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बीती रात की है। रीमा देवी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मेदिनीनगर में इलाज के दौरान भी कोई सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर किया। रांची ले जाते समय रविवार को रास्ते में ही रीमा देवी की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### इप्टा ने बाल मेला आयोजित कर 101 छात्रों को सौंपा सहभागिता प्रमाण पत्र

**सरायकेला :** भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा द्वारा रविवार को 320वीं बैठक सेतु बिहार प्राइवेट आईटीआई नीमपाड़ा बस्ती गम्हरिया में हुई। जिसमें एक बाल मेला समारोह इप्टा के कैलेंडर के अनुसार आयोजित हुआ। इसमें 101 विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। बच्चों को गृह जिला में ही उच्च शिक्षा दी जाएगी

इस सहभागिता प्रमाण पत्र का अर्थ यह है कि जिस बच्चे को यह प्रमाण पत्र मिला उसे किसी भी उच्च प्रतियोगिता के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनको अपने गृह जिला में ही उच्च शिक्षा दी जाएगी। इस प्रकार आज बच्चों को प्रमाण पत्र देने मुख्य अतिथि के रूप में संतोष कुमार पांडे योग शिक्षक को आमंत्रित किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट संत जेवियर स्कूल बी ने 6 विकेट से जीता



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को संत जेवियर स्कूल बी बनाम कंबाइंड इलेवन के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर संत जेवियर की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं कंबाइंड 11 पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 90 रन बना कर ऑल आउट हो गया। शाहिद शेख ने 20 व शदाब हुसैन ने 17 रनों की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज शिवम कुमार ने 6 व सूरज ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने 11.2 ओवर में 4 विकेट पर 91 रन बना कर 6 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ने 35 व मीत कुमार ने 34 रनों की पारी खेली। कंबाइंड 11 के गेंदबाज नितेन मंडल ने 3 विकेट लिया। संत जेवियर के खिलाड़ी शिवम कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जेएससीए डिस्ट्रिक सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने शिवम कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व राकेश कुमार रोशन, स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने रिसीविंग सेंटर का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 01- राजमहल, 02- बोरियो एवं 03- बरहेट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाये गए रिसीविंग सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, 03- बरहेट निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 02- बोरियो निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 01- राजमहल निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी झूनु कुमार मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकार सुदेश कुमार का आकस्मिक निधन, पत्रकारिता जगत में शोक



**सरायकेला :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुदेश कुमार का बीती रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। सुदेश कुमार 16 अगस्त को अपनी माँ के निधन से मर्माहत थे। उनके निधन के ठीक तीन महीने बाद अब उन्होंने भी इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अपने पीछे वे दो नाबालिग बेटे और पत्नी मोहिनी सिंह सहित पूरे परिवार को छोड़ गए हैं।जानकारी के अनुसार, 16 नवंबर की रात खाना खाने के बाद सुदेश कुमार अपने कंप्यूटर वाले कमरे में काम कर रहे थे। काम खत्म करने के बाद वे वहीं सो गए। रात लगभग डेढ़ बजे उनकी पत्नी मोहिनी सिंह उन्हें देखने गईं तो उन्हें बिस्तर से जमीन पर लेटा हुआ पाया। मोहिनी सिंह ने उन्हें उठाने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। घबराकर परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया गया और तुरंत जमशेदपुर के खरंगाझार स्थित टेल्को हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सुदेश कुमार के निधन से उनके सहयोगियों, शुभचिंतकों और पूरे पत्रकारिता जगत में गहरा शोक है। उनके करीबी लोगों ने उन्हें एक समर्पित और ईमानदार पत्रकार बताया। एक पत्रकार के रूप में सुदेश कुमार ने क्षेत्रीय और सामाजिक मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।सुदेश कुमार के अचानक निधन से उनका परिवार गहरे संकट में है। उनके दो नाबालिग बेटे और पत्नी के लिए यह समय बेहद कठिन है। स्थानीय लोगों और प्रशासन से उम्मीद है कि परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।सुदेश कुमार के पार्थिव शरीर को उनके घर चांडिल लाया जाएगा, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। अंतिम संस्कार के समय क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और पत्रकार साथीयों के उपस्थित रहें। पत्रकारिता जगत में उनके योगदान और सुदेश कुमार के व्यक्तित्व को हमेशा याद किया जाएगा।

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केद्रों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर 02- बोरियो के सामान्य प्रेक्षक गौतम कुमार सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौजूद पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। 02- बोरियो विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक सिंह के द्वारा बोरियो विधानसभा अंतर्गत बोआरीजोर प्रखंड के बूथ संख्या 321, 322, 325, 280, 281 एवं 282, 343, 316 एवं 298 निरीक्षण किया। प्रेक्षक के द्वारा मतदान केंद्र में मूल भूत सुविधाओं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग प्वाइंट, नल की व्यवस्था और जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर बोआरीजोर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता देवीलाल हॉसदा उपस्थित थे।

# विदेशी संपत्ति, आय का खुलासा न करने पर 10 लाख का जुर्माना: आयकर विभाग

**- करदाता को अपने आईटीआर में विदेशी संपत्ति और आय का विवरण अनिवार्य रूप से भरना होगा**




**नई दिल्ली ।** देश में आयकर विभाग ने करदाताओं को एक चेतावनी जारी की है कि अगर कोई व्यक्ति अपनी विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशी आय का खुलासा नहीं करता है तो उसे कालाधन विरोधी कानून के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। विभाग ने अपने अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया है जिसका मकसद है करदाता को समझाना कि वे इस वर्ष के आईटीआर में अपनी विदेशी संपत्ति और आय का विवरण दें। कर विभाग की ओर से दी गई चेतावनी के अनुसार करदाता को अपने आईटीआर में विदेशी संपत्ति और आय का विवरण अनिवार्य रूप से भरना होगा, भले ही उनकी आय कम हो या विदेश से प्राप्त हो। अधिक जानकारी के लिए करदाताओं को अपने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। विभाग ने कहा है कि उन व्यक्तियों को सूचित किया जाएगा जिन्होंने पहले ही अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है और उन्हें विदेशी संपत्ति या आय के बारे में जानकारी नहीं भरने की सुझाव दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसे कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। इसलिए करदाताओं को सुझाव दिया जा रहा है कि वे अपने आईटीआर को समय पर और सही जानकारी के साथ भरें।

# बोइंग कंपनी अपने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करेगी

**- करीब 17000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देने का किया फैसला**



**नई दिल्ली ।**

एयरोस्पेस कंपनी बोइंग आगामी वर्ष में 8 अरब डॉलर का घाटा होने के चलते अपने कर्मचारियों में 10 फीसदी की कटौती कर सकती है, कटौती की घोषणा कंपनी ने हाल ही में की है। इसके परिणामस्वरूप करीब 17000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देने का फैसला किया गया है। यह फैसला मानव संसाधन में सबसे बड़ी छंटनी माना जा रहा है। कंपनी की यह कदम बढ़ती लागत को कम करने और वित्तीय स्थिति में सुधार करने की कोशिश का हिस्सा है। इसके अलावा बोइंग ने 2027 से 767 और 777एक्स विमानों के उत्पादन में रुकावट की घोषणा की है। यह डिसेशन बोइंग के उद्योग में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल को बनाए रखने के लिए किया गया है। हालांकि कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस कदम को केवल अनिवार्य परिस्थितियों में लिया है और वह परियोजनाओं पर काम जारी रखने की कोशिश कर रही है। कर्मचारियों के संगठनों ने इस कदम की मुख्यता और स्थिति पर प्रभाव का खेमंय रखा है। कंपनी उम्मीद कर रही है कि उनके कठिन फैसलों से लागत को कम करने और वर्कफोर्स को संतुलित करने में मदद मिलेगी। यह संकेत देता है कि बोइंग निरंतर अपने उद्योग को सजीव रखने के लिए नये सुराही मानव संसाधन मोडल और कार्य प्रणाली का अध्ययन कर रहा है।

# सर्दी के मौसम में मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**- सरसों दाने का थोक भाव 85 रुपये के सुधार के साथ 6,700-6,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली ।**

देश में सर्दी के मौसम में सॉफ्ट आयल की मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती दिखी। बाजार सूत्रों के मुताबिक सरकार ने खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि की है, जिसकी वजह से खाद्य तेलों के दाम मजबूत हो गए हैं। इस बढ़ती मांग के परिणामस्वरुप सरसों की आवक कम हो रही है। हरियाणा में सहकारी संस्थाओं ने ज्यादातर सरसों की खरीद कर ली है, लेकिन इससे आवक में अभी भी कमी है। सूत्रों का कहना है कि सरसों की संभलकर बिक्री की जानी चाहिये ताकि खाद्यतेल बाजार में सभी चीजों का उपलब्धता बना रहे। विदेशों में भी खाद्य तेलों के निर्माण में बढ़ोतरी की वजह से खाद्य तेलों की मांग बढ़ी है।

सोयाबीन तेल के भी दाम में सुधार देखा गया है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 85 रुपये के सुधार के साथ 6,700-6,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 25 रुपये की तेजी के साथ 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,310-2,410 रुपये और 2,310-2,435 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। डीओसी की स्थानीय मांग के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,625-4,675 रुपये और 4,325-4,360 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम भी क्रमशः 125 रुपये, 175 रुपये और 75 रुपये बढ़कर क्रमशः 14,650 रुपये, 14,400 रुपये और 10,675 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार का रुख दिखा। मूंगफली तिलहन का भाव जहां 275 रुपये के सुधार के साथ 6,725-7,000 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ, वहीं मूंगफली तेल गुजरात 425 रुपये की तेजी के साथ 15,675 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 70 रुपये की तेजी दर्शाता 2,370-2,670 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

# आदित्य बिड़ला ग्रुप ने निवेश विनिर्माण क्षमता बढ़ाने 20 अरब डॉलर का किया निवेश

**- कंपनी सीमेंट उत्पादन क्षमता को 20 करोड़ टन तक बढ़ाएगी**

ADITYA BIRLA GROUP

**नई दिल्ली ।**

आदित्य बिड़ला ग्रुप ने अपनी एक बड़ी घोषणा की है, जिसमें 20 अरब डालर का भारी निवेश किया गया है ताकि वह विभिन्न सेक्टर्स में टॉप 2 कंपनियों में से एक बन सके। यह निवेश विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किया गया है। ग्रुप की योजना है कि अगले दशक में अपनी सीमेंट उत्पादन क्षमता को 20 करोड़ टन तक बढ़ाएगा। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि उन्होंने पिछले 36 वर्षों में 10 करोड़ टन की क्षमता विकसित की है और अब उसे और बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदित्य बिड़ला ग्रुप का व्यवसाय स्केल और दीर्घकालिक विकास पर आधारित है और वे हर व्यवसाय में नंबर एक या दो बनने की चाहत रखते हैं। उन्होंने अपने व्यवसाय के लंबे समय की दृष्टि से इस निवेश के महत्व को बताया। कंपनी ने ग्रुप के नोवेलिस के 6 अरब डालर का अधिग्रहण भी जिक्र किया, जिसे एक रणनीतिक निर्णय माना गया है। इस दौरान कई विवाद भी उठे, लेकिन जिस भविष्य में निवेश किया गया था, वह लाभकारी साबित हो गया है। आदित्य बिड़ला ग्रुप का यह निवेश उनकी मूलभूत सिद्धांतों और दृष्टिकोण को मजबूती देगा और उन्हें मुख्य कंपनी बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा।

# विदेशी निवेशकों के रुख, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

**- ब्रेंट क्रूड की चाल और रुपया-डॉलर का रुख भी शेयर बाजार को प्रभावित करेगा**




**मुंबई ।**

विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की व्यापारिक गतिविधियां और वैश्विक रुझान से आगामी शेयर बाजारों की` दिशा तय हो सकती है। प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को कारोबारी अवकाश घोषित किया है। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को होंगे और मतगणना 23 नवंबर को होगी। बाजार के` एक` विशेषज्ञ के मुतो बिक महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के कारण 20 नवंबर दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेगा। चुनाव परिणाम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड, डॉलर सूचकांक प्रदर्शन, अमेरिकी बेरोजगारी दावे, नवीनतम विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़े और जापान के मुद्रास्फीति आंकड़ों सहित प्रमुख वैश्विक आर्थिक संकेतक बाजार की दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा` कि अमेरिका में बॉन्ड पर उच्च प्रतिफल और चुनाव के बाद डॉलर में मजबूती ने भारत जैसे उभरते बाजारों को प्रभावित किया है और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) गतिविधि एक प्रमुख कारक बनी हुई है, जो निकट भविष्य में भारतीय इक्विटी को प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की चाल और रुपया-डॉलर का रुख भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा` कि यह सप्ताह भी छुट्टी के कारण छोटा है, और आय सत्र के लगभग समाप्त हो जाने के कारण, ध्यान फिर से एफआईआई प्रवाह पर चला जाएगा। विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले डेढ़ महीने से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्यापारी वैश्विक बाजार के रुझानों पर कड़ी नजर रखेंगे। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई बेंचमार्क सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 8,397.94 अंक या 9.76 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ बंद हुआ और निफ्टी भी रिकॉर्ड उच्च स्तर से 2,744.65 अंक या 10.44 प्रतिशत नीचे आ गया है।

इस साल 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंचा था और उसी दिन एनएसई निफ्टी भी 26,277.35 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। बेंचमार्क सूचकांकों में तेज गिरावट विदेशी निवेशकों के घरेलू बाजार से भागने, दूसरी तिमाही की कमजोर आय और इक्विटी के उच्च मूल्यांकन के कारण हुई थी।




## विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजार से 22,420 करोड़ निकाले

**- एफपीआई ने अपने निवेश को 15,827 करोड़ तक कम कर दिया**

**नई दिल्ली ।** इस महीने अब तक एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से दो लाख इकीस हजार चौबीस सौ करोड़ रुपये निकाले हैं। इस बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने अपने निवेश को 15,827 करोड़ रुपये तक कम कर दिया है। एक वित्तीय सलाहकार ने तरलता के कम होने के साथ-साथ एफपीआई प्रवाह अल्पावधि में कम होने की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि इससे पहले गतिविधि में कुछ प्रकार की बदलाव नहीं होने की उम्मीद है, जिससे बाजार की धारणा कमज़ोर हो सकती है। आंकड़ों के अनुसार इस महीने अब तक एफपीआई ने 22,420 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की है। सितंबर, 2024 में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी निवेशकों ने नौ महीने के उच्चतम स्तर 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। एफपीआई की लगातार बिकवाली के पीछे कुछ मुख्य कारक हैं, जिनमें उच्च मूल्यांकन, आय में गिरावट, और अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में किए गए हाल के नतीजों की भी चर्चा की जा रही है। इस साल अब तक एफपीआई ने डेट बाजार में 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो इस बाजार में एक बड़ा संकेत है।

## टमाटर लाल की जगह हुए खुशहाल............कीमतों में आई भारी गिरावट



**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि देशभर में सप्लाई में सुधार के कारण टमाटर की खुदरा कीमतों में मासिक आधार पर 22.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। मंत्रायल आधिकारिक बयान के अनुसार, 14 नवंबर को टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 52.35 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जो 14 अक्टूबर को 67.50 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस दौरान दिल्ली की आजादपुर मंडी में बढ़ती आवक के कारण मॉडल थोक मूल्य में करीब 50 प्रतिशत की तीव्र गिरावट देखी गई, जो 5,883 रुपये प्रति क्विंटल से घटकर 2,969 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मंत्रालय ने कहा कि पिंपलगांव (महाराष्ट्र), मदनपल्ले (आंध्र प्रदेश) और कोलार (कर्नाटक) जैसे प्रमुख बाजारों से भी इसी तरह की कीमत में सुधार की सूचना मिली। मंत्रालय ने कहा, हालांकि मदनपल्ले और कोलार के प्रमुख टमाटर केंद्रों पर आवक कम हुई है, लेकिन महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात से मौसमी आपूर्ति के कारण कीमतों में कमी आई है, जिससे देश भर में आपूर्ति की कमी पूरी हो गई है। बयान में कहा गया है कि मौसम की अनुकूल स्थिति ने पैदावार और खेतों से उपभोक्ताओं तक आपूर्ति श्रृंखला के सुचारू संचालन, दोनों को समर्थन दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का टमाटर उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है।

# देश की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.65 लाख करोड़ घटा

**- रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान वाली घरेलू कंपनी बनी रही**




**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में हलचल देखने को मिली है। पिछले सप्ताह इन कंपनियों के कुल मूल्यांकन में 1,65,180.04 करोड़ रुपये की ` गिरावट देखी गई है। इस दौरान निजी क्षेत्र की एचडीएफसी बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सबसे अधिक नुकसान झेला। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे थे। इस दौरान निजी क्षेत्र की एचडीएफसी बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। एसबीआई का मूल्यांकन 34,984.51 करोड़ रुपये घटकर 7,17,584.07 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 27,830.91 करोड़ रुपये घटकर 5,61,329.10 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 22,057.77 करोड़ रुपये घटकर 17,15,498.91 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 15,449.47 करोड़ रुपये घटकर 5,82,764.02 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का एमकैप 11,215.87 करोड़ रुपये घटकर 8,82,808.73 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 4,079.62 करोड़ रुपये घटकर 5,74,499.54 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,832.38 करोड़ रुपये घटकर 8,85,599.68 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 13,681.37 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,962.50 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एमकैप 416.08 करोड़ रुपये बढ़कर 15,00,113.36 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान घरेलू कंपनी बनी रही, जिसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## डीवीसी और जीयूवीएनएल के बीच हुआ समझौता

**- 559 मेगावाट बिजली से जगमगाएगा गुजरात**



**मुंबई ।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने अपने सबसे हाल के बयान में घोषणा की कि उन्होंने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) के साथ 559 मेगावाट की बिजली आपूर्ति के लिए एक बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है। यह समझौता डीवीसी के पंजीकृत उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा कदम है और उन्हें उत्तर भारत के क्षेत्रों में और अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इस समझौते के अनुसार डीवीसी की भविष्यावाणी बांग्लादेश के दुर्गापुर तापीय बिजली केंद्र से 359 मेगावाट और झारखंड के कोडरमा तापीय बिजली केंद्र चरण दो से 200 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा। इस समझौते के हस्ताक्षर समारोह में डीवीसी के चेयरमैन एस सुरेश कुमार, सदस्य (वित्त) अरूप सरकार, और दोनों कंपनियों के प्रमुख अधिकारी शामिल थे। बाजार एक्सपर्ट्स इस खरीद समझौते को जीयूवीएनएन के लिए एक सामर्थ्य वृद्धि के रूप में देख रहे हैं जो उनकी आपूर्ति क्षमता को मजबूत करेगा। इसके साथ ही डीवीसी के देश भर के उपभोक्ताओं को भी इस समझौते के माध्यम से उपयोगकर्ता स्तर पर लाभ पहुंचाने की उम्मीद है। डीवीसी के उपभोक्ता सम्मेलन 2024 के दौरान इस समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जो 15-16 नवंबर को दो दिन का कार्यक्रम था। इसमें डीवीसी के समर्थन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों ने एक साथ धावा बोला। इस समझौते के माध्यम से डीवीसी ने एक प्रभावी तरीके से अपने होल्डिंग्स को मजबूती दी है और अपने उपभोक्ताओं के लिए एक सुविधा उपरांत दृष्टिकोण बनाया है।

# सीएनजी वाहनों पर दांव लगाने और ग्रामीण बाजार में पैठ बढ़ने की योजना में हुंदै मोटर इंडिया

**मुंबई ।**

हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने अपने सीएनजी वाहनों पर दांव लगाते हुए बताया कि देश के ग्रामीण और शहरी बाजारों में सीएनजी विकल्पों की मांग में तेजी की उम्मीद है। एचएमआईएल के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी की सीएनजी मॉडल की हिस्सेदारी बिक्री में 2023-24 वित्त वर्ष में 11.4 प्रतिशत तक बढ़ गई है। कंपनी ने एक्सटर और ग्रैंड आई10 नियोस मॉडल में हाई-सीएनजी डुओ पेश किया है जो ग्राहकों की मांगों को पूरा करता है। इससे कंपनी ने 2024 तक सीएनजी मॉडलों में उच्चतम सीएनजी पैठ हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने इससे जुड़े ग्राहकों के लिए तीन साल की वारंटी प्रदान करने का भी ऐलान किया। एचएमआईएल ने बताया कि उसने शहरी और ग्रामीण बाजारों में सीएनजी मॉडल की पहुंच में वृद्धि देखी है, इससे भविष्य में और वृद्धि की उम्मीद है। साथ ही एचएमआईएल के प्रतिनिधित्व ने बताया कि कंपनी द्वारा अपने सीएनजी सिस्टम में इकाई बिक्री में बड़ी उछाल देखी जा रही है। इसके साथ ही वह बताया कि वर्तमान में भारत में 7,000 से अधिक सीएनजी स्टेशन हैं और 2030 तक यह आंकड़ा लगभग 17,500 पर पहुंचाने का लक्ष्य है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि सीएनजी विकल्पों की मांग में सुरक्षित और उच्च माइलेज वाले वाहनों की पहचान हो रही है और कंपनी उसके म्यूफिर्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। आखिरकार, एचएमआईएल ने आंकड़े से दिखाया कि उनकी सीएनजी मॉडलों की पोपुलैरिटी बिक्री में दृष्टिगत बढ़ा रही है और वह ग्राहकों को उच्च डुओ क्वालिटी और सीएनजी पैठ की गारंटी देने के लिए तैयार है। 'हाई-सीएनजी डुओ' पेट्रोल और सीएनजी ईंधन विकल्पों के बीच तेज़ और निर्बाध बदलाव के लिए एक एकीकृत ईसीयू से भी लैस है। इस साल अक्टूबर में, एचएमआईएल ने घरेलू बिक्री में सीएनजी मॉडल की 8,261 इकाइयां बेची थीं, जिसमें इसकी कॉम्पैक्ट कार ग्रांड आई10 एनआईओएस में सीएनजी पहुंच 17.4 प्रतिशत, मिनी एसयूवी एक्सटर के लिए 39.7 प्रतिशत और कॉम्पैक्ट सेडान ऑरा के लिए 90.6 प्रतिशत थी। एचएमआईएल ने कहा कि उसने शहरी बाजारों में सीएनजी मॉडल की पहुंच वित्त वर्ष 2021-22 में 8.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 10.7 प्रतिशत और ग्रामीण बाजारों में वित्त वर्ष 2021-22 में 7.1 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 12.0 प्रतिशत हो गई है।

## भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 25000 करोड़ के पार

**- सीपीडी का निर्यात भी अक्टूबर माह में 11.32 प्रतिशत बढ़ा**

**नई दिल्ली ।** रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने अक्टूबर माह में भारत के रत्न और आभूषण निर्यात में 9.18 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इस बढ़ोतरी के फलस्वरूप निर्यात राशि 2,998.04 मिलियन अमरीकी डॉलर यानी 25,194.41 करोड़ रुपये हो गई है। जीजेईपीसी ने बताया कि कटे और पॉलिश किए गए हीरे की मांग में सुधार के कारण निर्यात में इस तरह की वृद्धि देखी गई है। सीपीडी (कट और पॉलिश्ड डायमंड) का भी निर्यात अक्टूबर माह में 11.32 प्रतिशत बढ़कर 1,403.59 मिलियन अमरीकी डॉलर (11,795.83 करोड़ रुपये) हो गया है, जो पिछले साल की रिकॉर्ड की तुलना में अधिक है। जीजेईपीसी के एक अे धिकारी ने इस वृद्धि को उद्योग के लिए एक स्वागत योग्य माना और उम्मीद जताई कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर भी आशावाद जताई है और उसके वादे के प्रति भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के नेतृत्व में व्यापार, व्यवसाय और आपूर्ति श्रृंखलाओं में पुनरुद्धार के समर्थन से रत्न और आभूषणों की वैश्विक मांग को बढ़ावा मिलेगा। इस सफलता के साथ भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग ने नए भागों में विस्तार के लिए कदम उठाने का निश्चय किया है।

# नाव के भरोसे 10 पंचायतों की 50 हजार आबादी

## पूर्णिया में कनकई नदी पर 13 सालों में नहीं बना पुल

**पूर्णिया ।** अमौर प्रखंड से कनकई नदी पर साल 2011 में करोड़ों की लागत से 11 स्पेन वाले पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया। 2017 में पुल बनकर तैयार भी हो गया, लेकिन एप्रोच पथ नहीं बन सका। इसी साल नदी में बाढ़ आई और कनकई नदी ने रास्ता ही बदल दिया। इसके बाद से स्पेन खड़ा है, लेकिन पुल का काम पूरा नहीं किया गया। स्थिति यह है कि 10 पंचायतों के करीब 50 हजार आबादी नाव से रोजाना सफर करने के लिए मजबूर हैं। मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस सेवा भी नहीं मिल पाती है। इसकी वजह नदी है। मरीज को नाव से नदी पार करने के बाद ही एंबुलेंस उपलब्ध होता है। स्कूली बच्चे हो या फिर कॉलेज के स्टूडेंट्स। सभी को स्कूल-कॉलेज जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। 6 महीने पहले की बात है, जब एक इइरठ पास शिक्षिका नाव से उतरते समय नदी में बहने लगी थी। इसके बाद दूसरे शिक्षकों ने जान पर खेलकर बचाया था। ग्रामीण मोहम्मद सलमान कहते हैं, 'जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर अमौर प्रखंड है। इस प्रखंड को कनकई नदी ने दो हिस्सों में बांट रखा है। एक हिस्से में 10 पंचायत है। इसमें खाड़ीमहीन गांव, हफनिया ताराबाड़ी, सिरसी, खपड़ा, नंदनीया, मजोक, कंजिया, तालबाड़ी जैसे पंचायत शामिल हैं। इसकी आबादी 50 हजार है, जो रोजाना नाव के भरोसे हैं।' सलमान ने बताया, 'साल 2011 में पुल बनाने का काम शुरू किया गया था,



लेकिन एप्रोच पथ के अभाव में पुल चालू नहीं हो सका। 13 साल बाद भी पुल का काम अधूरा लटका हुआ है। इस स्थिति में बच्चों को स्कूल जाने के लिए भी नाव की जरूरत पड़ती है।' गांव में किसी पेशेंट की हालत गंभीर होने पर भी नाव पर ही ले जाना पड़ता है। नदी पार करने के बाद एंबुलेंस मिलता है। इन पंचायतों की प्रेग्नेंट महिलाओं को जान गंवानी पड़ती है। अचानक प्रसव पीड़ा होने पर प्रसूता को घर से नाव तक लाया जाता है। नाविक नहीं है तो बुलाना पड़ता है। इस स्थिति में काफी देर हो जाती है। इससे नदी के बीच लहरों में नाव पर ही दम तोड़ देती है या फिर अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में। नाव पर एक समय में 15 बाइक सवार और साइकिल सवार को चढ़ाते हैं। वहीं 50 लोग नाव पर सफर होते हैं। इसके बदले नाविक ग्रामीणों से 10 से 15 किलो धान लेते हैं। गाड़ी के लिए 20 रुपए चार्ज करते हैं। कभी-कभी आने जाने वालों से 20 रुपए भाड़ा के रूप में वसूल करते हैं। जब आधी रात किसी मरीज की तबीयत बिगड़ जाती है। इस स्थिति में नाव चलाने के लिए स्थानीय पुलिस की अनुमति लेनी पड़ती है। प्राइवेट शिक्षक मोहम्मद तबरेज कहते हैं कि हमें अपने विद्यालयों तक पहुंचने के लिए 2 घंटे पहले घर से निकलना पड़ता है। नाव फूल नहीं होता, तब तक नाव खुलती नहीं है। आधे घंटे नाव में बैठने के बाद खाड़ी बसील गांव लोग पहुंचते हैं। यहीं से बाकी पंचायतों और प्रखंड मुख्यालय जाते हैं। इसके लिए उन्हें आने और जाने के लिए 20 रुपए नाविक को देने पड़ते हैं। शिक्षक कहते हैं, 'एक दिन में महज नाव की सवारी के लिए 40 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। घर तक पहुंचने के लिए ऑटो या फिर टोटो का किराया अलग देना होता है।' छात्र मोहम्मद रियाज कहते हैं, 'रोजाना नाव से मौत का सफर तय करते हैं। वहीं जब-तक नाव का सफर पूरा नहीं हो जाता, तब तक जान का खतरा सताते रहता है। बाढ़ के दिनों में ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। 2 साल पहले कनकई नदी की तेज धार के कारण नाव पटल गई थी।'

# अगले माह से शुरू हो जाएगा नया कलेक्ट्रेट



**पटना।** नई व्यवस्था के तहत डीएम, डीडीसी, सदर अनुमंडल के साथ जिला परिषद कार्यालय एक जगह पर होंगे।

विकास भवन के दो फ्लोर पर रिकॉर्ड रूम होंगे। यहीं पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में काम करने वाले नोटरी और वकीलों के बैठने की सुविधा होगी। जिला निबंधन कार्यालय छज्जूबाग में रहेगा। बेसमेंट और भूतल के अलावा पांच फ्लोर हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में दो और ब्लॉक हैं। करीब 250 गाड़ियों की क्षमता वाली ओपन पार्किंग और बेसमेंट पार्किंग की सुविधा। 225 सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा होगी। तीन कॉन्फ्रेंस रूम होंगे, जिनमें 320 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। परिसर में चार उद्यान होंगे। हरित क्षेत्र 3484 वर्गमीटर होगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ऊर्जा संरक्षण के लिए सोलर पैनल लगेगा। तीन जगहों पर रहेंगे कार्यालय।

### बच्चों के खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद

# युवक को पीट-पीटकर मार डाला

**पूर्णिया ।** बच्चे के खेलने दौरान हुई उत्पन्न विवाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक मौत हो गई। वहीं इस घटना में दोनों पक्षों से दो महिला सहित 10 घायल है। इसमें चार की स्थिति काफी गंभीर बनी है। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना शनिवार देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलौरी सतदोभ मुर्गी फार्म के पास की है। मृतक की पहचान दरभंगा जिले की बैनीपुर नवटोलिया निवासी दिनेश सहनी (40 वर्ष)है। वहीं घायल में मृतक के पिता फुलचन सहनी (60 वर्ष), मां फुलिया देवी, दो भाई मिथुन सहनी और क्रांति सहनी शामिल है। दूसरा




पक्ष में सतदोभ निवासी सुबोध सिंह, विजय कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, मंजय कुमार और रेखा देवी शामिल है। घटना के संबंध घायल मिथुन सहनी ने बताया कि बीते 40 सालों से छह महीने तक दरभंगा से पूर्णिया आकर मखाना फोड़ने का काम करते हैं। शनिवार शाम में दो भाई बहन वापस में खेल रहे थे। खेलने के दौरान मकई का बलरी (भट्ठा) पूर्णिया निवासी पड़ोसी के टीन के घर पर चला गया। एक दो बार मकई का बलरी टीन में जाने से पड़ोसी नाराज होकर घर से बाहर निकला और ईंट पत्थर घर पर फेंकने लगा। जब सभी परिवार के सदस्य घर घुस गया तो पड़ोसी दर्जनों की संख्या में धारदार हथियार से आया और सभी परिवार के सदस्यों को जानवरों की तरह पीटने लगा। वहीं मारपीट में दिनेश सहनी सहित दोनों पक्षों से करीब दो महिला सहित 10 लोग घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सभी को ईलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मिथुन सहनी की मौत हो गई। वहीं पूर्णिया जीएमसीएच के डॉक्टरों ने इलाज के दौरान फुलचन सहनी और क्रांति सहनी की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाकी सभी घायलों का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है।वहीं मुफस्सिल थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बच्चे के विवाद दो पक्षों में मारपीट हुई है। मारपीट में एक युवक की मौत हुई है। करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए।

# सोनपुर मेले में पहुंचा बीयर पीने वाला भैंसा

## कीमत 2 करोड़; मालिक बोला- इसे सिर्फ बाहुबली अनंत सिंह ही खरीद सकते हैं





**सोनपुर।** बिहार के सोनपुर मेले में दो करोड़ पांच लाख रुपए का मुर्रा नस्ल का भैंसा आया है। इसे बनारस से एक किसान लेकर पहुंचा है। भैंसा का नाम राजा है। इसकी उम्र तीन साल है। यह भैंसा मेले में लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खास बात ये है कि यह भैंसा रोज दो बोतल बीयर पीता है, लेकिन शराबबंदी की वजह से उसे बीयर नहीं मिल रही। भैंसा के मालिक का कहना है कि बीयर न मिलने से भैंसे की चमक फीकी पड़ गई है। साथ ही वह थोड़ा सुस्त भी दिख रहा है। वहीं, मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह ने इस भैंसे के मालिक रामजतन यादव से वीडियो कॉल पर बातचीत की और राजा नामक भैंसा को देखा। अनंत सिंह ने कहा कि वो भैंसे को देखने कल यानी रविवार को आएंगे। भैंसा के मालिक ने कहा, 'अनंत सिंह यहां छोटे सरकार के नाम से फेमस हैं। बड़े आदमी हैं। उनके अलावा ये भैंस कोई दूसरा व्यक्ति नहीं खरीद सकता है। इसकी कीमत करोड़ों में है। अगर अनंत सिंह इस भैंसा को नहीं खरीदे तो वापस ले जाना पड़ेगा।' उसने बताया, 'अनंत सिंह के करीबी किसान अनिल सिंह सोनपुर मेले में भैंस खरीदने आए थे। उन्होंने ही अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बात करवाई।' भैंसा के मालिक ने बताया, 'मेरे पास बनारस में भैंसों का खटाल है। 200 से अधिक भैंस है। यह भैंसा मुर्रा नस्ल का है। मुर्रा नस्ल का भैंसा हरियाणा और पंजाब में ज्यादा मिलता है। इस साल पहली बार सोनपुर मेले में दो भैंस और एक भैंसा लेकर आए हैं। दोनों भैंसें 24 लीटर और 20 लीटर दूध देती है। रामजतन के मुताबिक, 'इनमें से एक भैंस की कीमत 5 लाख रुपए तो दूसरे की 3 लाख रुपए है।' रामजतन ने बताया, 'यह खाने में संतरा, गेहूं, मसूर और चने का दाना खाता है। साथ ही रोजाना इसको दो बोतल बीयर भी चाहिए। बीयर पीने से थकावट दूर और चेहरे पर चमक आती है। बिहार में इसे बीयर मिल नहीं पा रहा है। जिसकी वजह से उसका तबीयत बिगड़ गई है। उसका चेहरा डाउन हो रहा है।' मालिक के मुताबिक, इस भैंसा से जिस भैंस का गर्भधारण कराया जाएगा तो उसका बच्चा भी इसी नस्ल का और हट्टा-कट्टा होगा।

# 5 बार चालान कटा तो डीएल सस्पेंड, 20 बार में रद्द



**पटना।** ट्रैफिक पुलिस ने नया फरमान जारी किया है। अगर आपका चालान 5 बार या उससे अधिक कटता है तो आपके ड्राइविंग लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया जाएगा। अगर चालान 20 बार या उससे अधिक कटता है तो आपके ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द कर दिया जाएगा। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि 'हम लोगों ने छह महीने के चालान की समीक्षा की है। इस दौरान पाया गया कि 5691 वाहन चालक ऐसे हैं जिनका कम से कम पांच बार चालान कटा है। ऐसे चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया जाएगा।' वहीं, 133 ऐसे वाहन चालक हैं जिनका चालान 20 बार कटा है। ऐसे चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। इसका प्रस्ताव पटना ट्रैफिक पुलिस ने जिले के डीटीओ को भेज दिया है। हमारा मकसद सिर्फ आर्थिक दंड लगाना नहीं है। हम चाहते हैं कि लोग यातायात के नियमों का पालन करें। जिससे आप भी सुरक्षित रहें और अन्य लोग भी सुरक्षित रहें। इधर, डीटीओ उपेंद्र पाल ने कहा कि प्रस्ताव के अनुसार नियम के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोपी पर कार्रवाई भी होगी। चालान जमा करने के लिए रोज ट्रैफिक एसपी के कार्यालय में भीड़ लगती है।

## संक्षिप्त डायरी

### पुलिस ने मुखिया को किया गिरफ्तार, अपहरण कर जबरन जमीन रजिस्ट्री कराने का है आरोप



**मुजफ्फरपुर ।** पुलिस ने एक वर्तमान मुखिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुखिया पर एक ग्रामीण को अपने कार में जबरन बैठा कर अपहरण कर जमीन की रजिस्ट्री करवाने का आरोप है। यह कार्रवाई औराई थाना की पुलिस ने की है। मामला औराई प्रखंड के रतवारा पश्चिमी पंचायत की है। फिलहाल आरोपी मुखिया अबु बकर पुलिस की हिरासत में है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई थाना क्षेत्र के महेश्वरस्थान गांव के निवासी मो युनुस ने आरोप लगाया था कि स्थानीय मुखिया अबू बकर और और उसके साथ आए लगभग 10-12 लोग मेरे जमीन पर जबरन कब्जा करने और जबरन जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए पहुंचे। सभी बदमाश पहले घर पर आए और उनके साथ आये हुए लोगो ने जबरन एक गाड़ी में बैठा लिया। फिर कटरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय ले गए। इस दौरान मेरे साथ मारपीट भी की गई। मो युनुस ने आगे कहा कि मैं लगातार जमीन को रजिस्ट्री करने से इंकार करता रहा। मुखिया अबू बकर और उसके लोग मुझे एक सुनसान जगह पर ले गए और फिर मेरी खूब पिटाई की। मो युनुस ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया अबू बकर ने मेरे साथ मारपीट करते हुए धमकी दी कि तुम्हारा कोई भी काम नहीं होने देंगे। फिर मो युनुस ने मुखिया सहित सभी आरोपियों के खिलाफ औराई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। मुखिया अबू बकर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए औराई थाना के थानाध्यक्ष रूपक कुमार ने बताया कि जमीन के जबरन कब्जे और रजिस्ट्री किये जाने के आरोप में मुखिया अबू बकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद अब वर्तमान मुखिया अबू बकर को गिरफ्तार किया गया है।

### कलयुगी पोते ने दादा को चाकू मारकर की हत्या, शराब पीने के लिए मांग रहा था रुपया

**वैशाली ।** कलयुगी पोते ने दादा को चाकू मार कर उनकी हत्या कर दी। घटना महनार थाना अंतर्गत बसुदेवपुर चन्देल गांव की है। मृतक की पहचान बसुदेवपुर चन्देल निवासी सेवानिवृत शिक्षक शंकर सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी पोते रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सेवानिवृत शिक्षक शंकर सिंह के दो बेटे हैं। एक बेटा आर्मी में है, जबकि दूसरा प्रभात रंजन सिंह बाढ़ में दुकान चलाता है। आरोपी रोहित उसी का पुत्र है। परिजन का कहना है कि आरोपी रोहित अपने दादा शंकर सिंह से अक्सर शराब पीने के लिए रुपया मांगते रहता था। शनिवार को उसी बात को लेकर दोनों दादा-पोते में बहस हो गई और इसी दौरान पोता रोहित कुमार ने अपने दादा शंकर पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे शंकर सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के आने से पहले ग्रामीणों ने आरोपी रोहित कुमार को पकड़ लिया और पुलिस के आते ही उनके हवाले कर दिया।स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि हत्यारा पोता पूर्व से ही शराब पीने के लिए शंकर सिंह से पैसा मांगते रहता था। इसको लेकर घर में हमेशा हंगामा होते रहता था। आरोपी पोते के इस हरकत से शंकर सिंह के साथ साथ आसपास के लोग भी तंग हो चुके थे। घटना की सूचना मिलने पर करनौती ओपी अध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया।

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर, दंपति सहित तीन की मौत, दो गंभीर

**पटना।** बिहार में कर्ज से परेशान होकर एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खा लिया। इस घटना में माता-पिता और पुत्र की मौत हो गई। बाकी दो में एक की हालत काफी गंभीर है। मामला बांका जिला के अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर बलुआ गांव का है। मृतकों की पहचान कन्हैया महतो (40), पत्नी गीता देवी (35) और पुत्र धीरज कुमार (12) के रूप में की गई है। सबिता कुमारी (16) और राकेश कुमार (8) का भागलपुर में इलाज चल रहा है, जहां सबीता की हालत गंभीर है। घटना के संबंध में मृतक की पुत्री सविता कुमारी ने बताया कि मेरे पिता ने बंधन और एस बंधन बैंक (सहायता ग्रुप) से कर्ज लिया था। बढ़ता सूद और मूलधन मिलाकर लगभग 20 लाख रुपया हो गया था। मेरे पिता जी कर्ज को चुकाने में असमर्थ हो रहे थे, लेकिन कर्मी और ग्रामीण लगातार घर पर आकर हमलोगों को बेइज्जत करते थे। किस्त वाले इस कदर लगातार परेशान करने लगे लगे थे कि गांव में चलना मुश्किल हो गया था। इसी बात को लेकर पिताजी और मां ने कहा कि मेरा नाम सब जगह नाम खराब हो गया है। मैं अब जी नहीं सकता। फिर पिता जी ने पहले मेरे दोनों भाइयों को, फिर मुझे और फिर खुद मां और फिर पिताजी ने अनाज में डालने वाला टिकिया खा लिया। मेरे छोटे भाई राकेश कुमार ने मुंह में लेने के बाद टिकिया उगल दिया।

# दो दुकानों में लगी भीषण आग



**गया।** बिहार के गया जिले में दो दुकानों में भीषण आग लग गई। धुएं का गुहार देख आसपास के लोग सहम गए। इधर, फौरन फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने में जुट गई। हालांकि आग बुझने तक दोनों दुकानों के सारे सामान जल कर राख हो गए। यह घटना गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरात अहमद रोड की है। मिली जानकारी के मुताबिक गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के खैरात अहमद रोड मुरारपुर स्थित 2 दुकान में भीषण आग लगी है। आग इतनी भयावह थी कि ट्रांसपोर्ट के ऊपरी तल्ले पर बाला जी इंटरप्राइजेज दुकान में भी आग लग गई है। दुकान के अंदर से धुएं का फव्वारा देख स्थानीय लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि रेडीमेड कपड़ा का गोदाम था। इसमें आग लगी है। अगलगी की घटना में दुकान के अंदर रखे सारे सामान जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची है। आग इतनी भयावह थी कि फायर ब्रिगेड की 16 वाहनें मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के कर्मी आग पर काबू पाने में जुट गई। एक घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना हुई है। लेकिन, स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका है।

# 'यीशु ने मुझे बचाया, अब मंदिर नहीं चर्च जाना है'

## पादरी ने सिंदूर धुलवाकर क्रॉस बनाया, बोला-जाओ क्रिश्चन बन गए, तमिलनाडु से ट्रेनिंग लेकर आया

**बक्सर।** 'मेरी शादी को 9 साल हो गए हैं। हमेशा मेरी तबीयत खराब रहती थी। मरने जैसी हालत हो गई थी। पहचान वालों ने बताया कि चर्च जाओ। मैं वहां गई। प्रार्थना की। इसके बाद मैं ठीक हो गई। तब से मैं यीशु पर विश्वास करने लगी। मुझे लोग 2 हजार रुपए का लालच दे रहे हैं। बोल रहे हैं बजरंगबली के मंदिर चलो। शिव चर्चा करो। मुझे नहीं जाना।' ये कहना है बक्सर के मिसलोरिया गांव की पिंकी का। पिंकी अब चंगाई सभाओं में जाती हैं। वो मंदिर नहीं जाना चाहतीं। बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव के महावीर गंगा घाट पर गुरुवार को सामूहिक धर्मांतरण का मामला सामने आया था। एक पादरी पर हिंदू धर्म की 50 से 60 महिलाओं और पुरुषों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया गया। इसका एक वीडियो भी सामने आया। जिसमें पादरी कुछ महिलाओं को गंगा घाट लेकर जाता है और उनके सिर पर हाथ रखकर डुबकी लगवाता है फिर सिंदूर मिटाता है। सिंदूर मिटाने के बाद वो सिर पर हाथ से क्रॉस बनाता है और कहता है कि अब तुम क्रिश्चन बन गई। बक्सर समेत बेगूसराय, समस्तीपुर, मधेपुरा, बगहा, बेतिया, पूर्णिया और बरौनी से इस तरह के मामले सामने आए हैं। जहां हिंदुओं को ईसाई बनाया गया। बक्सर वाले मामले में भी एक पादरी राजू का नाम सामने आया। उससे बात की तो उसने बताया कि ' मैंने 4 साल पहले तमिलनाडु में इसकी ट्रेनिंग ली। इसके बाद मैं यहां आकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने लगा।' हिंदू संगठनों के विरोध के बाद पादरी राजू को पुलिस ने गिरफ्तार तो किया, लेकिन कुछ घंटों में ही उसे जमानत मिल गई। क्योंकि ऐसे केस में जो लोग इनके झांसे में आते हैं वो इनके विरोध में



कुछ नहीं बोलते। बक्सर के मुरलीधर सिंह ईसाई समाज से आते हैं। बक्सर वाली तस्वीर को लेकर वो कहते हैं, 'वहां पर बपतिस्मा सर्विस चल रही थी। कुछ लोगों ने वहां पादरियों को धमकाया है। बाईबिल में लिखा है कि जो विश्वास करेगा और बपतिस्मा लेगा, उसे यीशु का आशीर्वाद मिलेगा। बपतिस्मा एक फिजिकल चिन्ह है। इसका मतलब है कि हम पुराने स्वभाव के साथ पानी में जाते हैं और नए स्वभाव के साथ बाहर आते हैं। जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाने वाले आरोप गलत हैं।' बक्सर में करीब 60 लोगों के धर्मांतरण की बात सामने आई थी। सिमरी गांव के लोगों का दावा है कि धर्मांतरण के लिए जानबूझकर पादरियों ने गंगा घाट का सुनसान इलाका चुना, जहां दिन में भी दूर-दूर तक कोई नहीं दिखता है, न कोई जाता है। प्रत्यक्षदर्शी अविनाश कुमार ने बताया ह्यएक किसान ने सुनसान जगह पर भीड़ देखी तो ग्रामीणों को सूचना दी। धर्मांतरण करने वाले ने किसान से कहा था कि शादी की एक रस्म में आए हैं, लेकिन जब हम कुछ लोगों के साथ पहुंचे तो देखा पादरी एप्रेन पहनकर महिलाओं को गंगा में डुबकी लगवा रहा हैं। माथे का सिंदूर मिटा रहा है। अपने हाथ से उसके माथे पर क्रॉस का निशान बना रहा है। इन सब के बाद पादरी महिलाओं से हाथ मिलाकर कहता है आप क्रिश्चन बन गए।' घाट पर जब लोग जुटने लगे तो सभी भागने की कोशिश करने लगे। हालांकि, ग्रामीणों ने पुलिस को पहले ही सूचना दे दी थी। ये लोग भागते इससे पहले पुलिस ने रोहतास निवासी पादरी राजू राम, सिमरी के रवि रंजन और तमिलनाडु के सामूवेल उर्फ देव सहाय को हिरासत में लिया। रवि रंजन राजू का साला है। उसकी मदद से 24 घंटे के अंदर तीनों पादरी को बेल मिल गई और शुक्रवार की शाम ही तीनों पादरी थाने से निकल भी गए। हमने पादरी राजू राम से बात कि उसने बताया, ह्यहमेशा बपतिस्मा मैं ही करता हूं, लेकिन इस बार लोगों ने इच्छा जताई थी कि तमिलनाडु से पादरी को बुलाना चाहिए। इसके बाद मैंने तमिलनाडु से पास्ता सैमुअल उर्फ देव सहाय को पहली बार बक्सर बुलाया। राजू राम ने बताया, मैं अपने पिता के समय से ईसाई हूं। इअ तक पढ़ाई की है। 2010 से 2014 तक 4 साल तमिलनाडु में रहकर धर्मांतरण की शिक्षा ली है। मेरी प्रार्थना से लोग ठीक होते हैं। इसके एवज में जो मिलता है उससे अपना काम चलाते हैं और ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार का काम करता हूं। लोगों को इससे जोड़ता हूं। इसके बारे में बताता हूं।



# गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मरने वाला वापस लौट कर नहीं आता?

चारों वेदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। गीता ही प्रमुख धर्मग्रंथ है। गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस नहीं लौटता और कृष्ण पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस लौट आता है अर्थात उसे फिर से जन्म लेना होता है। उल्लेखनीय है कि भीष्म ने अपना शरीर तब तक नहीं छोड़ा था जब तक की उत्तरायण का शुक्ल पक्ष नहीं आ गया था। लाखों लोग हैं जो शुक्ल पक्ष में मरते हैं और लाखों ऐसे लोग भी हैं जो कृष्ण पक्ष में मरते हैं तो क्या शुक्ल पक्ष में मरने वाले सभी लोगों को मोक्ष मिल जाता है? क्या वह वापस धरती पर नहीं लौटते हैं? दरअसल, गीता में यह बात उन लोगों के लिए कही गई है जो कि ध्यानी, योगी या अनन्य भक्त हैं। आम व्यक्ति को मरने के कुछ ही समय बाद दूसरा जन्म ले लेता है लेकिन जो पाप कर्मी है उसे दूसरा जन्म लेने में कठिनाई होती है। मतलब यह कि वह भूत, प्रेत या पिशाच योगी भोगने के बाद ही जन्म लेगा। यह भी हो सकता है कि वह मनुष्य योनी को छोड़कर निचले स्तर की योनी में चला जाए। मतलब यह कि उसका डिमोशन हो जाए। कृष्ण का शुक्ल और कृष्ण मार्ग का ज्ञान-

**यत्र काले त्वनावत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।**
**प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ।**

भावार्थ : हे अर्जुन! जिस काल में (यहाँ काल शब्द से मार्ग समझना चाहिए, क्योंकि आगे के श्लोकों में भगवान ने इसका नाम 'सृति', 'गति' ऐसा कहा है।) शरीर त्याग कर गए हुए योगीजन तो वापस न लौटने वाली गति को और जिस काल में गए हुए वापस लौटने वाली गति को ही प्राप्त होते हैं, उस काल को अर्थात दोनों मार्गों को कहूँगा।

**अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम।**
**तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः।**

भावार्थ : जिस मार्ग में ज्योतिर्मय अग्नि-अभिमानी देवता हैं, दिन का अभिमानी देवता है, शुक्ल पक्ष का अभिमानी देवता है और उत्तरायण के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गए हुए ब्रह्मवेत्ता योगीजन उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले जाए जाकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**धूमो रात्रिस्तथा कृष्ण षण्मासा दक्षिणायनम।**
**तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते।**

भावार्थ : जिस मार्ग में धूमाभिमानी देवता है, रात्रि अभिमानी देवता है तथा कृष्ण पक्ष का अभिमानी देवता है और दक्षिणायन के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गया हुआ सकाम कर्म करने वाला योगी उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले गया हुआ चंद्रमा की ज्योत को प्राप्त होकर स्वर्ग में अपने शुभ कर्मों का फल भोगकर वापस आता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुनः।**

भावार्थ : क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के- शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।)- जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है।

## क्या है कृष्ण और शुक्ल पक्ष?

हिन्दू माह में तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्र के घट-बढ़ के अनुसार 15-15 तिथियों में बांटा गया है। चंद्र जब बढ़ने लगता है तो उस काल को शुक्ल पक्ष और जब घटने लगता है तो उस काल को कृष्ण पक्ष कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या होती है। शुक्ल पक्ष को देवताओं का दिन और कृष्ण पक्ष को पितरों का दिन कहते हैं। इसी तरह उत्तरायण को देवताओं का काल और दक्षिणायन को पितरों का काल कहते हैं।



# भगवान बुद्ध ने नहीं दिए थे इन प्रश्नों के उत्तर?

**कहते हैं कि लव-कुश की पीढ़ी में शाक्य, शाक्य से शुद्धोधन और शुद्धोधन से सिद्धार्थ का जन्म हुआ। यह सिद्धार्थ ही आगे चलकर गौतम बुद्ध ने नाम से प्रसिद्ध हुए। गौतम बुद्ध के दर्शन में अनीश्वरवाद, अनात्मवाद और क्षणिकवाद को महत्व दिया जाता है। उनका मानना था कि संबुद्ध होना ही सत्य है। इसके लिए ही उन्होंने आष्टांगिक मार्ग बताएं हैं।**

गौतम बुद्ध से उनके जीवन में लाखों प्रश्न पूछे गए लेकिन उनमें से 14 प्रश्नों के उन्होंने जवाब नही दिए। जब भगवान बुद्ध से जीव, जगत आदि के विषय में चौदह दार्शनिक प्रश्न किए जाते थे तो वे सदा मौन रह जाते थे। ये प्रसिद्ध चौदह प्रश्न निम्नांकित हैं-

1-4 क्या लोक शाश्वत है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
5-8 क्या जगत नाशवान है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नही?
9-11. तथागत देह त्याग के बाद भी विद्यमान रहते हैं? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
11-14 क्या जीव और शरीर एक हैं? अथवा भिन्न?
14 अव्याकृत प्रश्न : बौद्ध धर्म में इन प्रश्नों को अव्याकृत कहा गया है। अव्याकृत का अर्थ है जो व्याकरण-सम्मत नहीं है।

## क्यों उत्तर नहीं दिया

उक्त प्रश्न पर बुद्ध मौन रह गए। इसका तात्पर्य यह नही कि वे इनका उत्तर नहीं जानते थे। उनका मौन केवल यही सूचित करता है कि यह व्याकरण-सम्मत नहीं थे। इनसे जीवन का किसी भी प्रकार से भला नहीं होता। उक्त प्रश्नों के पक्ष या विपक्ष में दोनों के ही प्रमाण या तर्क जुटाए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी तरह से सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता है। यह पारमार्थिक दृष्टि से व्यर्थ है।

# जानिए हिन्दू देवता पूषन देव को



पूषन एक वैदिक देवता है। पूषन वह देवता हैं जो विवाह के संचालन में मदद करते, सुरक्षित यात्रा प्रदान करते और उन दिलों में वास करते हैं जो पशुओं को भोजन खिलाते हैं। वह हमारे कर्मों के अनुसार वे फल देते हैं। वह आत्माओं को दूसरे संसार की यात्रा करने के लिए पथप्रदर्शन करते हैं। वह लोगों की मृत्यु के समय के दौरान अपनी सुंदर उपस्थिति दिखाकर उनके भय को दूर करते हैं। वह तीर्थ यात्रियों को चोरों और जानवरों से बचाते हैं और लोगों को दुश्मनों, दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक मृत्यु से बचाकर लोगों को दिव्य पथ पर ले जाते हैं। वह देने वाले देवता भी हैं जो हमरे जीवन में धन, स्वास्थ और समृद्धि देते हैं। जब हम एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हैं, तो वह हमारे सामान की सुरक्षा भी करते हैं। वह हमारे दिमाग में बुरे विचारों को दूर करते हैं, काला जादू को दूर करते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को ठीक करते हैं।

वह मुख्य रूप से सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को राहत देते हैं जो चक्रवात, बाढ़, भारी बारिश और सुनामी के कारण होती हैं। वह शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए, हमारे लिए सभी कार्य करते हैं। वह हमेशा उन भक्तों की देखभाल करते हैं जो किसी भी रूप में ईश्वर की पूजा करते हैं और चाहें दूसरे धर्म के लोग भी हो, लेकिन वे लोगों से केवल यही अपेक्षा रखते हैं कि वे भगवान की सच्ची भक्ति करें। यदि हमारे अंदर ईश्वर के लिए शुद्ध भक्ति है, तो वह हमारे पूर्व कर्मों के आधार पर हमरे जीवन में अच्छे काम करेंगे। वह हमारे बुरे कर्मों को कुछ हद तक कम करने और हमारे जीवन में अच्छे परिणाम देने की शक्ति भी रखते हैं लेकिन वह किसी व्यक्ति के पूरे भाग्य को नहीं बदल सकते हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद और प्राचीन पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। वह यज्ञ में भाग भी लेते हैं। वह यज्ञ कर्ता और लोगों को आशीर्वाद देते हैं। वह विभिन्न बीमारियों जैसे खांसी, सर्दी, दमा, हृदय की समस्याओं और कई अन्य लंबे समय से चली आ रही बीमारियों से तेजी से राहत दिलाएंगे। वह लोगों को मानसिक विकार, मन में भ्रम, ऊर्जा की कमी, सुस्ती, आलस्य और मानसिक अस्थिरता से भी छुटकारा दिलाते हैं। विभिन्न होम का आयोजन करते समय उनका नाम कई बार दोहराया जाता है। उन्हें इंद्र, वरुण, अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र जैसे वैदिक देवताओं के समकक्ष माना जाता है। उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं और आपकी पुकार सुनकर किसी भी क्षण किसी भी स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम उसके नाम का बार-बार जाप कर सकते हैं, ताकि वह जीवन के हर पड़ाव में हमारे साथ हों। पुराणों में पूषन को 12 आदित्यों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है और वे अदिति एवं कश्यप के पुत्र हैं। उनके भाई सूर्य, वरुण और इंद्र हैं। वह हमारे लिए एक अंगरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और हमारे दैनिक जीवन में हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यद्यपि वह अन्य देवताओं के समान नहीं जाने जाते हैं। वह वैदिक देवताओं में भी एक है और पृथ्वी पर लोगों की मदद करते हैं। वह भगवान इंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों को करते हैं और उसके लिए एक सहायक मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के लिए वायु, वरुण, सूर्य और चंद्र जैसे अन्य देवताओं के साथ भी परस्पर बातचीत करते हैं। वह कई ऋषियों द्वारा पूजे जाते हैं, और वे ऋषि उनसे आशीर्वाद लेते हैं। वह ऋषियों को उनकी तपस्या को सही तरीके से करने में मदद करते हैं और तपस्या करते समय उनके कारण हुई भूल को दूर करते हैं। सामान्य तौर पर, हम कह सकते हैं कि वह पूरी दुनिया के लिए मित्रवत हैं। आइए हम उनकी महिमा का गुणगान करें और धन्य हों।

# श्रीकृष्ण का यह मंदिर मात्र 2 मिनट के लिए बंद होता है

केरल के कोट्टायम जिले में तिरुवेरपु या थिरुवरप्पु में भगवान श्रीकृष्ण का एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक मंदिर है जिसे तिरुवरप्पु श्रीकृष्ण मंदिर कहते हैं। इस मंदिर के संबंध में कई तरह की किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। एक यह है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा था तो उनको बहुत भूख लगने लगी थी। कहते हैं कि यहां की श्रीकृष्ण की मूर्ति को भूख बर्दाश्त नही होती है। 1,500 साल पुराने इस मंदिर की दूसरी खासियत यह है कि यह मंदिर 24 घंटे में से मात्र 2 मिनट के लिए ही बंद होता है और वह समय है- सुबह 1158 बजे से 1200 बजे तक। मंदिर 2 मिनट से ज्यादा बंद नहीं रख सकते। इसके लिए पुजारी को एक कुल्हाड़ी दी जाती है, क्योंकि मंदिर खोलते वक्त यदि देर हो तो वह कुल्हाड़ी से ताला तोड़ दे। दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है, लेकिन यदि चाबी कहीं फंस जाए तो तुरंत कुल्हाड़ी का उपयोग करें।

इसके पीछे मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा भूखे रहते हैं और वे जरा भी देर के लिए भूख बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसीलिए यदि चाबी के साथ दरवाजा खोलने में कोई देरी होती है, तो पुजारी को कुल्हाड़ी से दरवाजा खोलने की अनुमति दी जाती है। यहां कम से कम 10 बार नैवेद्यम चढ़ाया जाता है। अभिषेकम समाप्त होने के बाद स्वामी (श्रीकृष्ण) का सिर पहले सूख जाता है। तब नैवेद्यम चढ़ाया जाता है और फिर केवल उसका शरीर सूख जाता है। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के सोने का समय 1158 बजे से दोपहर 1200 बजे तक ही है। केवल 2 मिनट! भक्तों के लिए यह मंदिर सुबह के लगभग 2 बजे खुलता है।

यह मंदिर ग्रहण के समय भी बंद नहीं होता है। शंकराचार्य के समय एक बार इस मंदिर को ग्रहण के समय बंद कर दिया गया था। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो उन्होंने पाया कि स्वामी की कमर की पट्टी नीचे खिसक गई है। उस समय आए आदिशंकराचार्य ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण बहुत भूखे थे, तब से यह मंदिर ग्रहण काल के दौरान भी बंद नही किया जाता है। कहते हैं कि जो भी यहां का थोड़ा भी प्रसाद ग्रहण कर लेते हैं, उसे ऐसा लगता है कि पेट भर गया। यहां से प्रसादम का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नही है। हर दिन 1157 बजे (मंदिर को बंद करने से पहले) पुजारी जोर से पुकारता है कि क्या कोई भी यहां है जिसने प्रसाद नहीं लिया हो?

ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति एक बार यहां का प्रसाद ग्रहण कर लेता है, वह फिर जीवन में कभी भी भूखे नहीं रहता है। मतलब यह कि उसके जीवन में भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नही होती है। यहां अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां युवा कुंआरी लड़कियां समारोहों के दौरान दीप जलाती हैं। इस मंदिर के बारे में एक कथा यह भी प्रचलित है कि महाभारत काल में जब पांडव जंगल में रहते थे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें 4 हाथ वाली अपनी प्रतिमा दी थी। जब पांडव जंगल से जाने लगे तो चेरथलाई लोगों ने यह मूर्ति उनसे ले ली। कुछ काल तक वे इसकी पूजा करते रहे लेकिन बाद में उन्होंने कुछ कारणों से इसे समुद्र में फेंक दिया। लंबे समय के बाद यह मूर्ति केरल के एक महान ऋषि को मिली, जब वे नाव से यात्रा कर रहे थे। कहते हैं कि जब उनकी नाव डूब रही थी, तब इस मूर्ति को लेकर कोई दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने यह मूर्ति उन्हें दी थी। इस मूर्ति को लाकर उन ऋषि ने उसे यहां स्थापित कर दिया। इस संबंध में और भी कहानियां प्रचलित हैं।



# मार्गशीर्ष माह में पूजें शंख को जानिए पूजन सामग्री की सूची विधि एवं मंत्र

धर्म शास्त्रों के अनुसार सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए शंख को अपने घर में स्थापित करना चाहिए। माना जाता है कि अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। अगहन के महीने में किसी भी शंख को भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य शंख मान कर उसका पूजन-अर्चन करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूरी होती हैं। विष्णु पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त हुए 14 रत्नों में से ये एक रत्न है शंख। प्रतिदिन घर में शंख पूजन करने से जीवन में कभी भी रुपए-पैसे, धन की कमी महसूस नहीं होती। इसके अलावा दक्षिणावर्ती शंख को लक्ष्मी स्वरूप कहा जाता है। इसके बिना लक्ष्मी जी की आराधना पूरी नहीं मानी जाती है। अगहन मास में खास तौर पर लक्ष्मी पूजन करते समय दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



## शंख पूजन सामग्री की सूची

*शंख *कुंमकुंम *चावल *जल का पात्र *कच्चा दूध
*एक स्वच्छ कपड़ा *एक तांबा या चांदी का पात्र (शंख रखने के लिए)
*सफेद पुष्प *इत्र *कपूर *केसर *अगरबत्ती
*दीया लगाने के लिए शुद्ध घी *भोग के लिए नैवेद्य *चांदी का वर्क आदि।

## कैसे करें पूजन

- प्रातः काल में स्नान कर स्वच्छ धुले हुए वस्त्र धारण करें।
- पटिए पर एक पात्र में शंख रखें।
- अब उसे कच्चे दूध और जल से स्नान कराएं।
- अब स्वच्छ कपड़े से उसे पोंछें और उस पर चांदी का वर्क लगाएं।
- तत्पश्चात घी का दीया और अगरबत्ती जला लीजिए।
- अब शंख पर दूध-केसर के मिश्रित घोल से श्री एकाक्षरी मंत्र लिखें तथा उसे चांदी अथवा तांबा के पात्र में स्थापित कर दें।
- अब उपरोक्त शंख पूजन के मंत्र का जप करते हुए कुंमकुंम, चावल तथा इत्र अर्पित करके सफेद पुष्प चढ़ाएं।
- नैवेद्य का भोग लगाकर पूजन संपन्न करें।
- अगहन मास में निम्न मंत्र से शंख पूजा करनी चाहिए -

*त्वं पुरा सागरोत्पन्न विष्णुना विधृतः करे।*
*निर्मितः सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोस्तु ते।*
*तव नादेन जीमूता वित्रसन्ति सुरासुराः।*
*शशांकायुतदीप्ताभ पाञ्चजन्य नमोस्तुते।*

# भारत/ऑस्ट्रेलिया : बुमराह बने कप्तान, रोहित पहले टेस्ट से बाहर, केएल राहुल करेंगे ओपनिंग

**पर्थ (एजेंसी)।** केएल राहुल ने रविवार को नेट पर बल्लेबाजी की जिससे उनकी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताएं दूर हो गईं जिससे संकेत मिलता है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी का आगाज करने के लिए तैयार हैं क्योंकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने नवजात शिशु के साथ समय बिताने के बाद एडिलेड में ही टीम से जुड़ेंगे। रोहित की अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम की अगुवाई करेंगे। वाका मैदान पर 'इंट्रा-स्क्वाड' (भारतीय खिलाड़ियों को 2 टीम में विभाजित कर अभ्यास करना) अभ्यास मैच में राहुल शुक्रवार को बल्लेबाजी करते समय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद कोहनी पर लगने के बाद चिकित्सा के लिए मैदान से बाहर चले गए थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की 5 टेस्ट की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगा जबकि दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में होगा। पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन राहुल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी से पारी का आगाज कराएगा। रविवार को 32 वर्षीय राहुल ने बिना किसी दिक्कत के बल्लेबाजी की और तीन घंटे के नेट सत्र के दौरान सभी तरह की 'ड्रिल्स' में हिस्सा लिया और काफी समय तक बल्लेबाजी भी की।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए वीडियो में राहुल ने कहा कि खेल के पहले दिन मुझे चोट लगी थी। आज मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। पहले मैच के लिए तैयार हो रहा हूं। अच्छा है कि मैं यहां जल्दी आ सका और परिस्थितियों के अनुकूल हो सका। उन्होंने कहा कि हां मुझे इस श्रृंखला की तैयारी के लिए काफी समय मिला है और मैं इसके लिए उत्साहित हूं और इसके लिए तैयार हूं। बल्कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी मुंबई से रवाना होने से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोहित के शुरुआती टेस्ट से बाहर होने की स्थिति में राहुल को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कराने का संकेत दिया था। टीम के फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन ने कहा कि राहुल उपचार के बाद ठीक हैं।

जैन ने वीडियो में कहा कि हमारे लिए सबसे अहम चीज यह सुनिश्चित करना था कि उसे कोई फ्रैक्चर नहीं हो। चोट लगे 48 घंटे हो चुके हैं और उपचार के बाद वह ठीक है। अब वह खेलने के लिए तैयार है। सहयोगी फिजियो योगेश परमार ने कहा कि उपचार में दर्द को नियंत्रण करना था। उन्होंने कहा कि मैं उसे 'एक्स-रे' और स्कैन के लिए ले गया और रिपोर्ट के आधार पर मुझे पूरा भरोसा था कि वह ठीक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दर्द को काबू में करने और उसका आत्मविश्वास दिलाने का मामला था। चिकित्सा के दृष्टिकोण से वह बिल्कुल ठीक है। भारतीय टीम ने वाका मैदान पर ट्रेनिंग खत्म कर ली है और खिलाड़ी मंगलवार से ऑप्टस स्टेडियम में मैच 'ड्रिल्स' करने के लिए जाएंगे। सोमवार को आराम का दिन है।


इस बीच भारतीय टीम प्रबंधन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल को बल्लेबाजी 'बैक-अप' के तौर पर ऑस्ट्रेलिया में रखने का फैसला किया है। देवदत्त हाल में भारत ए की टीम का हिस्सा थे जिसने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के खिलाफचार दिवसीय दो मुकाबले खेले थे। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज को हाल में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम में चुना गया



है। उन्होंने 'ए' दौरे पर 36, 88, 26 और एक रन की पारी खेली। तीन तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, खलील अहमद और नवदीप सैनी भारत ए टीम का हिस्सा थे। सैनी पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दौरान सिडनी और ब्रिसबेन में खेले थे और अब तक पारंपरिक प्रारूप में केवल दो मैच ही खेले हैं।

इसकी जानकारी रखने वाले एक करीबी सूत्र ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों से वाकिफहोने के बारे में है क्योंकि ये खिलाड़ी हाल में यहां खेल चुके हैं। देवदत्त (24 वर्ष) ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफधर्मशाला में अपना टेस्ट पदार्पण किया था और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए थे।

## रुड को हराकर एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे सिनर



**ट्यूरिन (एजेंसी)।** जैनिक सिनर अपने शानदार सत्र का अंत करने से एक कदम दूर हैं। उन्होंने कैस्पर रुड को 6-1, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

अपने ऐतिहासिक सत्र की 69वीं जीत के साथ 23 वर्षीय खिलाड़ी 2002 में 20 साल के लेटन हेविट के बाद वर्ष के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कई खिताबी मुकाबले तक पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए।

एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, सिनर और 2024 में आठवें टूर-लेवल खिताब के बीच अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज खड़े हैं। अपने पिछले 26 मैचों में से 25 मैच जीतने वाले सिनर ने राउंड-रॉबिन चरण में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया है और इस इवेंट में अपराजित चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं।

शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी 2018 में रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के बाद से बिना कोई सेट गंवाए फाइनल में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं।

एक साल पहले, सिनर ने राउंड-रॉबिन चरण में जोकोविच को हराया था लेकिन ट्यूरिन में फाइनल में सर्बियाई खिलाड़ी से हार गए थे। तब से, उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में मेजर जीते हैं और पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचने वाले इतिहास के पहले इटालियन बन गए हैं।


सिनर को उम्मीद है कि वह रविवार को फ्रिट्ज के खिलाफ खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करेंगे और अगले सप्ताह मैलागा में डेविस कप फाइनल के साथ वर्ष का समापन करेंगे। रूड ट्यूरिन में तीसरी बार सेमीफाइनल में भाग ले रहे थे, इससे पहले 2022 में फाइनल में जोकोविच से हार गए थे। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने सीजन का अंत पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में छठे स्थान पर किया, जिसमें बार्सिलोना में उनका पहला एटीपी 500 खिताब शामिल है।

## हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने जीता खिताब, उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर

**चेन्नई (एजेंसी)।** 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा पर जीत हासिल कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस बीच तीसरे स्थान के लिए संघर्ष में उत्तर प्रदेश ने मणिपुर हॉकी को हरा दिया। रोमांचक फाइनल में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा को 5-1 से हराया। रजत आकाश टिर्की (11%) ने बॉक्स के अंदर सुदीप चिरमाको की एक चतुर चाल के बाद करीब से गोल करके हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को बढ़त दिलाने का शुरुआती मौका भुनाया। तीसरे क्वार्टर में प्रताप लाकड़ा (39) ने बढ़त को दोगुना कर दिया। चौथे क्वार्टर में, शिलानंद लाकड़ा (48%, 57%, 60%) ने 12 मिनट के अंतराल में तीन गोल करके हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की जीत सुनिश्चित की। इस बीच, जोगिंदर सिंह (55%) ने फाइनल में हॉकी हरियाणा के लिए सांत्वना गोल किया। खेल के मिनट.तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में उत्तर प्रदेश हॉकी ने मणिपुर हॉकी को 2-1 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के कप्तान ललित कुमार उपाध्याय (6%) ने पहले क्वार्टर में गतिरोध तोड़ा। राजकुमार पाल की एक सटीक लंबी गेंद इक्तिदार इशरत को मिली जिन्होंने उसे स्क्वायर कर दिया। ललित कुमार उपाध्याय ने तेजी से टैप किया। तीसरे क्वार्टर में डीप, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह (43%) ने पेनल्टी कॉर्नर के परिणामस्वरूप मणिपुर हॉकी के लिए बराबरी हासिल की।

## भारतीय बल्लेबाजों के लिए कहीं फिर चुनौती न बन जाएं शॉर्ट-पिच गेंदबाजी

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने पर्थ के डब्ल्यूएसीए मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से पहले एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला। मैच में कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं कुछ के लिए शॉर्ट-पिच गेंदों ने चुनौती खड़ी कर दी। मैच में केएल राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत की। राहुल ने शॉर्ट गेंदों के खिलाफ अच्छी तकनीक दिखाई, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा की बाउंसर से उनकी कोहनी चोटिल हो गई, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। दूसरी ओर, यशस्वी ने आक्रामकता के साथ शुरुआत की, लेकिन जल्द ही स्लिप में कैच देकर आउट हो गए। विराट कोहली ने अपनी क्लास का प्रदर्शन करते हुए कुछ आकर्षक शॉट्स लगाए, लेकिन मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में कैच थमा बैठे। शुभमन गिल ने 28 रन बनाए लेकिन शॉर्ट गेंदों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे।




ऋषभ पंत, जिन्होंने शुरुआत में वादा दिखाया, थकावट के कारण संघर्ष करते नजर आए। नीतीश कुमार रेड्डी की शानदार गेंदबाजी ने पंत को बोल्ड कर दिया। गेंदबाजी विभाग में वाशिंगटन सुंदर और तनुश कोटियन ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश रेड्डी ने शॉर्ट गेंदों के जरिए बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाया।

मैच के दूसरे चरण में यशस्वी और गिल ने बेहतर बल्लेबाजी की। यशस्वी ने नाबाद 52 रन बनाए, जबकि गिल ने 42 रन बनाए। कोहली ने भी संयम दिखाते हुए 30 रन जोड़े। बल्लेबाजों ने शॉर्ट गेंदों के खिलाफ अपनी तकनीक में सुधार किया।

मैच सिमुलेशन से यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय बल्लेबाजों को शॉर्ट गेंदों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, जायसवाल और गिल का प्रदर्शन टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। रोहित शर्मा की चोट और राहुल की फिटनेस पर टीम प्रबंधन की नजर रहेगी। भारत को 2018 के पर्थ टेस्ट में मिली हार की यादें ताजा हैं। इस बार टीम का लक्ष्य मजबूत मानसिकता और तैयारियों के साथ मैदान पर उतरना होगा। पहला टेस्ट भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा लेगा। इस अभ्यास मैच ने टीम की तैयारियों के मजबूत और कमजोर पहलुओं को उजागर किया।

## राफेल के लिए ट्रॉफी जीतना मेरे सबसे बड़ी प्रेरणा है : कार्लोस अल्काराज

मलागा (स्पेन)। कार्लोस अल्काराज ने कहा है कि राफेल नडाल के लिए डेविस कप जीतना उनके लिए 'बहुत बड़ी प्रेरणा' है और वह राफा के फेयरवेल मैच में उनके साथ होने को लेकर उत्साहित हैं। नडाल ने पुष्टि की है कि डेविस कप उनके शानदार करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा और अल्कराज स्पेन के महानतम खेल आइकनों में से एक को शानदार फेयरवेल मैच देने के लिए बेताब हैं। अल्कराज ने डेविस कप फाइनल 8 मैच के लिए स्पेनिश टीम में शामिल होने के लिए मलागा में उतरने पर कहा, 'यह शायद मेरे करियर का सबसे खास टूर्नामेंट है, क्योंकि जो हो रहा है, वह बहुत बड़ी चीज है। डेविस कप हमेशा से एक ऐसा टूर्नामेंट रहा है जिसे मैं एक दिन जीतना चाहता हूं। मैं स्पेन का प्रतिनिधित्व करने के लिए जुनूनी हूं। मैंने कई बार कहा है यह दुनिया की सबसे बड़ी चीजों में से एक है और किसी भी क्षेत्र में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होना खास है। राफा का मेरे साथ होना, यह जानते हुए कि यह उसका आखिरी टूर्नामेंट है, इसे और भी खास बना देगा।' उन्होंने कहा, 'मैं टीम के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने और मदद करने की कोशिश करूंगा। अपने लिए, स्पेन के लिए और खास तौर पर राफा के लिए। कोई भी खिलाड़ी अपने अविश्वसनीय करियर को खिताब के साथ खत्म करने के लिए इससे अधिक का हकदार नहीं है। मैं जानता हूं कि डेविस कप उनके लिए कितना खास है। यह एक कठिन चुनौती होगी लेकिन राफा के लिए इसे जीतना एक बड़ी प्रेरणा है।'



## शमी के लिए 'स्पैशल संदेश' लेकर आए सौरव गांगुली, बोले- छोड़ो सैय्यद मुश्ताक...




नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली ने रणजी ट्रॉफी में चोट के बाद भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी पर खुलकर बात की और कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया जाना चाहिए और आगामी प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हिस्सा लेना चाहिए। शमी एक साल की चोट के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौट आए हैं। उन्होंने रणजी ट्रॉफी मैच में मध्य प्रदेश के खिलाफ 7 लिए। शमी के प्रदर्शन में पहली पारी में चार विकेट लेना शामिल था और उन्होंने बल्ले से भी योगदान दिया था। बहरहाल, गांगुली ने कहा कि शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की जरूरत नहीं है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए अगली फ्लाइट पकड़नी चाहिए। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि भले ही तेज गेंदबाज पर्थ टेस्ट में हिस्सा नहीं लेता है, लेकिन 34 वर्षीय खिलाड़ी बाकी सीरीज के लिए तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल्कुल। उसे जाना चाहिए। उसे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलने की जरूरत नहीं है। उसे अगली फ्लाइट से ऑस्ट्रेलिया जाना चाहिए। जाओ और नेट्स में गेंदबाजी करो। भले ही वह पर्थ में नहीं खेलेगा, फिर भी उसे गेंदबाजी करने और तैयार होने के लिए मौका मिलेगा।

## पर्थ के मैदान पर भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है नाथन लायन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा नाथन लायन का यहां पर किया गया प्रदर्शन है। पिछले 10 वर्षों से ऑस्ट्रेलिया के लिए अकेले स्पिन का मोर्चा नाथन लायन संभालते आ रहे है। वह अब तक 530 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों को अपना शिकार बना चुके हैं। नाथन लायन का पर्थ के मैदान से खास रिश्ता है।

उनके प्रदर्शन का स्तर यहां उन्हें भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा बनाता है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में नाथन लायन ने अब तक 26 विकेट लिए हैं, और यह मैदान उनके कौशल का साक्षी रहा है। 2018 में भारतीय टीम ने इसी मैदान पर एक टेस्ट मैच खेला था, जिसमें लायन ने 8 विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। उस मैच में उनकी गेंदबाजी ने भारतीय बल्लेबाजों, खासकर विराट कोहली को चौंका दिया था। लायन के प्रदर्शन की खास बात यह है कि वह अकेले स्पिनर के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का भार उठाते हैं। जहां आज के दौर के स्पिनर बल्लेबाजों की आक्रामकता से बचने के लिए सतर्क गेंदबाजी करते हैं, वहीं लायन जोखिम लेने से नहीं डरते। फ्लाइट और टर्न के साथ उनकी गेंदबाजी भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने ऐजाज पटेल और मिशेल सैंटनर जैसे साधारण स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष किया। इसे देखकर लायन की मंशा और स्पष्ट हो जाती है।


उनके हाई-आर्म एक्शन और पिच से मिलने वाले उछाल का मुकाबला करना भारतीय बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। पर्थ की पिच पर गेंदों का असमान उछाल और टर्न नाथन लायन को और घातक बनाता है। अगर भारतीय टीम ने स्पिन के खिलाफ अपनी कमजोरियों को दूर नहीं किया, तो ऑस्ट्रेलिया की यह कंगारू चुनौती और भी कठिन हो सकती है। स्पीड के लिए रणनीति तैयार करना सही है, लेकिन स्पिन के खतरे को नजरअंदाज करना भारतीय टीम के लिए महंगा पड़ सकता है। आगामी टेस्ट मैच में लायन के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें होंगी।



## ग्लेन मैक्ग्रा ने दी ऑस्ट्रेलिया टीम को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर टीम इंडिया और मेजबान ऑस्ट्रेलिया एक्शन मोड में है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर और महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को एक खास सलाह दी है। उन्होंने 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया से विराट कोहली पर दबाव बनाने पर अधिक फोकस करने के लिए कहा है। विराट कोहली ने इस साल अपने छह टेस्ट मैचों में सिर्फ 22.72 की औसत से रन बनाए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में उनके टेस्ट मैचों के औसत 54.08 से काफी कम है। कोहली इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर भारत की 0-3 की सीरीज हार में सिर्फ 91 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आए हैं। ऐसे में कोहली पहले से ही अपने खामोश बल्ले के कारण दबाव में हैं और वह हर हाल में ऑस्ट्रेलिया में कमबैक करना चाहेंगे। शुभमन गिल के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर होने की संभावना है, ऐसे में कोहली पर पर्थ की उछाल भरी और तेज पिच पर भारत के लिए एक बड़ी पारी खेलने का दबाव अधिक होगा। सीओडीई स्पोर्ट्स ने मैकग्रा के हवाले से कहा, 'अगर वह कोहली के खिलाफ कड़ी मेहनत करते हैं, अगर वह भावनाओं में बह जाएंगे, अगर मैदान पर थोड़ी बहुत बातचीत हो जाएगी, तो शायद वह खुद को संभाल लें। लेकिन मुझे लगता है कि विराट शायद थोड़ा दबाव में हैं और अगर मेजबान टीम शुरुआत में उन पर लगाम लगाती है, तो वह और अधिक दबाव में आ सकते हैं। वह काफी भावुक खिलाड़ी हैं। जब वह फॉर्म में होते हैं, तो वह अलग हैं, और जब वह अपनी लय में नहीं होते हैं, तो विराट थोड़ा संघर्ष करते हैं।' पूर्व पेसर का यह भी मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया को भारत को जीत की हैट्रिक लगाने से रोकना है, तो उन्हें अपनी आक्रामकता बढ़ानी होगी। ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है, खासकर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से हारने के बाद भारत अभी दबाव में है। हमारे पास इसका फायदा उठाने का मौका है। इसलिए उन पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं।÷ पर्थ में सीरीज के पहले मैच के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया एडिलेड (गुलाबी गेंद वाला मैच), ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में बाकी चार टेस्ट मैच खेलेंगे। यह 1991/92 सीजन के बाद से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी होगी।

## नेशंस लीग : जर्मनी ने हासिल की रिकॉर्ड जीत, नीदरलैंड भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



फ्रीबर्ग। जर्मनी ने नेशंस लीग में सबसे बड़ी जीत दर्ज करके पहला स्थान हासिल किया। जूलियन नागेल्समैन की टीम ने बोस्निया और हर्ज़ेगोविना को 7-0 से हराया। जर्मनी ने नेशंस लीग के छह साल के इतिहास में पहली बार एक मैच में सात गोल किए। इस जीत से पहले ही जर्मनी ने क्वार्टर-फाइनल में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन इस जीत ने उन्हें ग्रुप विजेता बना दिया। अब मार्च में अगले चरण में उनका मुकाबला किसी रनर-अप टीम से होगा। पहले हाफ में जमाल मुसियाला के हेडर, टिम क्लाइनडीनस्ट के डिफलेक्शन (जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था) और काई हावर्ट्ज़ के शानदार फिनिश से जर्मनी ने बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में भी जर्मनी का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, इस हार ने बोस्निया-हर्जेगोविना को लीग ए से बाहर कर दिया है। हार के बाद बोस्निया-हर्जेगोविना नेशंस लीग के दूसरे स्तर पर चला जाएगा। दूसरी तरफ, तुर्किये और वेल्स के मैच में 0-0 का ड्रॉ रहा। अब ग्रुप बी4 में पहले और दूसरे स्थान की टीमों के बीच सिर्फ दो अंकों का अंतर है। वहीं, स्वीडन ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर लीग बी में प्रमोशन पक्का कर लिया। इसके अलावा एक दूसरे मैच में नीदरलैंड ने हंगरी पर शानदार 4-0 की जीत के साथ यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले हाफ में वाउट वेघोर्स्ट और कोडी गक्पो ने दो पेनल्टी गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। फिर डेंजल डम्फ्रीज ने 60वें मिनट के बाद तीसरा गोल कर दिया। इसके बाद आखिरी क्षणों में सब्स्टीट्यूट ट्यून कूपमाइनर्स ने डम्फ्रीज के सटीक क्रॉस पर हेडर से चौथा गोल कर मैच का स्कोर 4-0 कर दिया। इस तरह नीदरलैंड ने 4-0 की जीत के साथ नेशंस लीग क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हंगरी के स्टाफ मेंबर एडम सालाई अचानक बीमार पड़ने के कारण जोहन क्रुइजफ एरिना में खेले गए इस मैच को शुरुआत में कुछ समय के लिए रोका गया था। हालांकि, उनकी हालत स्थिर होने के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ।

## आईपीएल नीलामी में बचे 574 खिलाड़ी, 81 खिलाड़ियों का दो करोड़ है बेस प्राइस

**-366 भारतीय और 208 विदेशी, तीन खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 संस्करण के लिए आगामी मेगा प्लेयर नीलामी 24 और 25 नवंबर, 2024 को जेद्दा सऊदी अरब में होगी। बोली के लिए इंग्लैंड के जोस बटलर के साथ दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, भारत के अर्शदीप सिंह, ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, स्पिनर युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज भी तैयार हैं। यह सभी खिलाड़ी दो करोड़ रुपए के बेस प्राइस के साथ रजिस्टर हुए हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग ने 2025 संस्करण के लिए बहुप्रतीक्षित खिलाड़ी नीलामी सूची जारी हो चुकी है। इसमें कुल 574 खिलाड़ी सऊदी अरब में मेगा नीलामी में शामिल होंगे। नीलामी सूची में शामिल 574 खिलाड़ियों में से 366 भारतीय और 208 विदेशी दावेदार हैं, जिनमें एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीलामी में 318 भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी और 12 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे।

नीलामी इस बार खास होगी क्योंकि ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स, श्रेयस अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स और केएल राहुल को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने रिटेन नहीं किया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि दो करोड़ रुपए उच्चतम आरक्षित मूल्य है, जिसमें 81 खिलाड़ियों ने उच्चतम ब्रैकेट में रहने का विकल्प चुना है। 27 खिलाड़ी हैं जिनका आरक्षित मूल्य 1.50 करोड़ है, जबकि 18 खिलाड़ी 1.25 करोड़ रुपए के आरक्षित मूल्य के साथ मेगा नीलामी में शामिल हो रहे हैं।

नीलामी की शुरुआत में दो मार्की प्लेयर सेट होंगे। बटलर, श्रेयस अय्यर, पंत, रबाडा, अर्शदीप सिंह और स्टार्क मार्की सेट एक में होंगे, जबकि मोहम्मद शमी, चहल, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मिलर, मोहम्मद सिराज और केएल राहुल मार्की सेट 2 में होंगे। फ्रेंचाइजी ने कुल 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है और कुल मिलाकर 558.5 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

पिछले साल की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और उद्घाटन सीजन के विजेता राजस्थान रॉयल्स ने छह-छह खिलाड़ियों को सुरक्षित करते हुए पूर्ण रिटेंशन का विकल्प चुना था। चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जाइंट्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने 4, 3 और 2 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

आईपीएल खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर 4 नवंबर को बंद हो गया है, जिसमें कुल 1574 खिलाड़ियों जिसमें 1165 भारतीय और 409 विदेशी ने टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए मेगा नीलामी का हिस्सा बनने के लिए साइन अप किया था।




## राहुल सहित भारतीय खिलाड़ियों ने अभ्यास किया

वाका। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने रविवार को यहां जमकर नेट अभ्यास किया। राहुल ने लगभग तीन घंटे अभ्यास किया। 2 दिनों के मैच सिमुलेशन के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने वाका की मुख्य विकेट और नेट्स पर ये अभ्यास किया। राहुल ने एक घंटा मैदान पर बिताने के बाद नेट्स पर भी अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी होते हुए नहीं दिखी। राहुल को यहां इससे पहले अभ्यास के दौरान गेंद लग गयी थी जिससे उनकी फटनेस पर सवाल उठाये जा रहे थे। अभ्यास के दौरान हालांकि उनकी लय वैसी नहीं थी जैसी सिमुलेशन मैच के दौरान चोट लगने से पहले दिखी थी। वहीं शुभमन गिल चोटिल होने के कारण अभ्यास में नहीं आये। राहुल और शुभमन दोनों को ही इंट्रा स्क्वैड सिमुलेशन मैच के दौरान चोट लगी थी। शुक्रवार को बल्लेबाजी के दौरान राहुल की कोहनी पर चोट लगी थी जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वहीं शुभमन को अंगूठे में चोट सिमुलेशन मैच के दूसरे दिन स्लिप में क्षेत्ररक्षण के दौरान लगी थी। इससे वह पहले टेस्ट से बाहर हो गये हैं। सिमुलेशन मैच के दौरान प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली ने बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की और 15 और नाबाद 30 का स्कोर बनाया। हालांकि शॉर्ट गेंदों पर वह संघर्ष करते नजर आए।

## अग्निकांड में एक और नवजात की मौत

झांसी। झांसी अग्निकांड में रेस्क्यू किए गए एक और नवजात की मौत हो गई। हालांकि, डीएम अविनाश कुमार ने कहा कि नवजात की मौत बीमारी की वजह से हुई है। उसे बर्न इंजरी नहीं थी। इधर, अग्निकांड की पहली जांच रिपोर्ट अब 12 घंटे में नहीं आएगी। सरकार ने जांच के बीच ही कमेटी बदल दी। पहले जांच की जिम्मेदारी झांसी के मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे को दी गई थी। अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह को जांच सौंपी गई है। मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी रिपोर्ट नहीं देगी। उन्होंने शनिवार को पीड़ित परिवारों और हॉस्पिटल स्टाफ के बयान दर्ज किए थे। हालांकि कमेटी क्यों बदली? इसे लेकर सरकार ने कोई जानकारी नहीं दी गई।

## नवनीत राणा पर भीड़ का हमला

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा पर 16 नवंबर की रात करीब 10 बजे हमला हुआ। अमरावती की पूर्व सांसद नवनीत दरियापुर निर्वाचन क्षेत्र के खल्लर गांव में भाजपा उम्मीदवार रमेश बुंदिले के लिए वोट मांगने पहुंची थीं। भीड़ ने वहां कुर्सियां फेंकी और अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए और हंगामा किया। नवनीत ने कहा कि हम खल्लर में शांतिपूर्ण तरीके से प्रचार कर रहे थे। मेरे भाषण के दौरान कुछ लोगों ने अभद्र इशारे किए। नवनीत ने कहा कि हमले में पार्टी के कई लोग घायल हुए। मुझ पर थूका गया, जो एक सुरक्षाकर्मी की वर्दी पर गिरा। सुरक्षाकर्मियों ने मुझे बचाया। हमने शिकायत दर्ज कराई है। अगर जल्द ही किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अमरावती का पूरा हिंदू समुदाय यहां इकट्ठा होगा। अमरावती ग्रामीण एसपी विशाल आनंद ने कहा कि इस मामले में 45 लोगों के खिलाफ दंगा, हत्या के प्रयास और भारतीय न्याय संहिता और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। 3 लोगों को हिरासत में हैं। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे हमलावरों की पहचान की जा रही है।

## वैष्णों देवी यात्रा होगी आसान, 32 ट्रेनों का जम्मू तक विस्तार की तैयारी

जम्मू । मां वैष्णो देवी यात्रा आसान करने के लिए भारतीय रेल 32 ट्रेनों के विस्तार की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक जनवरी माह में ट्रेन परिचालन शुरू हो सकता है। इसकी तैयारी तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। बता दे कि वंदे भारत एक्सप्रेस श्रीनगर तक जाने वाली पहली ट्रेन होगी। बता दे कि रेलवे ने उन ट्रेनों का आंकलन शुरू कर दिया है, जिनका विस्तार जम्मू व श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से आगे श्रीनगर तक किया जाना है। रेलवे सूत्रों के अनुसार जिन ट्रेनों का विस्तार करने की योजना बनाई गई है उनमें करीब 32 ट्रेनों को श्रीनगर तक लाया जाएगा। इनमें ट्रेन संख्या 12425-26 नई दिल्ली से जम्मूतवी, ट्रेन संख्या 16787-88 तिरुनेलवेली से माता वैष्णो देवी कटरा, ट्रेन संख्या 16317-18 कन्या कुमारी से माता वैष्णो देवी कटरा, ट्रेन संख्या 19803-04 कोटा से माता वैष्णो देवी कटरा, ट्रेन संख्या 12331-32 हावड़ा से जम्मूतवी, ट्रेन संख्या 12445-46 नई दिल्ली से माता वैष्णो देवी कटरा, ट्रेन संख्या 16031-32 चेन्नई सेंट्रल से माता वैष्णो देवी कटरा, ट्रेन संख्या 11449-50 जबलपुर से माता वैष्णो देवी कटरा आदि ट्रेनें शामिल हैं।

## डिश टीवी के दिवाली कैंपेन के दूसरे विजेता की हुई घोषणा, चंद्रदीप प्रस ने जीता टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटर



पटना : दिवाली खत्म हो चुकी है, लेकिन भारत की अग्रणी कंटेंट वितरण कंपनी, डिश टीवी, अपने 'डिश की दिवाली' कैंपेन के जरिए इस त्योहारी जोश को बनाए हुए है, जो ग्राहकों के लिए शानदार इनाम और गारंटीड उपहार लेकर आया है। अक्टूबर से शुरू हुए इस कैंपेन में देशभर से जोशपूर्ण भागीदारी देखने को मिली है। हाल ही में डिश टीवी ने अपने दूसरे साप्ताहिक लकी ड्रॉ के विजेता की घोषणा की है जो हैं बिहार के गया में रहने वाले श्री चंद्रदीप प्रस, जिन्होंने नया टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटर जीतकर इसे उनके और उनके परिवार के लिए यादगार बना दिया है। 'डिश की दिवाली' कैंपेन के तहत डिश टीवी और डी2एच ग्राहकों को विभिन्न लाभ मिलते हैं, जिनमें आकर्षक कैशबैक और वॉचो मैक्स प्लान के माध्यम से एक महीने का मुफ्त ओटीटी सब्सक्रिप्शन शामिल है। नए और पुराने दोनों ग्राहक अपने खाते को रिचार्ज कर या नई कनेक्शन खरीद कर, इस लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते हैं। इस लकी ड्रॉ में स्कूटर, कार जैसे शानदार इनाम शामिल हैं। अपनी जीत पर खुशी जताते हुए श्री चंद्रदीप प्रस ने कहा, मैं करीब 20 सालों से डिश टीवी का वफादार ग्राहक रहा हूं और यह बेहद शानदार अनुभव रहा है। जब मैंने दिवाली कैंपेन के बारे में सुना, तो मैंने तुरंत रिचार्ज किया ताकि मैं इसका हिस्सा बन सकूं। हमें जीतने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जब जीत की खबर मिली तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। डिश टीवी ने हमारे दिवाली को और भी खास बना दिया। मैं डिश टीवी का धन्यवाद करता हूं और आशा करता हूं कि और भी लोग इस खुशी का अनुभव करें। डिश टीवी और वॉचो के मार्केटिंग हेड, सुखप्रीत सिंह ने कहा, हमारा 'डिश की दिवाली' कैंपेन देशभर में हमारे वफादार ग्राहकों के चेहरे पर खुशी लाने के उद्देश्य से बनाया गया है। हमने अभूतपूर्व भागीदारी और देशभर से मिले प्यार को देखकर वह खुशी महसूस की है। जैसे-जैसे हम इस कैंपेन के समापन की ओर बढ़ रहे हैं, हम बंपर ड्रॉ के लिए उत्साहित हैं, जिसमें और भी बड़े इनाम होंगे। हमारा उद्देश्य यही है कि हम सभी के चेहरे पर खुशियां लेकर आए, संबंध मजबूत करें और उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव दें।

# 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे , बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता व संकल्प का प्रतीक: मौर्य



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य में नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बटेंगे तो कटेंगे का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। मौर्य ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए यह भी साफ किया कि पार्टी का नारा 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' ही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) की 'गालियों' का जवाब उसी तरह देना है, जैसे 'भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था।

मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्पष्ट संदेश और उनके भाषणों से उभरे नारे- 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे'-हम सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने सफाई दी, भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। यह नारा मुझ जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिल की आवाज़ है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का नारा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे ही है। पोस्ट में मौर्य ने पूछा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) और कांग्रेस को इस एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा है? अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है, तो इलाज कराएं और दवा ले लें।

इससे पहले शनिवार को प्रयागराज में आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर किए गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने नाराज स्वर में कहा था, 'मुख्यमंत्री कोई संबोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो? आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, 'अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे। भारत में आज सबसे बड़ी चुनौती जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं।' उप मुख्यमंत्री ने रविवार को एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, सपा और उनके मुखिया श्री अखिलेश यादव एंड कंपनी द्वारा फैलाए गए फर्जी 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की गालियों का जवाब हमें उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था। मौर्य ने कहा कि 2024 (उपचुनाव) में 'कमल' खिलाकर 'साइकिल' को ऐसा पंचर करना है कि सपा के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाए। उन्होंने कहा कि सपा को 2014 (लोकसभा), 2017 (उप्र विधानसभा), 2019 (लोकसभा) और 2022 (प्रदेश विधानसभा) चुनावों में मिली करारी हार के घाव जो अब भी ताजे हैं तथा उन्हें और गहरा करते हुए इस बार समाजवादी पार्टी को 'समाप्तवादी पार्टी' बनाने का काम करना है।

## न्यूयॉर्क से भारत लौटी एक करोड़ डॉलर की 1400 मूर्तियां

जयपुर। न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में रखी एक मूर्ति वापस भारत आ गई है। ये वो मूर्ति है जो राजस्थान के एक गांव से 1960 में चुराई गई थी। अमेरिका ने भारत की 1,400 से अधिक सांस्कृतिक धरोहरों को वापस किया है, जिनकी कुल कीमत लगभग 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग एक करोड़ डॉलर) बताई जा रही है। इनमें से एक महत्वपूर्ण वस्तु मध्य प्रदेश से 1980 के दशक में चुराई गई बलुआ पत्थर की मूर्ति है, जिसे लंदन के रास्ते तस्करी कर म्यूजियम में दान किया गया था। एक अंग्रेजी अखबार के अनुसार, न्यूयॉर्क के मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय में बुधवार को भारत से लूटी गई कलाकृतियां लौटाई गईं। इस अवसर पर भारतीय महावाणिज्य दूतावास के मनीष कुल्हारी और न्यूयॉर्क सांस्कृतिक संपत्ति, कला और पुरावशेष समूह की होमलैंड सुरक्षा जांच की पर्यवेक्षक एलेक्जेंड्रा डीअर्मास भी मौजूद थीं। मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन एल ब्रैग जूनियर ने इस मौके पर कहा कि इस विशेष समारोह में कुल 1,440 पुरावशेष भारत को लौटाए गए हैं, जिनका कुल मूल्य एक करोड़ अमेरिकी डॉलर है। भारत से लूटी गई इन पुरावशेषों की वापसी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, खासकर जब से इनकी तस्करी के मामलों में कुख्यात अपराधियों जैसे नैन्सी वीनर और सुभाष कपूर का हाथ था। इन तस्करों को मिलियन डॉलर की लूटपाट करने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। संघीय होमलैंड सुरक्षा जांच के न्यूयॉर्क प्रभारी विशेष एजेंट विलियम वॉकर ने कहा कि यह वापसी उन कुख्यात तस्करों के खिलाफ हुई जांच की एक बड़ी जीत है, जो भारतीय कलाकृतियों की अवैध तस्करी में शामिल थे। गौरतलब है कि अमेरिका ने अब दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से चुराई गई कलाकृतियों को वापस करने की पहल शुरू की है, और भारत को जल्द ही 600 से अधिक अन्य प्राचीन वस्तुएं भी वापस मिलेंगी। इस वापसी से न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा होगी, बल्कि यह भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक सहयोग और साझेदारी को भी मजबूत करेगा।

## बीजेपी नेता जायसवाल के बिगड़े बोले, राहुल गांधी दिमाम से कमजोर... इसलिए उन्हें पप्पू कहते



पटना (एजेंसी)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे, बक्सर में धर्म परिवर्तन की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी पर प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल ने कहा है कि राहुल गांधी क्या कहते हैं और क्या करते हैं, यह पूरा देश जानता है, लेकिन उन्हें इसका अहसास नहीं है। उम्र के हिसाब से राहुल गांधी का दिमाग जितना विकसित होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। उनका दिमाग कमजोर है। इसकारण उनकी पार्टी के लोग भी उन्हें पप्पू कहते हैं। हम उस व्यक्ति की बातों पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते, जिसने अपने जीवन में कभी एक भी अच्छा काम नहीं किया।

शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे के सवाल जायसवाल ने कहा है कि ठाकरे जब तक भारतीय जनता पार्टी के साथ थे, तब तक वे इस गठबंधन में रहकर बहुत खुश थे। लेकिन राजनीति में लोग परिस्थितियों के हिसाब से अपनी भाषा बदल लेते हैं। आज वह भी यही कर रहे हैं। उद्धव अपने पिता की विचारधारा के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। इसकारण महाराष्ट्र की जनता उन्हें देर-सवेर जवाब जरूर देगी। जायसवाल ने बक्सर में धर्म परिवर्तन की घटना पर कहा है कि धर्म परिवर्तन की खबरें परेशान करती हैं। इस तरह के जघन्य कृत्य में शामिल लोग किसी को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराकर बहुत बड़ा पाप कर रहे हैं। बक्सर की कहानी, जैसा कि वीडियो फुटेज में दिखाया गया है, दिल दहलाने वाली है। मेरा मानना है कि इसतरह के लोगों को मौत की सजा मिलनी चाहिए।

# मनोज तिवारी का बड़ा हमला, दिल्लीवालों को 10 साल से मौत परोसा रही आप सरकार

### कांग्रेस में सिर्फ सोनिया गांधी की जय के नारे लगते



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली प्रदूषण, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर कांग्रेस नेता नितिन राउत के आरोप, आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर के सनातन बोर्ड बनाने के सुझाव पर प्रतिक्रिया दी है।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर भाजपा सांसद तिवारी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने कभी दिल्ली के लोगों के कल्याण की परवाह नहीं की। वे दिल्लीवासियों को जहरीली हवा और प्रदूषित पानी परोस रहे हैं। सीधे-सीधे कहूं तब आम आदमी पार्टी पिछले दस सालों से लोगों को मौत परोस रही है। इस प्रदूषण के कारण दिल्ली के निवासियों की उम्र 10 से 12 साल कम हुई है। लोग प्रदूषित वातावरण से थक चुके हैं। इसलिए हम दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहते हैं कि आगामी विधानसभा में बहुत कम समय है, चलिए साथ मिलकर दिल्ली को संवारने का काम करते हैं।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देशमुख पर कांग्रेस नेता राउत के आरोपों पर भाजपा सांसद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस में सिर्फ सोनिया गांधी की जय के नारे लगते हैं। वे भारत माता की जय जैसे नारे नहीं लगाते या जय भीम जैसे नारे। यह भारतीय जनता पार्टी है जो जय श्री राम, जय भीम और भारत माता की जय कहकर बड़ा दिल दिखाती है। हम भी कहते हैं सबका साथ, सबका विकास। आध्यात्मिक गुरु ठाकुर के सनातन बोर्ड बनाने के सुझाव पर भाजपा सांसद ने कहा है कि यह अच्छी बात है। हम संतों का बहुत सम्मान करते हैं। भारतीय जनता पार्टी अपने देश की संस्कृति के अनुरूप आवाज उठाने वालों की बात ध्यान से सुनती है। सनातन बोर्ड के गठन के संबंध में उचित समय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## सैक्स और पैसे की दम पर कराई जा रही बांग्लादेशी घुसपैठ, ईडी के हाथ लगे कई सबूत

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव में बांग्लादेशी घुसपैठ मुद्दा बन गया है। यहां अधिकांश राजनैतिक दलों के भाषण की शुरुआत ही घुसपैठ से होती है। इसी बीच रांची में हुई ईडी की छापेमारी में कई सबूत ऐसे हाथ लगे हैं जो बांग्लादेशी घुसपैठ के सबूत के तौर पर देखे जा रहे हैं। ईडी को मोबाइल चैट से पैसों के लेनदेन के बड़े सबूत मिले हैं। बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ कराने के बाद बड़े पैमाने पर देह व्यापार व देश विरोधी गतिविधियों में लगाने की बात ईडी ने कही है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों व जिन संदिग्धों के मोबाइल ईडी ने जब्त किए हैं, उनके मोबाइल में बड़े पैमाने पर पैसों के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। ईडी को इस केस में मनीषा राय व झुमा की तलाश है। झुमा बांग्लादेशी युवती है, जबकि मनीषा राय पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। चार जून को रांची पुलिस की छापेमारी के दौरान झुमा बाली रिसॉर्ट से मौके से निकल भागी थी। वहीं, इस दौरान तीन बांग्लादेशी युवतियों को रिसॉर्ट से बरामद किया गया था। मनीषा के मोबाइल नंबर से भी कई बांग्लादेशी व भारत के दलालों के साथ लगातार संपर्क की बात सामने आयी है। ईडी अब सोमवार से इस केस में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक रॉनी मंडल, संदीप चौधरी, पश्चिम बंगाल निवासी पिंटू हलधर व पिंकी नाम की युवती से पूछताछ करेगी।

# चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों को भेजा नोटिस

**– चुनाव आयोग ने 18 नवंबर को दोपहर एक बजे तक जवाब भेजने को कहा**




नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग पत्र भेजकर दोनों दलों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतों पर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के नेताओं को सोमवार 18 नवंबर को दोपहर एक बजे तक जवाब भेजने को कहा है। यह कारवाई महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत किए जाने के बाद हुई है। भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान वाली टिप्पणी पर शिकायत दर्ज कराई थी। भाजपा ने उनके भाषण को झूठ से भरा और तथ्यहीन बताया था। भाजपा ने चुनावी राज्य महाराष्ट्र में एक रैली में गांधी के कथित 6 नवंबर के भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर संविधान को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता महाराष्ट्र के युवाओं को भड़का रहे हैं जो देश की एकता और अखंडता के लिए बेहद खतरनाक है। वहीं, कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर धनबाद में एक चुनावी रैली के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और उसके सहयोगियों के बारे में झूठे, विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय बयान देने का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि अमित शाह द्वारा दिए गए बयानों का एकमात्र उद्देश्य धर्म और जाति के आधार पर मतदाताओं को भड़काना है, ताकि वोटों को एकजुट किया जा सके लोगों को भड़काकर उन्हें भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित किया जा सके। चुनाव आयोग ने पार्टी प्रमुखों को लोकसभा चुनाव के दौरान जारी की गई अपनी सलाह की भी याद दिलाई, जिसमें पार्टियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था कि उनके स्टार प्रचारक प्रचार के दौरान सार्वजनिक शिष्टाचार बनाए रखें और आदर्श आचार संहिता का पालन करें।

## पन्नू की हत्या की कोशिश करने के आरोपी विकास यादव ने दिल्ली हाईकोर्ट में दिया आवेदन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश करने के आरोपी विकास यादव ने दिल्ली की कोर्ट में एक आवेदन दाखिल कर कहा है कि उन्हें सुनवाई में हाजिर होने से छूट दे दी जाए। यादव को कहना है कि उनकी सारी डीटेल बाहर आ गई है, इसकारण जान पर खतरा बना हुआ है। कोर्ट ने फिलहाल उन्हें छूट देकर 3 फरवरी 2025 को हाजिर होने का आदेश दिया है।

18 दिसंबर 23 को विकास को उगाही और किडनैपिंग के मामले में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके पहले ही अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने विकास का नाम आंतकी पन्नू की हत्या में शामिल साजिश करने वाले के तौर पर लिया था। विकास को अप्रैल 2014 में जेल से जमानत पर रिहा किया गया। इसके बाद 18 अक्टूबर को एफबीआई ने उन्हें वॉन्टेड घोषित कर दिया।

आरोप लगाया गया था कि भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय ने विकास को नियुक्त किया था जो कि पीएमओ का ही हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि अब विकास भारत सरकार के कर्मचारी नहीं हैं। कोर्ट में पेश दो पेज के आवेदन में यादव ने कहा कि उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इतना ही नहीं उनके फोटोग्राफ, घर का पता और अन्य तस्वीरें भी अब सार्वजनिक हो गई हैं। इसके बाद उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर खतरा है। उनकी जान पर बनी हुई है।

शनिवार को यादव का आवेदन कोर्ट के सामने लिस्ट हुआ था। कोर्ट ने इस बार सुनवाई में हाजिर होने से छूट देकर कहा कि अगली सुनवाई में हाजिर होना होगा। मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को होनी है। बता दें कि रोहिणी के रहने वाले एक व्यापारी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि विकास यादव का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन है और वह उगाही और किडनैपिंग में शामिल है।

# सिद्धारमैया ने पीएम मोदी को दी चुनौती बोले- आरोप सिद्ध कर दिए तो राजनीति छोड़ दूंगा

मुंबई (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महाराष्ट्र के चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि पीएम साहब एक भी आरोप सिद्ध कर दें तो मैं हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगा। शनिवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में सीएम सिद्धारमैया ने चुनौती दी कि प्रधानमंत्री को अपने आरोप साबित करें। बता दें कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। सीएम सिद्धारमैया ने शनिवार को सोलापुर में महा विकास अघाड़ी के लिए प्रचार करने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पीएम मोदी के आरोपों को सरासर झूठ बताया और चुनौती भी दे डाली। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी आते हैं और सफेद झूठ बोलकर चले जाते हैं। अगर वह अपने आरोप साबित कर देंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। आखिर मोदी मेरी चुनौती को स्वीकार क्यों नहीं करते हैं? क्या उन्हें किसी बात का डर है? सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम मोदी दावा कहते हैं कि कल्याण गारंटी अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। मगर, भाजपा ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में चुनावों के दौरान इसी तरह की गारंटी दी थी। आखिर प्रधानमंत्री झूठ का सहारा क्यों ले रहे हैं? मोदी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं भी दिखाई हैं। इसके तहत अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं हुआ।

सोलापुर में कुछ दिनों पहले ही पीएम मोदी की चुनावी रैली हुई थी। इस दौरान उन्होंने कहा, 'आप सब देख रहे हैं कि अघाडी में कैसे भगदड़ मची हुई है। अभी से अ में मुख्यमंत्री पद के लिए खींचतान, नूराकुश्ती चल रही है। उन्होंने कहा कि एक पार्टी पूरे दिन अपने नेता को मुख्यमंत्री बताने में लगी रहती है। दूसरी पार्टी और कांग्रेस वाले उनकी दावेदारी खारिज करने में लगे रहते हैं। चुनाव से पहले जिनका ये हाल है, वो आघाडी वाले महाराष्ट्र को कभी भी स्थिर सरकार नहीं दे सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये एमवीए वाले जिस गाड़ी पर चल रहे हैं, वह ऐसी गाड़ी है जिसमें न पहिये हैं और ना ही ब्रेक है। उन्होंने कहा, 'कौन चलाएगा, इसके लिए मारामारी है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**